पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

35 YEARS

बिलासपुर, सोमवार, 19 मई 2025 | वर्ष – 35 | अंक –19 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.



■ विदेश जाएं मोदी का जयगान करें थरूर, मगर कांग्रेस छोड़कर!
■ आ रहे हैं घर सभी जद में... पृष्ठ 4

■ फिलिस्तीन और मिस्र की इजरायल से अपील, तुरंत रोके 'गाजा' पर हमले
■ डोनाल्ड ट्रंप ने शांति स्थापित कराने का झूठा दावा किया : खामेनेई पृष्ठ 9

पाओलिनी ने गॉफ को हराकर ऐतिहासिक रोम खिताब जीता पृष्ठ 10

# हैदराबाद में आग से 17 की मौत

## चारमीनार के पास इमारत में लगी आग, मरने वालों में आठ बच्चे भी शामिल

**हैदराबाद**, 18 मई (एजेंसियां)। हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी।

■ घटना के समय 3 से ज्यादा लोग थे





**शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह**

आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। अग्निशमन विभाग का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**लोग बाहर नहीं निकल सके**

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

**मुआवजे का किया ऐलान**

घटना पर प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएमओ ने एक्स पर लिखा – हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं।

पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2–2 लाख रुपए और घायलों को 50–50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।


### अग्निकांड पर सीएम साय ने जताया शोक, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** भीषण अग्निकांड को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मृतकों के प्रति संवेदना और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

# पासपोर्ट के लिए अब नहीं जाना होगा कार्यालय

**रायपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। समय के साथ सुविधाएं लोगों को घर–द्वार में मिल रही हैं। इस कड़ी में पासपोर्ट भी शामिल हो गया है, जिसके लिए अब आपको कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही पासपोर्ट से जुड़े काम हो जाएंगे। सरकार ने अब घर बैठे ही फिंगर प्रिंट्स और बायोमेट्रिक स्कैनिंग मशीन, दस्तावेजों की जांच, फोटो खींचने समेत सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराने जा रही है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट बनाने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए लोगों को सुविधा के लिहाज से पासपोर्ट मोबाइल वैन चला रही है। इस हाईटेक वैन में पासपोर्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤




■ घर में ही होगी बायोमेट्रिक स्कैनिंग और दस्तावेजों की जांच

**19 साल में 6 लाख पासपोर्ट**

रायपुर में 2007 में पासपोर्ट दफ्तर खुलने के पहले तक लोगों को नया पासपोर्ट बनवाने के लिए भोपाल जाना पड़ता था। पहली बार दफ्तर खुला तो उस वर्ष 45 पासपोर्ट बने थे। इसके बाद हर साल पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या बढ़ती गई। पिछले तीन साल से हर साल 50 हजार से ज्यादा लोग पासपोर्ट बनवा रहे हैं।

**जहां दफ्तर नहीं, वहां सुविधा पहले**

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल वैन शुरू की जा रही है। इसमें पासपोर्ट बनाने के सारे काम होंगे। लोगों को सेंटर तक नहीं जाना होगा। शुरुआत में इस वैन को वहां चलाया जाएगा, जहां पासपोर्ट दफ्तर नहीं है।

**ऑनलाइन पता चलेगा कब–कहां आएगी गाड़ी**

मोबाइल वैन से पासपोर्ट बनवाने के लिए लोगों को अलग से अपॉइंटमेंट दिया जाएगा, लोग सुविधा के अनुसार टाइम स्लॉट बुक करा सकेंगे। दिन भी चुन सकेंगे। अपॉइंटमेंट बुक करने से लेकर दस्तावेज सत्यापन तक की प्रक्रिया सरल और तेज होगी।

**ऐसे करेंगे आवेदन**– आवेदकों को passportindia dot gov dot in वेबसाइट पर लॉग इन कर स्लॉट बुक करना होगा। अलग–अलग प्रक्रियाओं में मोबाइल वैन के ऑप्शन को सिलेक्ट करना होगा। स्लॉट बुक होने के बाद वैन तय समय पर इलाके में पहुंचेगी। जहां प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तीन दिन में तत्काल पासपोर्ट

विदेश जाने वालों की संख्या हर साल बढ़ रही है। पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया आसान हुई है। तत्काल पासपोर्ट तीन दिन में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए शुल्क 3500 रुपए ही है। सामान्य पासपोर्ट के लिए 1500 रुपए शुल्क लिया जाता है। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दो हफ्ते में इसे जारी कर दिया जाता है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल वैन शुरू की जा रही है। इसमें पासपोर्ट बनाने के सारे काम होंगे। लोगों को सेंटर तक नहीं जाना होगा। शुरुआत में इस वैन को वहां चलाया जाएगा जहां पासपोर्ट दफ्तर नहीं है। ताकि लोग घरों के सामने ही पासपोर्ट बनवा सकें।

## सार संक्षेप

### प्रोटोकॉल टूटने से भारत के मुख्य न्यायाधीश नाराज

**मुंबई।** महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय वकील सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर महाराष्ट्र के प्रोटोकॉल पर नाराजगी जताते हुए कहा, जब भारत के मुख्य न्यायाधीश पहली बार राज्य की यात्रा पर आते हैं और राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक व मुंबई पुलिस आयुक्त उपस्थित नहीं होते तो यह केवल प्रोटोकॉल का नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं के आपसी सम्मान का विषय है।

### मायावती ने भतीजे पर फिर जताया विश्वास

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी है। मायावती ने आकाश आनंद पर भरोसा जताते हुए फिर बसपा का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया है। साथ ही उन्हें देश में पार्टी के आगे के कार्यक्रम भी दिए गए।

### सीजफायर की कोई समाप्ति तारीख नहीं : सेना

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के प्रत्येक नागरिक खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लाखों नागरिकों की जान में जान उस समय आई जब सेना ने इसे प्रति घोषणा करके आश्वस्त किया कि 1 मई को आरंभ हुए सीजफायर की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है और अब इस मुद्दे पर पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होनी है।

### इसरो का ईओएस-09 मिशन हुआ फेल

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-9 मिशन तीसरे चरण में चूक गया। इसकी जानकारी इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने दी। इसे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) से लॉन्च किया गया था, जो कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। आधिकारिक एक्स पोस्ट में बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिससे वो चूक गया।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की छह दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कार्यक्रम की घोषणा की।

**आबकारी घोटाला मामला**

## सरकार ने दी 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की अनुमति

**रायपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के बीच सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। राज्य सरकार ने इस घोटाले में संलिप्त 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दे दी है, जिससे अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।




ईओडब्ल्यू ने एफआईआर में कुल 36 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जांच के दौरान ब्यूरो ने कई अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है। अब अभियोजन की स्वीकृति के बाद इन अधिकारियों की जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि इस घोटाले में कई राजनेता, पूर्व आईएएस अधिकारी और कारोबारी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं. शासन से मिली मंजूरी के बाद ईओडब्ल्यू द्वारा शनिवार को राज्यभर में 13 ठिकानों पर छापेमारी भी की गई थी, जिससे जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।

**नक्सल विरोधी अभियान पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा आरोप**

## राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध, मेरे पास है प्रमाण

**जगदलपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी है। नक्सलियों की मांद माने जाने वाले कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सुरक्षा बल एक बड़ा अभियान छेड़े हुए हैं। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पीठ पीछे गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है।



इस अभियान में तेलंगाना सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें शक है कि राहुल गांधी पीठ पीछे गड़बड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के सबसे बड़े संकटों में से एक है, और इसमें भी राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध लगती है। मेरे पास इसके प्रमाण मौजूद हैं, जिनके आधार पर मैं यह बात कह रहा हूं।

## लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

**इस्लामाबाद**, 18 मई (एजेंसियां)। आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब लश्कर–ए–तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। लश्कर–ए–तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि रजाउल्ला को पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा भी मुहैया कराई हुई थी। वह रविवार दोपहर को सिंध के मतली स्थित अपने घर से कहीं जाने के लिए बाहर निकला था। एक क्रॉसिंग के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने रजाउल्ला की गोली मारकर हत्या कर दी। सैफुल्लाह लंबे समय तक नेपाल में फर्जी पहचान के साथ छिपकर रहा था और अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियों को सैउल्लाह के नेपाल में छिपे होने की जानकारी हुई तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया। पाकिस्तान में पिछले कुछ महीनों के दौरान अज्ञात बंदूकधारी कई आतंकियों ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



■ आरएसएस मुख्यालय पर हमले का था मुख्य साजिशकर्ता

**इन हमलों में थी अहम भूमिका**

सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है। इससे अलावा, उसे रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमले और 2005 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस बेंगलुरू में हमले का भी साजिशकर्ता बताया जाता है। दावा किया जा रहा है कि सैफुल्लाह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा का सहयोगी था।

**स्टालिन ने गैर–भाजपा शासित मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र**

## राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से पूछे सवालों का विरोध करें


**चेन्नई**, 18 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, झारखंड, पंजाब और जम्मू–कश्मीर (सभी गैर–भाजपा शासित राज्य) के 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से मांगे गए संदर्भ का विरोध करने की अपील की है।



स्टालिन ने लिखा– हम सभी जानते हैं कि जब किसी मुद्दे पर कोर्ट के आधिकारिक फैसले से पहले ही निर्णय लिया जा चुका हो, तब सुप्रीम कोर्ट के सलाह देने के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। फिर भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रपति पर संदर्भ मांगने के लिए जोर दिया है, जो उनके भयानक इरादे बताता है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## खारून नदी पुल पर आज से महीने भर तक प्रभावित रहेगा यातायात

**रायपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। दुर्ग को रायपुर से जोड़ने वाला खारून नदी पर बने पुल पर महीनेभर के लिए यातायात प्रभावित रहेगी। लोक निर्माण विभाग 19 मई से लेकर 20 जून तक पुल के नीचे के बेरिंग को बदलने से लेकर बीसी वर्क और रेलिंग बदलने का कार्य करेगा।



लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 19 से 30 मई के बीच पुल के नीचे के बेरिंग को चेंज करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए रोजाना 2 से सुबह 4 बजे तक पुल पर यातायात पूर्णतः बंद रहेगा। इसके बाद 1 से 20 जून तक 24 घण्टे ब्रिज के ऊपर एक्सपान्सन ज्वाइंट चेंज (डामर उखाड़ कर) बीसी वर्क और रेलिंग बदलने का कार्य किया जाएगा।

यातायात के वैकल्पिक संचालन के लिए मरम्मत कार्य वाले ब्रिज पर डिवाइडर लगाकर दो लेन में बांटा जाएगा। एक लेन में मरम्मत कार्य चलेगा और डिवाइडर के दूसरी ओर सिंगल लेन में ट्रैफिक चलता रहेगा। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात का अत्यधिक दबाव की वजह से ब्रिज से लेकर कुम्हारी तक जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है।

जाम से बचने के लिए यात्री दुर्ग से रायपुर आने–जाने वाले यात्री वैकल्पिक मार्ग के तौर पर उतई–सेलूद–दौर–घुघुवा–औरी–मोतीपुर–अमलेश्वर रायपुर, पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट)–ग्राम सिरसा–औरी–मोतीपुर–अमलेश्वर–रायपुर अथवा रायल खालसा–ग्राम उरला–परसदा–अमलेश्वर–रायपुर का उपयोग कर सकते हैं।

## एक साथ मिलेगा 3 महीने का राशन

**रायपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने जून महीने में तीन महीने का राशन एक साथ देने का फैसला लिया है। इसमें जून, जुलाई और अगस्त का चावल शामिल होगा।

सरकार ने यह निर्णय मौसम विभाग की मानसून चेतावनी को ध्यान में रखते हुए लिया है, ताकि बरसात के दौरान राशन वितरण में कोई परेशानी न हो। खाद्य विभाग ने सभी राशन दुकानों को निर्देश दिए हैं कि 31 मई तक चावल का भंडारण पूरा कर लिया जाए और जून की शुरुआत से ही समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। इस फैसले से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि बारिश के मौसम में अक्सर राशन लाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार की ये पहल मानसून से पहले लोगों के लिए एक राहत की खबर लेकर आई है।



■ राज्य सरकार ने लिया बड़ा फैसला

## आपरेशन सिंदूर : सरकार को उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए

**रायपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट ने कहा जो सवाल उठ रहे हैं उस पर सरकार को स्पष्टीकरण करण देना चाहिए। इन्होंने कहा सवाल सेना के शौर्य पर नहीं सरकार की नीति पर है। अमरीका की भूमिका पर भी सरकार को जवाब देना चाहिए।

प्रदेश के दौरे पर पहुंचे सचिन पायलट ने आतंकी घटना की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हो हम चाहते हैं। भारतीय सेना ने जो शौर्य का परिचय दिया है पराक्रम दिखाया है उसका कोई सानी नहीं है, उन सबको हम सलूट करते हैं। हमें ऐसा कोई आश्वासन मिला है क्या कि भविष्य में पाकिस्तान ऐसा दुस्साहस फिर नहीं करेगा, ये एक बड़ा सवाल है। सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्पति कर रहे हैं यह ठीक नहीं है। हमारा मुद्दा आतंकवाद है लेकिन जानबूझकर कश्मीर के इशू को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है।



संसद का विशेष सत्र अब बुलाया जाए : सचिन पायलट

अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की। आज आतंकवाद पर चर्चा नहीं हो रही है आज कश्मीर और व्यापार पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा अब समय आ गया कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक भारत की तुलना चीन से होने लगी थी मगर अब भारत–पाकिस्तान होने लगा है जो उचित नहीं है। हमें पाकिस्तान पर भरोसा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**प्रतिबंध** भारत ने बांग्लादेश को दिया झटका

## बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स व प्रोसेस्ड फूड पर लगाया बैन

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

*वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की। डीजीएफटी ने अपनी अधिसूचना में कहा, हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों जो कि नेपाल और भूटान जा रहे हैं, पर लागू नहीं होंगे। निर्देश के अनुसार, बांग्लादेश से सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट्स का आयात किसी भी भूमि बंदरगाह से नहीं किया जाएगा, हालांकि, इसे केवल न्हावा शेवा और कोलकाता बंदरगाहों के माध्यम से अनुमति दी गई है।*

*अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड आइटम्स, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं। इन वस्तुओं को असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन (एलसीएस) या इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) के माध्यम से अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही पश्चिम बंगाल में एलसीएस चंगराबांधा और फुलबारी से भी अनुमति नहीं होगी। अधिसूचना में आगे लिखा गया है कि बंदरगाह प्रतिबंध बांग्लादेश से मछली, एलपीजी, खाद्य तेल और क्रश्ड स्टोन के आयात पर लागू नहीं होते हैं।*

***भारत बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार***

*भारत चीन के बाद बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2022–23 में, बांग्लादेश–भारत व्यापार लगभग 16 बिलियन डॉलर का था। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, बांग्लादेश ने लगभग 14 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया, जबकि भारत को उसका निर्यात 2 बिलियन डॉलर रहा।*

# पेंड्रा-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाल स्थिति

## एक घंटे की बारिश ने खोली एन एच निर्माण की पोल, जाम में फंसी बसें और ट्रक, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

पेंड्रा से बिलासपुर को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है यह

पिछले महीने राज्यपाल ने प्रवास के दौरान पेंड्रा बिलासपुर न को शीघ्र बनाने के दिए थे निर्देश





**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 18 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच पर हो रहे निर्माण कार्य की अव्यवस्था और धीमी गति एक बार फिर लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को संभाग मुख्यालय बिलासपुर से जोड़ने वाली इस एकमात्र सड़क की धीमी रफ्तार से निर्माण को देखते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने इसे शीघ्र बनाने के निर्देश दिए थे।

बीते शुक्रवार रात को हुई महज एक घंटे की बारिश ने पेंड्रा-बिलासपुर मार्ग की पूरी पोल खोल दी। केदा और छतौना के बीच सड़क पर बना अस्थायी मार्ग और पुलिया जलभराव और कीचड़ से पूरी तरह डूब गई, जिससे दोनों ओर से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

बारिश के चलते बड़े मालवाहक ट्रक और यात्री बसें रास्ते में फंस गईं। स्थिति इतनी खराब हो गई कि कुछ यात्रियों को अपनी बसों से उतरकर कीचड़ और पानी से लथपथ सड़क पर पैदल चलने को मजबूर होना पड़ा। कई घंटे तक यात्रियों को सड़क पर ही फंसे रहना पड़ा जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया।

पेंड्रा से बिलासपुर को जोड़ने वाला यह राष्ट्रीय राजमार्ग छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच की प्रमुख संपर्क कड़ी है। इस मार्ग का उपयोग जिले के हजारों लोग करते हैं, जिनमें गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के ग्रामीण, छात्र, व्यापारी और रोज़मर्रा के यात्री शामिल हैं। इसके साथ ही यह मार्ग स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति में बिलासपुर और रायपुर जैसे बड़े शहरों में रेफर मरीजों के लिए भी जीवन रेखा का काम करता है लेकिन जिस तरह इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण कार्य कछुए की चाल से चल रहा है, और जिस प्रकार निर्माण की योजना अव्यवस्थित है, वह आने वाले मानसून में बड़ी परेशानी का संकेत दे रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और निर्माण एजेंसी की प्लानिंग पूरी तरह फेल है। हर साल बारिश के समय यही स्थिति देखने को मिलती है ङ्क जलभराव, कीचड़ और जाम। गांवों के ग्रामीण जैसे केदा, छतौना, गोढ़ी, अमदरहा आदि के लोगों का इस मार्ग पर रोजाना आना-जाना होता है, लेकिन सड़क की वर्तमान स्थिति ने उन्हें भी परेशान कर रखा है। बारिश की शुरुआत ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ तो छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच सड़क संपर्क टूटने का खतरा गहराता जाएगा। यह ना सिर्फ आम जनता के लिए संकट होगा, बल्कि प्रशासनिक और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गहरा असर डाले।

# यात्री बस के ट्रक से टकराने से 20 यात्री घायल हुए

**तखतपुर** 18 मई (देशबन्धु)। शराब के नशे में धूत बस चालक ने विपरीत दिशा से ओव्हर टेक करते हुए ट्रक से जा टकराया जिसमें 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है।






सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मई की सुबह 9 बजे मुंगेली से बिलासपुर की ओर जारी रही यात्री बस सिंह ट्रेवर्ल्स क्रमांक सीजी 10 जी 0323 का चालक नशे में धूत बस को लेकर आ रहा था और जब बस पथरिया मोड़ के पास पहुंचीं तो वह विपरीत दिशा से ओव्हर टेक करने का प्रयास किया और ओव्हर टेक करते समय बस सामने से आ रही ट्रक से टकरा गया और इस टक्कर में बस में सवार लगभग 20 यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए बिलासपुर रिफर कर दिया गया। जो यात्री घायल हुए उसमें संतोष साहू पिता सुंदरलाल साहू उम्र 50 वर्ष निवासी मुंगेली, दुर्गा सप्रे पिता पिंटू सप्रे उम्र 4 वर्ष निवासी मुंगेली, नरेसिया सप्रे पति तीरथ राम सप्रे निवासी मुंगेली, झूल बाई पति प्रभु सप्रे उम्र 45 वर्ष निवासी मुंगेली, तोप सिंग पिता जगदीश सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी सोढार, रजनी यादव पति रज्जू यादव उम्र 40 वर्ष निवासी सेतगंगा, सनत साहू पिता पुरुषोत्तम साहू उम्र 32 वर्ष निवासी दुल्लापुर, कुमारी यदु पिता राम प्रसाद ध्रुव उम्र 17 वर्ष निवासी लगहा मुंगेली, परेटन बाई पति राकेश मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी फंदवानी, राकेश पिता अर्जुन दास उम्र 41 वर्ष निवासी फंदवानी, महावीर ध्रुव पिता बुधराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष निवासी मुंगेली, महेंद्र वस्त्रकर पिता देवनारायण वस्त्रकर उम्र 34 वर्ष निवासी सीपत, मधुर वस्त्रकर पिता लक्ष्मण निवासी सीपत शामिल है। पुलिस ने सूचना पर बस चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

# सार-संक्षेप

## अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सख्ती-दो हाइवा वाहन जब्त, चालकों पर कार्रवाई



**मुंगेली**, 18 मई (देशबन्धु)। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर लगाम कसने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिलेभर में खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज मुंगेली क्षेत्र में दो हाइवा वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते हुए जब्त किया गया है।जिला खनिज अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जब्त किए गए वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 7002 (चालक – राजू निषाद) और सीजी 28 आर 6531 (चालक – लालू ध्रुव) बिना वैध अनुज्ञा के रेत का परिवहन कर रहे थे। खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दोनों वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर उन्हें जब्त कर रक्षित केंद्र मुंगेली में खड़ा कराया गया है। चालकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी, और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## समाधान शिविर बिजराकछार और बरेला में आज

**मुंगेली**, 18 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत 19 मई को लोरमी विकासखंड के ग्राम बिजराकछार और नगर पंचायत बरेला में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में संबंधित क्लस्टर की ग्राम पंचायतों और वार्डों के नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे एवं नए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकेंगे। बिजराकछार क्लस्टर में 14 ग्राम पंचायतें तथा बरेला क्लस्टर में 15 वार्ड शामिल किए गए हैं।

## विधायक कौशिक ने किया अटल परिसर का लोकार्पण नपं पथरिया में समाधान शिविर संपन्न



**मुंगेली**, 18 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत पथरिया में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए। उन्होंने 19.95 लाख की लागत से बने अटल परिसर का लोकार्पण तथा 16.92 लाख की लागत से दो आकांक्षी शौचालयों का भूमिपूजन किया। शिविर में 36 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया और 522 प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण हुआ। विधायक कौशिक ने तिरंगा यात्रा में भी भाग लिया और 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से सैनिकों की वीरता को नमन किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## शादी में गए शिक्षक के घर 20 लाख की चोरी



**मुंगेली** 18 मई (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 9 में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने शिक्षक सत्यनारायण त्रिपाठी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली। घटना के समय त्रिपाठी परिवार मध्यप्रदेश के मंडला जिले के ग्राम अंजनिया में एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। जानकारी के अनुसार, चोर पीछे की बाउंड्रीवाल फांदकर मकान में घुसे और चैनल गेट व मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के भीतर दाखिल हुए। भीतर रखी आलमारियों व वार्डरोब के ताले तोड़कर चोरों ने लगभग 15 तोला सोना, 50 ग्राम चांदी के गहने और 4 लाख रुपये नगद पार कर दिए।शनिवार सुबह घर के किरायेदार अधिवक्ता वीरेंद्र कश्यप ने मकान का ताला टूटा देखा और तुरंत मकान मालिक तथा लोरमी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लोरमी थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव, उप निरीक्षक एस.एल. गोरले व डॉग स्क्वायड टीम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल की जांच की।एसडीओपी नवनीत पाटिल ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है और डॉग स्क्वायड की मदद से सुराग जुटाए जा रहे हैं।

# कन्वेशन ऑफ चर्च की बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा की गई

**तखतपुर** 18 मई (देशबन्धु)। नगर के शरण नगर स्थित सीएनआई चर्च भवन में कन्वेशन ऑफ चर्च की बैठक आहूत की गई इस दौरान बिलासपुर, तखतपुर, जरहागांव, मुंगेली, फास्टपुर, कोटा, पेंड्रारोड के प्रतिनिधि शामिल हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे एम आर प्रसाद की अगवाई में बाइबल पाठन एवं प्रार्थना से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इस दौरान वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर एजेंडेवार चर्चा कर वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कन्वेशन ऑफ चर्चेज की समस्याओं पर चर्चा उपरांत निराकरण पर निर्णय लिया गया तथा आगामी आम सभा की बैठक हेतु स्थान, तिथि पर निर्णय लिया गया उक्त बैठक में सचिव, कोषाध्यक्ष ए ए लुका, रिकॉर्डिंग सचिव बनार्ड लाल, उपाध्यक्ष रेव्ह रविंद्र मसीह, सहसचिव रेव्ह अतुल आर्थर, निर्मल कुमार, रेंज नवीन मसीह, सुनील रॉबर्टसन, रेव्ह एके नाथ, रेव्ह लारेंस राज, रेव्ह प्रभास मसीह, स्मिता बक्श, असीम नाथ, एडवोकेट हेरिस लाल, अर्चना लाल, अरविंद दान, दिव्यराज जीनस, संदीप लाल, डीके लाल, प्रदीप स्कॉट, हरेंद्र प्रसाद, अजय लूथर, संजीत नथानिएल, पी के दान, हैरी न्यूटन, आदि मौजूद रहे। उक्तशय की जानकारी एम आर प्रसाद द्वारा दिया गया।

# महर्षि नारद जयंती पर संगोष्ठी व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

## पत्रकारों को बताया गया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, राष्ट्रीय हित में मीडिया की भूमिका पर हुआ मंथन




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला पेंड्रा द्वारा महर्षि नारद जयंती के अवसर पर माधवराव सप्रे प्रेस क्लब में संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और क्षेत्र के अनेक पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला संघचालक तीरथ प्रसाद बढ़गईया ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में महर्षि नारद को पत्रकारिता के आदि पुरूष बताते हुए कहा कि वे शुद्ध और सत्य संवाद के माध्यम से समाज को दिशा देने का कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि (नारद जी जो कुछ भी कहते थे, उसमें सत्यता और धर्म का भाव होता था। आज के समय में पत्रकारों की भूमिका भी वैसी ही होनी चाहिए - सटीक, सत्य और समाजहितकारी।) उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों को (चौथा स्तंभ) कहा जाता है, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम हैं। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। कार्यक्रम में बिलासपुर विभाग के प्रचार प्रमुख दिनेश मिश्रा ने आरएसएस की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ (संगठन श्रेणी) और (जागरण श्रेणी) के माध्यम से समाज को दिशा देने का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि संघ के शैक्षणिक प्रयासों की शुरुआत वर्ष 1990 में प्राचार्य कार्य के साथ हुई थी।

वहीं अखिलेश नामदेव ने कहा कि नारद जी उस युग के पत्रकार थे जब संचार के कोई आधुनिक साधन उपलब्ध नहीं थे, फिर भी उन्होंने संवाद और जनजागरण का अद्भुत कार्य किया। आज जब हमारे पास तमाम संसाधन हैं, तब पत्रकारों को और अधिक जिम्मेदारी के साथ समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अनिल सिंह ठाकुर, कृष्णा राठौर, सुरेश जायसवाल, अशोक जैन, आशुतोष दुबे, भूपेंद्र राठौर सहित कई वरिष्ठ स्वयंसेवक मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक पत्रकारों -दुर्गेश सिंह बिसेन, मुकेश विश्वकर्मा, संदीप अग्रवाल, उज्वल तिवारी, संजय ठाकुर, जितेंद्र सोनी, अंशु सोनी, आयुष्मान शर्मा आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को उनके कर्तव्यों की ओर प्रेरित करना और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# भव्य तिरंगा यात्रा के जरिए वीर जवानों को किया गया नमन



**मुंगेली**, 18 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता और शहीद जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शनिवार को पूरे मुंगेली जिले में 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक' अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा में हजारों की संख्या में नागरिकों, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया।जिला मुख्यालय मुंगेली में तिरंगा यात्रा कृषि उपज मंडी परिसर से आरंभ होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम तक निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने किया। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा। रैली के समापन पर अमर जवान ज्योति स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर जिले के वीर सपूत धनंजय सिंह राजपूत, छत्रधारी सिंह जांगड़े, आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, और प्लाटून कमांडर राजकुमार कश्यप की शहादत को याद किया गया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमारे जवानों की बहादुरी हर भारतीय के गर्व का विषय है। उन्होंने सभी नागरिकों से देश की एकता और संप्रभुता बनाए रखने का आह्वान किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने अपनी सैन्य क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण दिया है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा, जब मातृभूमि पर कोई संकट आता है, तब पूरा भारत एकजुट होकर उसका सामना करता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने नापाक इरादों को करारा जवाब देकर पूरे देश को प्रेरित किया है। सीईओ ने जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र सेवा की भावना का जीवंत उदाहरण है। इसी कड़ी में जिले के सभी नगरीय निकायों, विकासखंड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा रैलियाँ निकाली गईं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### पासपोर्ट के लिए अब...

इस वैन को अलग-अलग इलाकों में हफ्ते में एक बार पहुंचाया जाएगा। लोगों को केवल इस वैन तक पहुंचना होगा। बाकी के काम वैन में तैनात कर्मचारी और अफसर कर लेंगे।

मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में यह सुविधा शुरू भी हो गई है। अब इस विदेश मंत्रालय की इस महती योजना में छत्तीसगढ़ को भी शामिल कर लिया गया है। जल्द ही छत्तीसगढ़ पासपोर्ट दफ्तर को पहली वैन मिलने वाली है। यहां वैन कहां-कहां जाएगी, इसका रूट भी तैयार किया जा रहा है।

### लश्कर का टॉप कमांडर

को मौत के घाट उतार चुके हैं। इस साल मार्च में अज्ञात बंदूकधारियों ने लश्कर आतंकी फैजल नदीम उर्फ अबु कताल सिंधी की हत्या कर दी। कहा जाता है कि अबु कताल लश्कर सरगना हाफिज सईद का भतीजा था। कताल ने ही पिछले साल 9 जून को रियासी के शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कराया था।

### राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से...

संदर्भ मांगने पर जोर दिया है, जो उनके भयावह इरादे की ओर इशारा करता है। मैं गैर-भाजपा शासित सभी राज्यों से अपील करता हूं कि राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए संदर्भ का विरोध करें।' समय सीमा तय करने पर सवाल उठाए थे-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट के प्रेसिडेंट और गवर्नर के लिए समय सीमा तय करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने केंद्र सरकार की सलाह पर 13 मई 2025 को संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल पूछे थे। एक वीडियो में राष्ट्रपति ने कहा था कि संविधान में इस तरह की कोई व्यवस्था ही नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट कैसे राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए बिलों पर मंजूरी की समयसीमा तय करने का फैसला दे सकता है। गवर्नर से राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे- ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर से राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को अपने आदेश में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।

### आपरेशन सिंदूर : सरकार को

नहीं है क्या अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान दुबारा ऐसी हरकत नहीं करेगा।इस पर चर्चा होना चाहिए। भारत ने पाकिस्तान के कितने विमान गिराए राहुल गांधी का ये सवाल सेना के शौर्य पर सवाल है पर सचिन पायलट ने कहा कि भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए करना चाहिए हम सरकार के साथ है।

## निधन

### कालिका प्रसाद खाण्डेकर



**तखतपुर।** भथरी निवासी कालिका प्रसाद खाण्डेकर 66 वर्ष का 17 मई को निधन हो गया है। वे रमेश, रामचंद्र के बड़े भाई एवं जागेंद खाण्डेकर, शैलेन्द्र खाण्डेकर के पिता एवं पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर के भाई, तरुण खाण्डेकर के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भथरी में किया गया।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला,

## सुशासन और महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा




**मुंगेली** 18 मई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मुंगेली द्वारा जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता एवं क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के 26 वर्षों के न्यायप्रिय और जनकल्याणकारी शासन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कृषि, पर्यावरण और समाज कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिससे उनके शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। उन्होंने उन्हें महिला सशक्तिकरण की प्रतीक बताया और कहा कि जैसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ा रहे हैं, वैसा ही कार्य अहिल्याबाई ने अपने समय में किया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को नजरअंदाज किया, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में ऐतिहासिक सत्य उजागर हो रहा है। उन्होंने रानी द्वारा मंदिर निर्माण, शिक्षा और समाज कल्याण में दिए गए योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने प्रधानमंत्री मोदी को रानी अहिल्याबाई की परंपरा का अनुयायी बताते हुए कहा कि उनके शासन में न्यायप्रियता और सामाजिक समरसता दोनों के दर्शन होते हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि अहिल्याबाई ने विधवा महिलाओं, गरीबों और वंचितों के लिए स्त्री धन का उपयोग कर समाज में समरसता लाने का काम किया। उन्होंने विधवा विवाह को प्रोत्साहन और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि 18वीं शताब्दी में किए गए उनके कार्य आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम का संचालन जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा सिंह ने किया, आभार प्रदर्शन सह-संयोजक एवं जिला पंचायत सभापति अम्बालिका साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विक्रम मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, द्वारिका जायसवाल, अंजना दास, अनिता साहू, रत्ना काठले, देवकरण भास्कर, सुनील पाठक, राणाप्रताप सिंह, मिट्ठूलाल यादव, शैलेन्द्र तिवारी, कोटूमल दादवानी, अमितेष आर्य, अंजना जायसवाल, रितिमा लाल, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, राजेश्वर टंडन, घनश्याम यादव सहित सभी 11 मंडलों के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पुराना नाम सिम्मी दीवान पिता स्व. श्री दिलबाग रॉय दीवान, ने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम सीमा क्षेत्रपाल पति स्व. श्री कृष्ण कुमार क्षेत्रपाल रख लिया है, निवासी मकान नं. 18 वार्ड नं. 47 सुभाष चौक नया सरकंडा, बिलासपुर 495001 (छ.ग.), अतः अब भविष्य में मुझे सभी सरकारी, अर्धसरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में नए नाम सीमा क्षेत्रपाल पति स्व. श्री कृष्ण कुमार क्षेत्रपाल से जाना एवं पहचाना जाए।

**सीमा क्षेत्रपाल**
पति स्व.श्री कृष्ण कुमार क्षेत्रपाल
मकान नं. 18 वार्ड नं. 47
सुभाष चौक नया सरकंडा,
बिलासपुर
495001 (छ.ग.)

# देश

**उवाच**

"लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जातिगत जनगणना के लिए मजबूर होकर इस संबंध में निर्णय करना पड़ा।"

–अरुण यादव,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41 | 30 |
| मुंबई | 33 | 28 |
| कोलकाता | 29 | 27 |
| चेन्नई | 32 | 28 |

# कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री दें इस्तीफा : लक्ष्मण सिंह

■ कर्नल कुरैशी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**भोपाल/इंदौर,** 18 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया के सामने पाकिस्तान पर भारतीय सेना की सटीक कार्रवाई की जानकारी देने वाली सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने आपत्तिजनक बयान दिया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि विजय शाह का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

वह कर्नल कुरैशी और उनके परिवार को नहीं जानते हैं। वह ऐसे परिवार से संबंध रखती हैं जिन्होंने 1857 की लड़ाई में भाग लिया था। शाह को अपने बयान के लिए कर्नल कुरैशी से माफी मांगनी चाहिए और मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि विजय शाह के पूर्वज ने भी रानी दुर्गावती के साथ देश के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्हें मंत्री पद से लगाना नहीं होना चाहिए। उनके बयान की देशभर में आलोचना हुई। मामले में कोर्ट को दखल देना पड़ा, लेकिन राज्य सरकार उनसे इस्तीफा नहीं ले पा रही है। जगदीश देवड़ा के बयान पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वह इतने वरिष्ठ नेता हैं, इतने बड़े पद पर हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि देश की सेना का मुखिया राष्ट्रपति होता है, प्रधानमंत्री नहीं। प्रधानमंत्री ने केवल बजट में सपोर्ट दिया है। पूर्व मंत्री उषा ठाकुर द्वारा विजय शाह का बचाव किया गया था। उन्होंने कहा था कि जुबान फिसल जाती है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यह जुबान फिसलने वाली नहीं, बहुत बड़ी बात है। विजय शाह ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर विजय शाह पर एफआईआर दर्ज हुई थी। उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर 19 मई को सुनवाई होनी है। बता दें कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विधायकों के सेना और युद्ध को लेकर बयान संबंधी वायरल वीडियो की कड़ी में रीवा जिले के एक विधायक नरेंद्र प्रजापति का वीडियो वायरल हुआ और इसको लेकर भी बवाल मच गया। इस वायरल वीडियो में विधायक यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर यूएन के कहने पर हुआ। इस वीडियो को विपक्षी दल कांग्रेस के अनेक सदस्यों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि अब स्पष्ट होना चाहिए कि सीजफायर किसके कहने पर हुआ। इसके बाद प्रजापति ने सोशल मीडिया के जरिए ही स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के दौरान उनके द्वारा दिए गए बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। भारत की सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और पाकिस्तान की हर सैन्य साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया।

भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान पस्त हुआ और भारत के समक्ष घुटने टेककर सीजफायर की गुहार लगाई।



शाह के बयान की देशभर में आलोचना हुई मामले में कोर्ट को दखल देना पड़ा, लेकिन राज्य सरकार इस्तीफा नहीं ले पा रही है

## पाकिस्तान को भारतीय सेना ने अच्छा जवाब दिया : सिंह

पूर्व कांग्रेस सांसद ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह जवाबी कार्रवाई की है, मैं उसकी सराहना करता हूं। लक्ष्मण सिंह ने पहलगाम आतंकवादी घटना को दुखद बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को भारतीय सेना ने अच्छा जवाब दिया है। हम सेना और राष्ट्रपति के आभारी हैं। सेना राष्ट्रपति के ही अधीन होती है। भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र के कहने पर सीजफायर हुआ है। इस पर लक्ष्मण सिंह ने कहा, उन्हें (नरेंद्र प्रजापति को) अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकारी नहीं है, बेहतर होगा कि वह चुप रहें और अपनी विधानसभा पर ध्यान दें।

## मेघालय में पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**शिलांग,** 18 मई (एजेंसियां)। मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स जिले में पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बाजेंगडोबा थाने के अंतर्गत चोरेबोलबोक गांव के सिलग्रिंग डी. संगमा और चेंबिलचम मारक को अस्वाथ बी. मारक को गिरफ्तार किया गया। उत्तरी गारो हिल्स जिले के जिला पुलिस के प्रमुख स्वप्निल पवार ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को सोशल मीडिया पर गारो भाषा में धार्मिक घृणा से भरा संदेश फैलाते और भारत के खिलाफ नारे लगाते तथा पाकिस्तान द्वारा भारत पर हमलों का समर्थन करते और भड़काते देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिलग्रिंग डी. संगमा का वीडियो हाल ही में फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। उन्होंने कहा कि वीडियो की सामग्री भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ है, खासकर मौजूदा स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस सिलसिले में पुलिस ने धारा 152/197 (1) (डी) बीएनएस, 2023 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता : अमित शाह

**अहमदाबाद,** 18 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में सभी लोगों को जागरुक कर, पारदर्शिता के नए आयाम तय कर सहकारी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है। शाह ने रविवार को अहमदाबाद में गुजरात राज्य सहकारी संघ द्वारा विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका पर आयोजित महा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना वर्ष 1900 में था। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास शुरू हुआ और इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि 2021 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई शुरुआत के तहत सहकार से समृद्धि और विकसित भारत में सहकारिता की भूमिका के दो सूत्रों को देश के सामने रखा गया। उसी शुरूआत के अंतर्गत आज गुजरात में इस सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में हुए परिवर्तन के लाभ जब तक निचले स्तर पर प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पीएसीएस) और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता। इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि हम सहकारी संस्थाओं को आगे बढ़ाएं। हमें सभी प्रकार की सहकारी संस्थाओं में जागरूकता, प्रशिक्षण और पारदर्शिता लाने का प्रयास करना होगा। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान साइंस ऑफ कोऑपरेशन और साइंस इन कोऑपरेशन पर भारत सरकार ने बल दिया है। आजादी के आंदोलन के समय देश में शुरू हुआ सहकारिता आंदोलन धीरे-धीरे देश के एक बड़े भाग में लगभग समाप्त हो चुका था। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आंदोलन के तहत हर राज्य और जिले तक सहकारिता का विस्तार हो।



■ गुजरात राज्य सहकारी संघ के महासम्मेलन को किया संबोधित

## सार संक्षेप

### सेना ने पुंछ में बिना फटे हुए गोले नष्ट किए

**जम्मू।** भारतीय सेना ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में 42 बिना फटे हुए गोलों को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि ये गोले हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी के अवशेष हैं, जो स्थानीय निवासियों के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। नागरिक जीवन या संपत्ति को किसी भी तरह के जोखिम से बचाने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अभियान को अत्यंत सटीकता के साथ अंजाम दिया गया।

### मुलुगु में आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मुलुगु।** सुकमा सीमा से लगे तेलंगाना के मुलुगु में पुलिस को बड़ी सफलता मिली, पुलिस अधीक्षक के सामने 14 लाख के इनामी सहित आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों ने शपथ ली है कि वे कभी नक्सलियों का साथ नहीं देंगे। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन से जुड़े आठ सदस्यों ने मुलुगु जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. शबरीश पी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। यह आत्मसमर्पण तेलंगाना पुलिस विभाग और मुलुगु जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पोरु कन्ना ऊरु मिन्न अपने गांव लौट आइए जैसे आदिवासी कल्याण एवं विकास कार्यक्रमों की प्रेरणा से संभव हुआ है।

### मणिपुर-म्यांमार सीमा पर तस्करी करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के पल्लेल-थाने गेट क्षेत्र से मोर पंखों की तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शरीफुद्दीन नाम का तस्कर टेंग्नौपाल जिले के मोरेह-थाने के तहत मोरेह वार्ड नंबर 5, मुस्लिम नगर, लैबुक लेंके का रहने वाला है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार को शरीफुद्दीन को मोर दस्तावेजों के बिना म्यांमार ले जा रहे मोर पंखों की छड़ों के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चार बोरे में कुल 72 हजार मोर पंख (लगभग 142 किलो) बरामद किए गए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 37 लाख रुपए आंकी गई है।

### आंध्र प्रदेश में कार के कुएं में गिरने से तीन की मौत

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश में अन्नामय्या जिले के कुरावल्ली गांव में रविवार तड़के एक कार के कुएं में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कर्नाटक के चिंतामणि के तीन से पांच लोग एक विवाह समारोह के लिए खानपान का काम करने पिलेरु शहर जा रहे थे। उनकी कार सड़क से उतर गई और 2 फीट गहरे कृषि कुएं में गिर गई।

## झारखंड में चलाया जाएगा राष्ट्रीय एकता अभियान

**रांची,** 18 मई (एजेंसियां)। झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री के एन त्रिपाठी अब देश भर में राष्ट्रीय एकता अभियान चलाने जा रहे हैं। यह अभियान मगध फाउंडेशन के अंतर्गत रविवार को गठित संपूर्ण भारत सुरक्षा मंच के तहत देश भर के सभी राज्य व जिलों में चलाया जाएगा।

■ भारत-पाक की हालिया लड़ाई के दौरान की घटनाओं का दिया हवाला

मगध कालीन भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे मगध फाउंडेशन के अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा है कि उनके राजनीति में होने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के अभियान में रुकावट आने की स्थिति में वह देश हित के लिए राजनीति भी छोड़ सकते हैं। त्रिपाठी ने भारत और पाक की हालिया लड़ाई के दौरान की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि देश में विदेश नीति, व्यापार नीति और सुरक्षा नीति की समीक्षा की जानी चाहिए। भारत कभी भी चीन जैसे देशों के गैरजरूरी सामान का बाजार नहीं बन सकता क्योंकि ऐसे देश हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ देता है। इसके साथ ही श्री त्रिपाठी ने यह भी सवाल उठाया कि विदेश मंत्री ने एयर स्ट्राइक के बाद आखिर किस माध्यम से पाकिस्तान को संदेश दिया है। देश को यह जानने का पूरा अधिकार है।

# प्रशांत किशोर को नीतीश के पैतृक गांव में जाने से रोका

■ दलित परिवारों की स्थिति का जायजा लेना चाहते थे जन सुराज के संस्थापक

**पटना,** 18 मई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में सभी पार्टी के नेता सक्रीय हो गए है और अपना अपना जगह बनाने के लिए कोशिश में जुटी है। ऐसे में नालंदा जिले में रविवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा जाने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें और उनकी टीम को गांव में प्रवेश करने से रोक दिया।

प्रशांत किशोर दलित परिवारों की स्थिति का जायजा लेने और उनके अधिकारों पर सवाल उठाने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशांत किशोर ने प्रशासन के इस कदम को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा, जहां तक मुझे जानकारी है, धारा 144 लागू नहीं है। लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए सवाल उठाने, गांव जाने और वहां लोगों से मिलने से नहीं रोका जा सकता है। नीतीश कुमार की सरकार इतनी डरपोक हो गई है कि अपने ही गांव में लोगों से मिलने नहीं दे रही है। अगर यह स्थिति है तो फिर बिहार के 40 हजार गांवों को बंद कर दीजिए। पुलिस उन्हें डिटेन कर ले। प्रशांत किशोर ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि 2008 से नीतीश कुमार लगातार कहते आ रहे हैं कि उन्होंने सारे दलित और महादलित परिवारों को 3 डिसमिल जमीन दी है। हम यह देखना चाहते हैं कि क्या कल्याण बिगहा में यह जमीन दी गई है या नहीं। इसके अलावा, हम यह भी जानना चाहते हैं कि जमीन के दाखिल खारिज में सरकारी अधिकारियों और नेताओं द्वारा पैसे लिए जा रहे हैं या नहीं। हम किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन की योजना नहीं बना रहे हैं, केवल लोगों से बात करने का इरादा रखते हैं। वहीं, प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बिना अनुमति के कोई भी बड़ी सभा या गैदरिंग नहीं करने दी जाएगी। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशांत किशोर और उनके कार्यकर्ताओं को गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। हर आने-जाने वाले व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। और केवल उन लोगों को गांव में जाने की इजाजत दी जा रही है जो वहां के निवासी हैं। जन सुराज के कार्यकर्ताओं को गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिल रही है। वहीं दूसरी ओर जनसुराज के जिला मुख्य कार्यालय में रविवार को जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा से जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 18 मई 2025 को हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। यह अभियान राज्य सरकार की जातीय जनगणना और भूमि सर्वेक्षण में हुई अनियमितताओं के विरोध में चलाया जा रहा है। डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि जनसुराज के कार्यकर्ता अब 40 हजार से अधिक गांवों में जाकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। आगामी दो महीनों में इन तीन प्रमुख मुद्दों पर एक करोड़ से अधिक लोगों से हस्ताक्षर लेकर 11 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रेस वार्ता में मौजूद डॉ. शहनवाज आलम ने कहा कि जनसुराज केवल समस्याओं को उजागर नहीं करता, बल्कि उनके समाधान की दिशा भी दिखाता है।



लोकतंत्र में व्यक्ति को लोगों से मिलने से नहीं रोका जा सकता : प्रशांत किशोर

### नीतीश सरकार पर लगाया नाकामी छिपाने का आरोप

इस स्थिति को लेकर प्रशांत किशोर ने आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए ऐसे कदम उठा रही है। उनका कहना था कि अगर सरकार अपने किए गए वादों पर खड़ी होती तो उसे इस तरह के कदम उठाने की जरूरत नहीं पड़ती। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि वह जनता के बीच जाकर इस मुद्दे को उठाना चाहते थे, लेकिन प्रशासन के द्वारा उन्हें रोकने की कोशिश की गई।

## त्रिपुरा सरकार ने अनुराग को किया राज्य का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त

**अगरतला,** 18 मई (एजेंसियां)। त्रिपुरा सरकार ने शनिवार को 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। अनुराग ने 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी अमिताभ रंजन की जगह ली है। रिपोर्टों के अनुसार नियुक्ति के तुरंत बाद अनुराग ने रात में डीजीपी का पदभार संभाल लिया। अनुराग की नियुक्ति से पुलिस महकमा खुश हैं, और पुलिस मुख्यालय सहित विभिन्न पुलिस इकाइयों में जश्न मनाया गया। मैसूर के केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) से खाद्य प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर श्री अनुराग ने उस्मानिया विश्वविद्यालय से पुलिस प्रबंधन में मास्टर डिग्री और नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद से साइबर अपराधों में पीजी डिप्लोमा हासिल किया है। वह एसीएफई, अमेरिका से प्रमाणित धोखाधड़ी परीक्षक हैं। अनुराग ने उप-विभागीय पुलिस अधिकारी से लेकर महानिदेशक (खुफिया) तक विभिन्न क्षमताओं में 30 से अधिक वर्षों तक त्रिपुरा पुलिस की सेवा की है। वर्ष 2003-04 के दौरान, वह कोसोवो में शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र मिशन में थे और 2005 से 2013 के बीच उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में सेवा की। इसके बाद, वह तीन साल के लिए त्रिपुरा लौट आए और फिर 2016 में उन्होंने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिरीक्षक, अनुसंधान एवं सुधार प्रशासन और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में महानिरीक्षक (कार्मिक) के अलावा सीबीआई में संयुक्त निदेशक और अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्य किया। वे 2023 के अंत में त्रिपुरा फिर वापस नहीं आ गए। अनुराग के वापस आते ही डीजीपी बनने की उम्मीद थी, क्योंकि रंजन के कार्यकाल के दौरान त्रिपुरा पुलिस संकट कथित तौर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और शीर्ष पर भाई-भतीजावाद के कारण से जूझ रही थी।



■ अनुराग ने लिया 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी अमिताभ रंजन की जगह

## कन्नूर, कोझिकोड में लोक आयुक्त शिविर का आयोजन 27 से

**कोच्चि,** 18 मई (एजेंसियां)। केरल के कन्नूर और कोझिकोड में लोकायुक्त शिविर बैठक का आयोजन 27 से 30 मई तक किया जाएगा। न्यायमूर्ति एन. अनिल कुमार, लोकायुक्त और न्यायमूर्ति शिरसी वी, उप लोकायुक्त की पीठ 28 मई को कन्नूर में सरकारी गेस्ट हाउस में और 29 मई को कोझिकोड में सरकारी गेस्ट हाउस में बैठक करेगी। उप लोकायुक्त न्यायमूर्ति शिरसी वी. की एकल पीठ 27 मई को कन्नूर स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में तथा 30 मई को कोझिकोड स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में बैठक करेंगी। उप लोकायुक्त न्यायमूर्ति अशोक मेनन की एकल पीठ 26 से 30 मई तक मुख्यालय में बैठक करेगी। न्यायालय अवकाश के बाद 19 मई को पुन: खुलेगा। केरल लोकायुक्त की खंडपीठ ने 20 मार्च को अपना कामकाज फिर से शुरू किया था, जब केरल उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अशोक मेनन और न्यायमूर्ति शिरसी वी. को उप लोकायुक्त के रूप में शपथ दिलाई गई। केरल लोकायुक्त सरकारी कर्मचारियों सहित लोक सेवकों के विरुद्ध कुप्रशासन और भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों की जांच करता है।

## अवैध निर्माण को लेकर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को नोटिस जारी

**मुंबई,** 18 मई (एजेंसियां)। मुंबई के मलाड स्थित एरंगल गांव में अवैध निर्माण को लेकर बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) की पी-नॉर्थ वार्ड ने अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 10 मई को जारी हुआ था, जिसमें मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अवैध निर्माण का हवाला दिया गया है। बीएमसी का आरोप है कि बिना अनुमति के ग्राउंड-प्लस-मेजनाइन फ्लोर वाले दो स्ट्रक्चर, एक ग्राउंड फ्लोर का ढांचा और तीन अस्थायी यूनिट्स बनाई गई हैं। इन यूनिट्स में ईंट, लकड़ी की पट्टियां, कांच की दीवारें और एसी शीट्स की छतें इस्तेमाल की गई हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। बीएमसी ने चेतावनी दी है कि अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो धारा 475 ए के तहत कानूनी और ढांचा तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। बीएमसी से नोटिस मिलने के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि मैंने कोई अवैध निर्माण नहीं करवाया। कई लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और हम अपना जवाब भेज रहे हैं। वहीं, मामले में सामाजिक कार्यकर्ता नदीम शेख ने सवाल उठाया है कि जब हाल ही में 24 अवैध ढांचों को तोड़ा गया, तो मिथुन चक्रवर्ती के निर्माण को क्यों छोड़ दिया गया। बीएमसी का कहना है कि मई के अंत तक एरंगल और आसपास के इलाकों में कुल 101 अवैध संरचनाएं ध्वस्त की जाएंगी। यह पहला मौका नहीं है जब मिथुन चक्रवर्ती को इस तरह का नोटिस मिला है। साल 2011 में भी बीएमसी ने उनके खिलाफ ऐसा ही नोटिस जारी किया था। मुंबई में कई दिनों से अवैध निर्माण को लेकर बीएमसी की कार्रवाई चल रही है। बता दें, मिथुन चक्रवर्ती के पास कई आलीशान बंगले, होटल और जमीनें हैं।



■ बीएमसी ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**चिंता** | नियंत्रण रेखा पर बढ़े तनाव के बाद कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र में गिरावट


# गतिरोध से हजारों लोगों की आजीविका पर मंडराया संकट

**जम्मू,18 मई (देशबन्धु)। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हाल ही में बढ़े तनाव के बाद कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र में गिरावट देखी जा रही है। हितधारकों की रिपोर्ट है कि पर्यटन गतिविधियां, जो पहले से ही 9 प्रतिशत पर्यटकों के रद्दीकरण से जूझ रहा था, अब सामने आ रही स्थिति के कारण घाटे में जा रहा है।**

श्रीनगर स्थित टूर ऑपरेटर मुश्ताक अहमद डार कहते थे कि पहले के रद्दीकरण के बाद हमारी केवल 10 परसेंट बुकिंग बची थी। लेकिन हाल ही में सीमा पर तनाव के कारण वह भी खत्म हो गई है।

उनका कहना था कि हम बैसरन हमले से अभी उबरना शुरू ही कर रहे थे, और अब हम फिर से शुरुआती स्थिति में आ गए हैं। जानकारी के लिए कश्मीर में पर्यटन उद्योग क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में लगभग 7-8 परसेंट का प्रत्यक्ष योगदान देता है, और इसकी निरंतर गतिरोध से हजारों लोगों की आजीविका पर असर पड़ रहा है। वैकल्पिक आय की तलाश में अस्थायी रूप से अमृतसर में स्थानांतरित हुए होटल व्यवसायी बिलाल हुसैन कहते थे कि हम बहुत अधिक वित्तीय तनाव में हैं। वे कहते थे कि हमने बैंकों से बहुत ज्यादा कर्ज लिया है। जब कोई पर्यटक नहीं आएगा, तो हम उसे कैसे चुकाएंगे। उनका कहना था कि यह कोविड-19 के दौरान हमने जो अनुभव किया, उससे भी बदतर है। बैसरन में हुए आतंकवादी हमले के बाद घाटी के अंदरूनी इलाकों में उथल-पुथल मच गई है। उद्योग के अंदरूनी लोगों के अनुसार, यह क्षेत्र कभी भी पूरी तरह से उबर नहीं पाया। डल झील पर एक हाउसबोट मालिक शबनम भट के बकौल, बैसरन की घटना ने आंतरिक-केंद्रीय रेखाओं को प्रभावित किया, जिससे यातायात और रसद प्रभावित हुई। वे कहते थे कि हमने अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन सीमा पर तनाव ने उन्हें तोड़ दिया। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि होटल व्यवसायियों और गाइडों से लेकर शिकारा और हाउसबोट मालिकों तक, पर्यटन परिदृश्य में चिंता की एकरूपता है। पर्यटन हितधारकों ने मोदी से घाटी में रुचि को फिर से जगाने के लिए पर्यटकों की वापस लौटने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है।

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के कारण मांग और कीमतों में अचानक आई गिरावट ने स्ट्रॉबेरी उत्पादकों को इस समय घाटा उठाना पड़ रहा है। श्रीनगर के बाहरी इलाके हजरतबल के गुस्सो गांव के किसानों का कहना है कि पहलगाम की घटना ने स्ट्रॉबेरी बाजार पर बुरा असर डाला है। गुस्सो के किसान मंजूर अहमद ने कहा कि स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को स्ट्रॉबेरी का बेसब्री से इंतजार रहता है और बाजार में शुरुआत में काफी उत्साह था, लेकिन पहलगाम की घटना ने रातों-रात सब कुछ बदल दिया। कीमतें गिर गईं और मांग खत्म हो गई।



■ पहलगाम नरसंहार व ऑपरेशन सिंदूर के बाद पर्यटन पर पड़ा असर

बिलासपुर, सोमवार 19 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजे हालात

ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम की एक और बड़ी मिसाल और देश की बड़ी उपलब्धि है। इस ऑपरेशन के बाद अमेरिका, इंग्लैंड, तुर्किए, कतर, अजरबैजान, चीन इन तमाम देशों का जो रुख रहा, वह भारत के लिए सुखद नहीं है, लेकिन कम से कम अब हमें यह पता चल गया है कि जिन्हें हम अपना दोस्त या शुभचिंतक देश मानते थे, वे असल में पाकिस्तान के करीबी निकले। भविष्य में विदेश नीति के तहत फैसले लेने में इस सबक को याद रखा जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान का आतंकवाद समर्थित चेहरा भी सामने आया और यह भी पता चल गया कि कश्मीर मसले का अंतरराष्ट्रीयकरण करवाने के लिए वह किस तरह मौके तलाशता है। इधर घरेलू मोर्चे पर भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुछ कड़वी हकीकतें सामने आई हैं, जिन्हें अब नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इनका सामना कर अपनी गलती समझना चाहिए।

देश में सत्तारुढ़ भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद नरेन्द्र मोदी को इसका श्रेय देते हुए कई जगहों पर पोस्टर लगवाए, 13 मई से भाजपा देशव्यापी तिरंगा यात्रा भी निकाल रही है, जिसमें सेना के पराक्रम के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी की शौर्यगाथा भी सुनाई दे रही है। इधर विपक्ष संसद के विशेष सत्र की मांग बुलाता रह गया, लेकिन मोदी सरकार ने उसका जवाब नहीं दिया और अब सात प्रतिनिधिमंडल बना गए हैं, जिनमें सभी दलों के नेता शामिल हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाकर बताएंगे कि चरमपंथ पर भारत का क्या रुख है और ऑपरेशन सिंदूर क्यों सही था। संक्षेप में मोदी सरकार का पक्ष रखने सभी दलों के लोग जाएंगे, विपक्ष के भी। पिछले कार्यकाल तक नरेन्द्र मोदी विपक्षमुक्त भारत की बात कहते थे, सरकार से सवाल पूछने पर सौ से ज्यादा विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन दुनिया को बताना है कि भारत में कितना मजबूत लोकतंत्र है, तो अब विपक्ष के सांसदों को भी दल का हिस्सा बनाया गया है। भाजपा ने इसमें कांग्रेस से शशि थरूर को शामिल कर एक सियासी चाल भी चली है। कांग्रेस से जब प्रतिनिधिमंडल के लिए नाम मांगे गए थे, तो उसने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम थे, लेकिन इनकी जगह शशि थरूर को नाम रखा। अभी 2 मई को केरल में श्री थरूर ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया था, तब श्री मोदी ने कहा था कि आज बहुतों की नींद हराम होगी। उस वाक्य के आगे कहानी और कितनी बाकी थी, यह अब दिख रहा है। खैर अब यह शशि थरूर के विवेक पर निर्भर है कि वे अपने दल के साथ संकट के वक्त यह खिलवाड़ होने देते हैं या फिर उस शख्स के साथ खड़े होते हैं, जिसने उनकी पत्नी के लिए 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड जैसा अभद्र बयान दिया था। वैसे इस प्रतिनिधिमंडल को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि इतने बरसों में श्री मोदी जनता के पैसों पर कई देशों की यात्रा करते रहे, मोदी-मोदी के नारे लगते रहे, लेकिन जरूरत पड़ी तो अफगानिस्तान के सिवा कोई देश भारत के साथ खुलकर नहीं खड़ा नहीं हुआ। अब उसी जनता के पैसों पर सांसद विदेशों में जाएंगे, लेकिन क्या इससे भारत का पक्ष मजबूत हो पाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना की वाहवाही तो हो रही है, लेकिन इसकी जानकारी देने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का सामने आना भी चर्चा का एक अलग ही मुद्दा बन गया। देश में अधिकतर लोगों ने इसकी तारीफ ही की और लड़कियों की सेना में बढ़ती धमक पर खुशी जाहिर की। लेकिन मध्यप्रदेश में केबिनेट मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के अप्रिय बयानों ने बता दिया कि निम्न स्तर की राजनीति के लिए भी सेना को भी नहीं बख्शा जा रहा है। विजय शाह का मामला तो अदालत में है, लेकिन अब तक भाजपा का रवैया उन्हें बचाने वाला दिख रहा है। वहीं अशोका विश्वविद्यालय में शिक्षक अली खान महमूदाबाद ने अपनी फेसबुक पोस्ट में ऑपरेशन सिंदूर पर महिला अफसरों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के द्वारा मीडिया ब्रीफिंग को अहम बताया था लेकिन यह भी लिखा था कि अगर यह जमीन पर हकीकत में नहीं बदला तो यह 'पाखंड' होगा। इस पोस्ट को हरियाणा के महिला आयोग ने भारतीय सेना में महिलाओं का अपमान माना और यह कहा कि इससे सांप्रदायिक विद्वेष बढ़ेगा। आयोग ने महमूदाबाद को दिए नोटिस में उनकी इस टिप्पणी को सैन्य कार्रवाइयों को बदनाम करने की कोशिश बताया था। अब हरियाणा पुलिस ने महमूदाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। अब यह सोचने वाली बात है कि एक फेसबुक पोस्ट पर शिक्षक को गिरफ्तार किया गया, लेकिन सरकार में मंत्री पद पर बैठे लोग ऐसी कार्रवाइयों से क्यों बचे हुए हैं।

इधर पाकिस्तान से बढ़ रहे तनाव के बीच एक सनसनीखेज खबर आई कि हरियाणा की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को जासूसी करने और संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि ज्योति पाकिस्तानी उच्चायोग के किसी कर्मी से संपर्क में थी और यह भी कि वह दो साल पहले पाकिस्तान गई थी। इस मामले की गहन और ईमानदार जांच होनी चाहिए, लेकिन सोशल मीडिया पर ज्योति के खिलाफ बयानों की भरमार हो गई है और मीडिया ने भी ज्योति के पुराने पोस्ट, ट्रैवल ब्लॉग आदि दिखाकर अपना ट्रायल शुरु कर दिया है। ऐसा ही रिया चक्रवर्ती के साथ किया गया था। खैर, ज्योति पर जासूसी का आरोप लगा है तो साथ ही उन तथ्यों की भी पड़ताल होनी चाहिए कि आखिर किसके दम पर जासूसी हो रही थी। सेना, विदेश मंत्रालय, गृहमंत्रालय, रक्षा मंत्रालय ऐसे ही महकमों में से कहीं कोई दरार बनी हुई होगी, तभी तो जासूसी का मौका बना। सत्ता प्रतिष्ठान में कौन लोग हैं जो इस किस्म की गद्दारी कर रहे हैं। पांच साल पहले पुलवामा के बाद डीसीपी देविंदर सिंह का नाम भी इसी तरह सामने आया था, फिर क्या कार्रवाई हुई, किस तरह जांच आगे बढ़ी, कुछ पता नहीं। सवाल यह भी है कि पहलगाम हमले के बाद अब जो चौकसी दिखाई जा रही है, क्या वह आगे इसी तरह कायम रहेगी, क्योंकि जासूस केवल आतंकी हमलों के वक्त नहीं बल्कि उसके पहले और बाद में भी सक्रिय रहते हैं।

# विदेश जाएं मोदी का जयगान करें थरूर, मगर कांग्रेस छोड़कर!

कांग्रेस मुक्त भारत भी चाहिए और विदेशों में कांग्रेस का ऐसा सांसद भी जो वहां मोदी मोदी कर सके! कभी ऐसा ही कश्मीर में गुलाम नबी आजाद ने किया था। वहां भारत की बात करने के बदले मोदी मोदी का राग अलापा था। नहीं चल पाया। और भाजपा को फिर उनकी कोई और उपयोगिता नहीं दिखी। खतम कर दिया ऐसा कि आज जम्मू-कश्मीर में उनका कोई नाम लेने वाला भी नहीं है।

ऐसे ही इस समय शशि थरूर केरल में उपयोगी दिख रहे हैं जहां अगले साल विधानसभा चुनाव है। जहां असली लोकप्रिय मेट्रो मेन ई श्रीधरन को पिछले चुनाव में बीजेपी एक्सपोज कर चुकी है विधानसभा हरवा कर। इस बार हवा हवाई लोकप्रिय शशि थरूर की असलियत सामने ला दी जाएगी। मगर उससे पहले उनके नाम पर कांग्रेस को विचलित करने की राजनीति शुरू कर दी। कांग्रेस जो पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद से सरकार को पूरा सहयोग देती आ रही थी। कोई राजनीतिक सवाल नहीं कर रही थी उसे आरोप प्रत्यारोप की राजनीति में घसीटने के लिए भाजपा ने विदेशों में जाने वाले भारतीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल में अपनी तरफ से शामिल कर लिया। यह वैसा ही है जैसे एनडीए सरकार में नीतीश या चन्द्रबाबू नायडु द्वारा बनवाए गए मंत्रियों को हटाकर बीजेपी अपनी मर्जी से उनकी पार्टी के किसी को बुलाकर शपथ दिलवा दे।

घर में परिवार के मुखिया के नाम निमंत्रण जाता है। अगर एक का है तो वह डिसाइड करता है कि परिवार से कौन जाएगा। ऐसा तो आज तक नहीं सुना कि बुलाने वाला परिवार के किसी एक खास सदस्य को बुला ले। मगर मोदी अपनी इमेज बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पार्टी में योग्य और प्रभावशाली लोगों को खतम कर दिया। जसवंत सिंह, यशवंत सिन्हा, अरुण शौरी, आडवानी, मुरली मनोहर जोशी और ऐसे ही तमाम राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय मामलों के जानकार लोगों को किनारे कर दिया। जाहिर है कि इस समय जब मोदी को विदेशों में अपनी इमेज बनाने की जरूरत है तब रमेश विधुड़ी, कपिल मिश्रा या निशिकांत दुबे और इन जैसे बहुत सारे लोग जो 11 सालों में बनाए हैं काम नहीं आएंगे।

उन्हें पढ़े-लिखे लोग ही चाहिए जो उन्होंने अपनी पार्टी से खतम कर दिए। प्रधानमंत्री मोदी को शायद अहसास हो गया होगा कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे लोगों का प्रभाव पड़ता है। वे खुद 11 सालों में 72 देश हो आए हैं। कई देशों में कई कई बार। इसे वे खुद भी और गोदी मीडिया भी बड़ी शान से बताते थे कि फलानी जगह पहली बार फलानी जगह इतनी बार। बहुत पहले हर शहर में यह चलता था कि फलाने बाम्बे रिटर्न हैं। और वे बाम्बे अब मुम्बई की फिल्मी दुनिया से असफल वापस लौटने वाले बड़ी शान से वहां के किस्से सुनाते थे।

मगर अभी पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के बाद मोदी के सारे विदेशी दौरों, संबंधों, गले मिलने, माई डियर फ्रेंड ट्रंप कहने की कलई खुल गई। एक देश भी भारत के साथ नहीं आया। क्या विदेश संबंध बनाए इन दौरों ने?

हमारे स्वाभाविक मित्र पड़ोसी राज्य नेपाल और भूटान भी साथ खड़े नहीं हुए।



शकील अख्तर

> यह समय है देश का पक्ष विदेशों में सही तौर पर रखने का। पाकिस्तान की असलियत दुनिया को दिखाने का। यह बताने का कि हमें और पाकिस्तान को एक ही पलड़े में नहीं रख सकते जैसा प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने संघ्रर्षविराम की अचानक घोषणा करते हुए किया था और उसके बाद लगातार कर रहे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद की मदद कर रहा है। हम उसके शिकार हैं।

जनता इन सब चीजों को समझ रही है। थोड़ा-थोड़ा बोल भी रही है। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी की इमेज में जबर्दस्त गिरावट आई है और फिर जब हमारी सेनाएं पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखा रही थी तब अचानक किए संघर्षविराम से मोदी की छवि और गिर गई।

अब जो विदेशों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल भेजे जा रहे हैं तो उनका मुख्य उद्देश्य मोदी की छवि को वापस चमकाना है। और यह काम अगर कांग्रेस का एक सांसद शशि थरूर करेगा तो मोदी को लगता है कि उसका ज्यादा प्रभाव पड़ेगा।

यह समय है देश का पक्ष विदेशों में सही तौर पर रखने का। पाकिस्तान की असलियत दुनिया को दिखाने का। यह बताने का कि हमें और पाकिस्तान को एक ही पलड़े में नहीं रख सकते जैसा प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने संघ्रर्षविराम की अचानक घोषणा करते हुए किया था और उसके बाद लगातार कर रहे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद की मदद कर रहा है। हम उसके शिकार हैं। पहलगाम में निर्दोष 26 पर्यटक मारे गए। किसी भी हालत में भारत और पाकिस्तान को समान नहीं कहा जा सकता। दुनिया को यह बताने की जरूरत है।

कांग्रेस ने इसीलिए केन्द्र सरकार द्वारा मांगे गए नामों को यह देखते हुए दिया कि कौन भारत के पक्ष को ज्यादा मजबूती के साथ रख सकता है। चार नाम मांगे थे। वह चार नाम दिए आनंद शर्मा जो विदेश राज्य मंत्री रहे। राज्य सभा के उपनेता रहे। अनुभवी। गौरव गगोई अभी लोकसभा में विपक्ष के उपनेता हैं। मुस्लिम किस तरह पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ है यह बताने के लिए सांसद नासिर हुसैन और इसी तरह सिख किस तरह आतंकवाद के खिलाफ है यह बताने के लिए पंजाब से लोकसभा सांसद अमरिन्दर सिंह राजा वारिंग के नाम दिए।

लेकिन मोदी को वहां अपना नाम चमकाने वाला चाहिए था। अच्छी अंग्रेजी में। नहीं तो वे मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को विदेश भेज देते जो कह रहे हैं कि पूरा देश, पूरी सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है।

मगर उन्हें यही बात थोड़ा इस तरीके से चाहिए कि विदेशों में यह मैसेज जाए कि भारत में एक ही नेता है मोदी और देश में यह आए कि विदेशों में तो मोदी की धूम मची हुई है यहां कौन मोदी के नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर रहा है।

थरूर से उन्हें उम्मीदें हैं और थरूर इसे जरूर पूरा करेंगे। वहां वे मोदी के नेतृत्व के कसीदे काढ़ेंगे। थरूर को कभी भी अपने मातृ संस्थान की चिन्ता नहीं। कांग्रेस में जब आम राय से मल्लिकार्जुन खरगे को कांग्रेस उम्मीदवार के लिए खड़ा किया गया था तो शशि थरूर ने खुद को ज्यादा योग्य बताते हुए उनकी उम्मीदवारी को चैलेंज किया था। पूरा चुनाव कैमरों के सामने पूरी पारदर्शिता से हुआ। मगर फिर भी हारने के बाद थरूर ने चुनाव प्रक्रिया पर आरोप लगाए।

उसके बाद भी कांग्रेस ने उन्हें 2024 में तिरुवनन्तपुरम से फिर टिकट दिया। जिताया। मगर उसके बाद भी लगातार वे कांग्रेस के खिलाफ बोलते रहे। कई बार चेतावनियां दीं। मगर उनका मोदी प्रेम ( जो वास्तव में सत्ता प्रेम है) कम नहीं हुआ और अब तो वे खुले रूप से कांग्रेस से विद्रोह करके विदेश जाने को तैयार हैं। 2009 से कांग्रेस उन्हें लगातार सांसद बना रही है। मंत्री भी बनाया। कहना तो उन्हें यह चाहिए था कि पार्टी अगर मुझे नामिनेट करेगी तब ही मैं जाऊंगा। मगर वे अपनी पार्टी जिसने उन्हें पहचान दी, उस समय मजबूती से साथ खड़ी रही जब पत्नी सुनंदा पुष्कर की मृत्यु के समय भाजपा उन पर तरह-तरह के आरोप लगा रही थी। मोदी ने 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा। हर समय साथ दिया मगर इस समय जब मोदी अपनी छवि सुधारने के लिए कांग्रेस में असंतोष बताने की कोशिश कर रहे हैं थरुर का उनके साथ जाना बहुत बड़ा विश्वासघात कहलाएगा।

हालांकि इसके लक्षण तो तभी दिख गए थे जब ये यूपीए सरकार में मंत्री थे और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने सभी मंत्रियों से जहाज में बिजनेस क्लास के बदले समान्य क्षेणी में यात्रा करने के लिए बोला था। थरूर ने इसे मानने के बदले सामान्य श्रेणी को कैटल क्लास ( जानवरों का बाड़ा) कहा था। आम आदमी जिसकी बात कांग्रेस करती थी उसका सबसे बड़ा मजाक, अपमान।

हमने तो उस समय भी लिखा, बाद में भी लिखते रहे कांग्रेस को अपने अंदर के ऐसे लोगों ने ही ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। मगर अब कांग्रेस बुरी स्थिति में फंस गई है। दल बदल कानून के अन्तर्गत कांग्रेस अगर उन्हें निकालती है तो उनकी संसद सदस्यता बनी रहेगी। और थरूर यही चाहते हैं।

उनमें इतनी नैतिकता नहीं है कि खुद कांग्रेस से त्यागपत्र दें ( उसमें उनकी संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी) और फिर भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ें। लोकसभा या विधानसभा जो चाहें।

करना तो उन्हें यह चाहिए। बातें तो बड़ी-बड़ी कर रहे हैं। मिसाल भी रखना चाहिए। इस्तीफा देने का साहस दिखाना चाहिए। कांग्रेस और लोकसभा सदस्यता दोनों से।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# आ रहे हैं घर सभी जद में...

भारतीय समाज में धर्म और जाति की जो महीन और अदृश्य दरारें थीं, बीते कुछ सालों में वे खाई में तब्दील हो चुकी हैं। उन्हें पाटने के उपाय अभी तक सोचे नहीं जा सके हैं और उधर नई दरारें भाषा, खान-पान और प्रांत के नाम पर पैदा करने का काम शुरू हो गया है। दो साल पहले मुंबई के एक उपनगर की बहुमंजिला इमारत में एक मराठी महिला को फ्लैट देने से मना कर दिया था, जिस पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना को दखल देना पड़ा। उस इमारत के अधिकांश रहवासी गुजराती हैं और वे नहीं चाहते थे कि कोई गैर गुजराती वहां आये। ऐसा ही मामला हाल में फिर हुआ जब मुंबई के ही एक और उपनगर में एक गुजराती शख्स ने अपने मराठी पड़ोसी के खान-पान को लेकर पूरे महाराष्ट्रीय समुदाय को गंदा कह दिया। इस पर अच्छा-खासा विवाद खड़ा हो गया, जो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ।

मुंबई में मराठी में ही बात करने, दुकानों-कंपनियों के बोर्ड मराठी में ही लगाने पर इस कदर ज़ोर दिया जा रहा है कि हिन्दी या किसी और भाषा में बात करने वालों के साथ बहस और मारपीट तक होने लगी है। पिछले महीने डोम्बिवली इलाके में 'एक्स्क्यूज़ मी' कहने पर दो महिलाओं को पीट दिया गया। अपने आपको मराठियों का सबसे बड़ा हितचिंतक बताने वाली शिवसेना (यूबीटी) ने मांग की कि रेस्तरां और खाने-पीने के ठियों पर पर मेन्यू कार्ड मराठी भाषा में हों तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने बैंकों में सभी डिस्प्ले बोर्ड मराठी में लगवाने और कर्मचारियों से सिर्फ मराठी बोलने के लिए दबाव बनाया और ऐसा न करने पर उन्हें अंजाम भुगतने की धमकियां दीं। एक-दो जगह तो उन पर हमले भी किये गये। इससे परेशान बैंक कर्मचारियों के संगठन ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को चिट्ठी लिखकर सुरक्षा देने की मांग की।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने पवई इलाके में एक चौकीदार को भी इसलिए मारा क्योंकि उसे मराठी नहीं आती। इसी तरह एक सुपर बाज़ार में एक ग्राहक ने वहां के कर्मचारी से मराठी में बात करने के लिए कहा। कर्मचारी के यह कहने पर कि वह केवल हिन्दी में बात कर सकता है, तो ग्राहक ने मनसे से शिकायत कर दी। इसके बाद मनसे के एक नेता ने अपने समर्थकों के साथ सुपर बाज़ार पहुंचकर कर्मचारी की पिटाई कर दी। मुंबई जैसे बहुभाषी महानगर में मराठी ही बोलने के दुराग्रह का एक और उदाहरण सामने आया है। भांडुप इलाके में एक दंपति ने पिज़्ज़ा का ऑनलाइन ऑर्डर दिया और जब डिलिवरी ब्वॉय उनके पास पहुंचा तो उन्होंने यह कहते हुए भुगतान करने से इनकार कर दिया, कि उसे मराठी बोलना नहीं आता। डिलिवरी ब्वॉय से दंपति ने कहा कि पैसे चाहिये तो मराठी बोलनी पड़ेगी। हमारे यहां ऐसा ही है।

ऐसा नहीं है कि मराठी बनाम अन्य भाषा विवाद केवल मुंबई तक सीमित है। इसी साल फरवरी में बेलगावी में लोगों ने मराठी में बात न करने पर कर्नाटक सड़क परिवहन निगम के बस कंडक्टर की पिटाई कर दी थी। इस घटना का असर महाराष्ट्र-कर्नाटक के बीच संचालित बस सेवा पर भी हुआ और आम यात्रियों को तकलीफ़ उठानी पड़ी। बेलगावी को लेकर कर्नाटक और महाराष्ट्र का झगड़ा कोई 6 दशक पुराना है और यह घटना जिस जगह हुई, वह महाराष्ट्र का सीमावर्ती इलाका है। इसी बेलगावी जिले के जांबोटी में मराठी न बोलने पर कर्नाटक रक्षणा वेदिके के एक नेता की भी पिटाई की गई। दूसरी तरफ कन्नड़ कट्टरपंथी भी कुछ कम नहीं निकले। बीते महीने उन्होंने बेंगलुरु में कन्नड़ न बोलने के कारण भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी और उनकी पत्नी पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

बेंगलुरु के ही एक वायरल वीडियो में कोई उत्तर भारतीय शख्स एक ऑटो रिक्शा वाले से यह कहते हुए दिखता है, कि 'अगर आप बेंगलुरु में रहना चाहते हैं तो हिन्दी में बात करें।' इस पर ऑटो चालक ने जवाब दिया कि 'आप बेंगलुरु में हैं, कन्नड़ में बात करें। मैं हिन्दी में बात नहीं करूंगा।' इस विवाद से कन्नड़ भाषियों में आक्रोश भड़का तो उस शख्स ने सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांग ली। इस महीने की शुरुआत में मालदा के 40 प्रवासी मजदूर ओडिशा से काम छोड़कर वापस आ गये। उन्होंने बताया कि संबलपुर के कुछ स्थानीय निवासियों ने उन्हें धमकाया, उनके साथ बदसलूकी और मारपीट की। मज़दूरों ने आरोप लगाया कि उन पर इसलिए हमला किया गया क्योंकि 'वे बंगाल से थे।' गौरतलब है कि पिछले साल ऐसे ही मामलों को लेकर प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी को फोन कर कड़ा ऐतराज़ जताया था।

प. बंगाल के निवासियों की पीड़ा यह भी है कि दूसरे प्रांतों के लोग वहां आकर उनकी संस्कृति और परंपराओं को नष्ट-भ्रष्ट कर रहे हैं। इस प्रदेश में दुर्गा पूजा ही प्रमुख त्योहार रही है, लेकिन बीते एक दशक से रामनवमी का ज़ोर बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही सांप्रदायिक तनाव और हिंसा की घटनाएं भी बढ़ी हैं। 'द हिन्दू' की एक ख़बर के अनुसार, शिक्षाविदों और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने राज्य में 'हिन्दू त्योहारों को हथियार बनाने' पर सवाल उठाये हैं और चिंता जताई है। पश्चिम बंगाल में संघर्ष और सह-अस्तित्व के मुद्दों पर काम करने वाले संगठन-'आमरा एक सचेतन प्रयास' ने 2016 से 2023 की अवधि में प्रदेश में रामनवमी के दौरान पनपे सांप्रदायिक तनाव पर एक रिपोर्ट तैयार की है जिसमें आसनसोल-रानीगंज, हावड़ा और रिशरा में परस्पर टकराव की कई घटनाओं का ज़िक्र किया गया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि 'तृणमूल कांग्रेस ऐसे जुलूस आयोजित करने या उन्हें सहायता देने और में भाजपा और उसके हिन्दूवादी सहयोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है।'



पलाश सुरजन

> इस आग में केवल कुछ बैंक कर्मचारी, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो चालक, बस कंडक्टर, वायुसेना के अधिकारी, मछली व्यापारी या प्रवासी मजदूर ही नहीं झुलस रहे हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता को भारी आघात पहुंच रहा है। कई सदियों से 'अनेकता में एकता' हमारे देश की विशिष्ट पहचान रही है, उसे बनाये रखने के लिए सुविचारित दृष्टि, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम की ज़रूरत होती है।

महीने भर पहले दिल्ली के चितरंजन पार्क में कुछ लोगों ने एक मंदिर के बगल में मछली की बिक्री पर यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि इससे उनकी भावनाएं आहत हो रही हैं। इस इलाके में बड़ी संख्या में बांग्लाभाषी लोगों की रिहाइश है, वहां मछली बाज़ार होना अस्वाभाविक तो नहीं हो सकता। दूसरी बात यह कि यह बाज़ार कोई निजी नहीं, बल्कि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित किया गया है। फिर वह मंदिर भी उसी बाज़ार के दुकानदारों का बनवाया हुआ है। साल 2023 में अहमदाबाद में पूर्वोत्तर की खाद्य सामग्री बेचने वाली एक दुकान के दो कर्मचारियों पर एक भीड़ द्वारा हमला कर दिया गया था। भीड़ का मानना था कि उस दुकान से मांसाहारी पदार्थ बेचे जाते हैं, जबकि कर्मचारियों का कहना था कि वे पूर्वोत्तर की कुछ खास किस्म की सब्जियां और चावल वगैरह ही बेचते हैं। दोनों कर्मचारी नागालैंड के मूल निवासी थे तो वहां के भाजपा अध्यक्ष और राज्य मंत्री तेमजेन इमना अलोंग ने इस घटना की निंदा की थी और निराशा भी व्यक्त की थी।

फ़िलहाल, राहत की बात है कि भारी विरोध के चलते मनसे ने अपना आंदोलन रोक दिया है। हालांकि गैर मराठीभाषी लोगों के प्रति अवमानना का उसका भाव तो खत्म होने से रहा। उधर शिवसेना (उद्धव गुट) ने भी कहा है कि वह गैर महाराष्ट्रीय लोगों को प्यार से मराठी सिखायेगी। देखना होगा कि मनसे कब तक इस मुद्दे पर शांत रहती है, मराठी सिखाने के क्या इंतज़ाम शिवसेना करती है और कितने लोग उसके प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं। याद रहे कि हाल ही में 'संघ' के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा था कि मुंबई में रहने के लिए मराठी आना ज़रूरी नहीं है। इस बयान पर हुए विवाद के बाद उन्हें माफ़ी मांगनी पड़ी थी। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि नफ़रत और हिंसा की जो आग अल्पसंख्यकों के खिलाफ़ भड़काई गई थी, वह अब बिना भेदभाव सबको अपनी चपेट में लेने लगी है।

और इस आग में केवल कुछ बैंक कर्मचारी, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो चालक, बस कंडक्टर, वायुसेना के अधिकारी, मछली व्यापारी या प्रवासी मजदूर ही नहीं झुलस रहे हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता को भारी आघात पहुंच रहा है। कई सदियों से 'अनेकता में एकता' हमारे देश की विशिष्ट पहचान रही है, उसे बनाये रखने के लिए सुविचारित दृष्टि, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम की ज़रूरत होती है। किसी प्रांत में जाकर कुछ देर के लिये वहां की वेशभूषा धारण कर लेना, लोकनर्तकों के साथ कदमताल कर लेना, भाषण में दो-चार वाक्य वहां की भाषा में बोल देना पर्याप्त नहीं है और न ही 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'बंटेंगे तो कटेंगे' या 'एक हैं तो सेफ़ हैं' जैसे सियासी नारों से कुछ होना जाना है। धर्म, भाषा, खानपान और पहनावे के नाम पर अगर एकरूपता का बुलडोज़र चलाया जायेगा, तो यह देश ही नहीं बचेगा।

## आपके पत्र

### आतंकवाद पर सर्वदलीय एकता की आवश्यकता

आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद पर केंद्र सरकार कोई ढील देना नहीं चाहती है। विश्व में तेजी से पैर पसार रहे आतंकवाद पर केंद्र की नीति स्पष्ट है। जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रहे हमारे सैनिक और सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए पाकिस्तान को बेनकाब करने की मुहिम तेज कर दी है। आतंकवाद ने नाक में दम कर दिया है। दुनिया मे गिनती के देश पाकिस्तान को आतंकवाद पर मदद के लिए आ सकते है,परन्तु 99 प्रतिशत देश आतंकवाद के खिलाफ है। निर्दोषों का लहू बहाने में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवाद सक्रिय भूमिका में है। भारत पाकिस्तान के आतंकी जुड़ाव को प्रमाणिकता के साथ अन्य मित्र देशों के सामने रखेगा। दरअसल, ब्रिटेन और अमेरिका जाने वाले दल खुलकर आतंकवाद पर समझाइश भी देंगे। यह हमेशा बात जेहन में रखने की है कि आतंकवाद विश्व में तेजी से बढ़ रहा है। इसका खात्मा करना जरूरी है। सरकार सख्त कदम उठा रही है। कांग्रेस का सर्वदलीय बैठक बुलाने की विपक्ष की सधी हुई कूटनीति और राजनीति भी है। आतंकवाद पर सभी दलों को एकजुटता दिखानी चाहिए। इस पर बहस करना फ़िजूल है। आतंकवाद सामाजिक और राजनीतिक हानि का सूचक है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर का नाम सार्वजनिक होने के बाद कांग्रेस की हलचल तेज हो गई है। थरूर के नाम से कांग्रेस को न तो निगलते बन रहा है और न उगलते। सत्ता दल तुष्टिकरण का महल खड़ा कर वोटबैंक की राजनीति छोड़ कर देश को आतंकवाद के खात्मे पर ध्यान देना चाहिए। संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए कुवैत,अरब बहरीन व अल्जीरिया जैसे मुस्लिम देशों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर को प्रतिनिधित्व दिया गया है। पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवाद पर मुस्लिम समाज और मुस्लिम देशों को कोई एतराज नहीं है। पाकिस्तान का नाम आते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विरोध जताते हुए शशि थरूर का नाम पर एतराज जताते हुए यह कहा कि किसकी सिफारिश पर शशि थरूर का नाम लिया है। कांग्रेस ने तो सिफारिश नही की है। देश के सभी राजनैतिक दलों को एकजुट होने की आवश्यकता है आपसी मतभेद का किनारे कर, अंदरूनी दोषारोपण छोड़कर देश की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस को पूछे बिना उनकी पार्टी के नाम की घोषणा कर दी है। प्रतिपक्ष का पूरा दायित्व बनता है कि देश पर आपत्ति आने पर सरकार के हाथ मजबूत करे। सत्तापक्ष को भी विपक्षी दलों को विश्वास में लेकर आपसी सलाह से कार्य करना चाहिए। आतंकवाद को जड़ से साफ करने के लिए विश्व समुदाय को साथ में लेकर चलना ही होगा। भारत उभरती हुई शक्ति है लिहाजा,सरकार का साथ देने और आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए एकजुट होना होगा। ओवैसी और निशिकांत एक ही दल के हैं और विदेश में पाकिस्तान को बेनकाब करने और आतंकवाद को वैश्विक समस्या बताने के लिए विदेशी दौरा करेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए ओवैसी तैयार हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि देश सबका है आतंकवादी दहशतगर्दी फैलाकर विश्व में अशांति फैलाने के लिए बेताब है। लेकिन मुठ्ठी में ताकत है लिहाजा,इसे खोलने के लिए ताकत लगानी पड़ती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### मोदीजी और उनके मंत्री

*'यह स्पष्ट है कि मोदीजी ने अपने मंत्रिमंडल का गठन करते समय यथाशक्य संतुलन साधने की कोशिश की थी। एक ओर उन्होंने पार्टी के कई अनुभवी एवं वरिष्ठ सहयोगियों को सरकार में शामिल किया तो दूसरी ओर अनेक नए चेहरों को भी स्थान मिला। अनुभवहीन सदस्यों को मंत्री बनाना एक व्यवहारिक आवश्यकता भी थी क्योंकि अधिकतर सांसद पहिली बार चुनकर आए थे। सरकार में क्षेत्रीय भावनाओं का भी ध्यान रखा गया है तथा एनडीए के घटक दलों को भी आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया ही गया है। प्रारंभ में एक गड़बड़ी तब हुई थी जब अरुण जेटली को वित्त एवं प्रतिरक्षा दो भारी-भरकम विभाग एक साथ सौंप दिए गए थे। कालांतर में इस स्थिति को दुरुस्त करने का उपक्रम तो हुआ किंतु आभास होता है कि श्री मोदी को श्री जेटली से बढक़र भरोसा अन्य किसी पर नहीं है। मंत्रिमंडल को अधिक पुरअसर बनाने का एक प्रयत्न बीच में हुआ जब मनोहर पारीकर व सुरेश प्रभु क्रमश- प्रतिरक्षा एवं रेलवे मंत्री के रूप में लाए गए। ये दोनों उज्जवल छवि के धनी रहे हैं और अभी भी उम्मीद की जाती है कि ये कसौटी पर खरे उतरेंगे।'*

**( देशबन्धु में 4 जून 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/06/blog-post.html

## गुरवाणी विचार

### सहस्त्र खटे लाख को उठि धावै

सुख के मांगै सभु को, दुख न मांगै कोय।
सुखै को दुख अगला मन मुख बूझ न होय।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि इस संसार में जो भी जीव आया है और चाहता है कि उसे सदा सुख ही सुख की प्राप्ति होती रहे पर दुख की कोई कामना नहीं करता परंतु सुख चाहने वाले को भी कई बार दुख ही दुख का सामना करना पड़ जाता है। यह देखकर भी व्यक्ति की समझ में फिर भी नहीं आता। ऐसे मनुष्य को मनमुख ही कहा जाएगा। याद रहे दुख और सुख हमें हमारे द्वारा किए गए पूर्व जनमों के कर्मों और इस जनम में किए गए कर्म के अनुसार मिलते है। सुख हमें तभी सदा प्राप्त होगा जब हम प्रभु का नाम सिमरन कर परमात्मा की प्राप्ति कर लेगें। तब हमें सदा सुघ ही सुख की प्राप्ति हो पाएगी। अगर कभी दुख भी मिलेगा तो भी प्रभु आज्ञा मान कर उस वक्त को प्रभु सिमरन में गुजारना है-

जो सुख को चाहे सदा सरण राम की लेहि।

काल और माया की अंधियारी रात में संसार में अज्ञान का घना अंधकार फैला हुआ है इसी कारण आम संसारी मनुष्यों के हृदय में अज्ञान का गहन अंधकार छाया हुआ है इसीलिए वह दुखी परेशान रहता है। चाहता तो सदा सुख ही सुख, आनंद ही आनंद मिलता रहे। सारे जीवन में उसे सदा सफलताएं ही मिलती रहे जिससे उसका जीवन सुखी रहे। वह प्रयत्न करता रहता है, काम, धंधा भी मन लगाकर करता है कि इतना तो धन अर्जित कर ले कि उसे कभी दुख न हो। इसीलिए गुरवाणी में पग पग पर समझाया गया है- बंदे खोज दिल हर रोज न फिर परेशानि माहि।

दुख की यही दशा है कारण सब सांसारिक मोह माया के जाल में फंसे हुए हैं। धन किस तरह अधिक से अधिक कमाया जाये। इसके लिए वह झूठ एवं बेईमानी ठगी का सहारा लेता रहता है। इंसान दस हजार कमाए तो लाख की इच्छा करता है फिर करोड़ों कमाने की सोचता है-

सहस्त्र खटे लाख को उठि धावै। तृपत न आवै माया पाछै पावै।।

इस तरह इंसान की तृष्णा कभी खत्म नहीं होती और वह मायावी पदार्थों में गलतान रहकर प्रभु परमात्मा को बिसार बैठा है इसीलिए दुख ही दुख पाता रहता है। याद रहे हम जो भी धन, जायदाद संचित कर रहे हैं वह हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह कच्चा धन है जो यहीं रह जाने वाला है यहां तक कि यह जो हमारी काया है वह भी साथ जाने वाली नहीं है जिसे हम हर वक्त सजाते रहते हैं। शरीर से जैसे ही प्राण अलग हुए इस निर्जीव शरीर को अग्नि में भेंट कर दिया जाता है या दफना दिया जाता है। साथ में हमारे वही धन जाएगा जो हमने प्रभु नाम सिमरन कर संचित किया होगा। प्रभु नाम सिमरन की कृपा से हम इस संसार में सुखपूर्वक जीवनयापन कर पाएंगे। इस तरह भवसागर से प्रभु सिमरन द्वारा प्राप्त धन अपनी जीवन नौका को सुचारू रूप से पार लगाकर प्रभु लोक में स्थान को प्राप्त कर सकेंगे। प्रभु की सांची दरगार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी। प्रभु का सांचा दरगाह जिसे भक्त रविदास जी ने बेगमपुर का नाम दिया है जहां पर किसी प्रकार गम की चिंता नहीं है। अत:-

हलति सुख पलति सुख सदा सिमरनो नाम हरि का लीजै सदा।

इसीलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह,माया का मार्ग त्याग कर प्रभु सिमरन बंदगी में अपना मन लगा लेवें। प्रभु परमात्मा को पाने के लिए हमें कहीं वन, कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ में रहकर हाथ-पांव से काम कर अपने परिवार का उदर पोषण भी करते रहना है और नेक कमाई से दसबंध निकाल कर दीन दुखियों की सेवा भी करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआं गहरे पानी पैठ। मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारे वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही इसकी प्राप्ति हो पाती है उसी तरह प्रभु सिमरन भक्ति में मन लगाकर उसकी प्राप्ति करनी है तभी हमें दुखों से निजात मिल पाएगी।

सिमरो सिमर सिमर सुख पावो। कल कलेश तनि महि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

**उल्टा पुल्टा**

बंता- अरे तू इतना मोटा कैसे हो गया

संता- हमारे घर में फ्रिज नहीं है ना

बंता- तो?

संता- कुछ बचा नहीं सकते, सब खाना पड़ता है!

## संपादकीय

### निकासी की हो मुकम्मल व्यवस्था

*हर बढ़ते शहर की तरह छत्तीसगढ़ के तकरीबन सभी शहरों एवं बढ़ते हुए कस्बों में जल निकासी बड़ी समस्या है। इसका सर्वाधिक खराब स्वरूप बरसात में देखने को मिलता है जब शहरों में जलभराव हो जाता है। सड़कों से लेकर तंग गलियां सभी घंटों जलमग्न हो जाती हैं। ऐसा नहीं कि नगरीय निकाय कुछ करते नहीं। उपलब्ध वित्त, संसाधन एवं क्षमता के मुताबिक हर बार कई तरह के इंतज़ाम तो किये जाते हैं लेकिन वे पूरे नहीं पड़ते। उसका कारण है बढ़ती आबादी तथा तंग होती नालियां और सिकुड़ते हुए नाले। जितनी बड़ी नालियां उतना ही उनमें कूड़ा-कर्कट। चूंकि ज्यादातर नालियां-नालों को ढंका नहीं गया है, लोग उनका उपयोग कचरा डालने में करते हैं जिसके कारण वे अवरुद्ध रहते हैं। खुली जगहों पर पड़ा कचरा भी बरसात होने पर बहकर इन नालियों एवं नालों में समा जाता है।*

*रायपुर नगर निगम ने बरसात की तैयारियों के रूप में अभी से कमर कस ली है। महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को सभी जोन अध्यक्षों तथा अधिकारियों की बैठक ली। इसमें सभी जोन के लिये 25-25 कर्मचारी दिये गये हैं जो सफाई का काम ही करेंगे। इसके साथ ही 3-3 लाख रुपये भी आवंटित किये गये हैं। शहर में 2 से ज्यादा नाले बतलाये जाते हैं जिनकी कुल लम्बाई 11 किलोमीटर है। कुछ बड़े नाले 2 से 25 फुट तक गहरे हैं। इनमें विभिन्न इलाकों की नालियां आकर मिलती हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मानसून का आगमन जल्दी हो सकता है। इसलिये सभी जोनों में सफाई का काम तत्काल प्रारम्भ किये जाने की ज़रूरत है।*

*इस पैटर्न को अन्य शहरों में भी अपनाया जा सकता है। दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव जैसे शहर भी हर साल मानसून के दौरान इस समस्या से दो-चार होते हैं। रायपुर राजधानी तो है ही, वह स्मार्ट परियोजना के अंतर्गत आने वाला शहर भी है। 25-25 कर्मचारी किस तरह से जलभराव की समस्या से निज़ात दिला सकेंगे, यह देखना होगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि आवश्यकतानुसार अधिक राशि आवंटित की जा सकती है।*

*हालंकि यह भी सच है कि सिर्फ कुछ दिनों की तैयारी से शहरों को, खासकर बड़े आकार के, जलमग्न होने से नहीं बच पायेंगे। उसका कारण यह है कि जब तक किसी इलाके में सफाई का एक चक्र पूरा होता है तब तक दूसरे क्षेत्र में कचरा फिर से नालियों और नालों में इकट्ठा होने लगता है। चूंकि ये खुली हैं, इसलिये इनमें घरों, व्यवसायों, उद्योगों या अन्य प्रतिष्ठानों का कूड़ा सतत गिरता रहता है। प्रमुख शहरों को इन नालियों व नालों को जब तक पूरी तरह से ढंका नहीं जाता, यह समस्या बनी रहेगी। इसके लिये कम से कम रायपुर सहित बड़े शहरों से शुरुआत होनी चाहिये। बीमारियों से बचाव का भी यही एकमात्र तरीका है।*

# ट्रैफिक पुलिस ने इंटरसेप्टर वाहन द्वारा 10,000 से अधिक प्रकरण बना 80 लाख समन शुल्क वसूला

## एक्सीलेटर पर रखे नियंत्रण अन्यथा देना होगा भारी चालान और लाइसेंस का भी होगा निलंबन

### सड़कों पर चलने वाले प्रत्येक वाहनों पर इंटरसेप्टर की पैनी नजर

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित रूप से सख्त से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय के द्वारा वाहनों के गति पर नियंत्रण रखने हेतु इंटरसेप्टर वाहन जिले को प्रदान की गई है जिसके द्वारा नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे एवं अन्य सड़कों पर सतत रूप से वाहनों की गति पर पैनी नजर रखी जा रही है इंटरसेप्टर पर इनबिल्ट स्पीडोमीटर अर्थात स्पीड राडार गन कैमेरा के माध्यम से वाहनों की नियत गति से अधिक गति पर तत्काल मॉनिटर करते हुए ऑनलाइन चालानी कार्यवाही धारा 112/183(1) के तहत 1000 रुपये की जुर्माना की जा रही है।

इंटरसेप्टर वाहन जिले के किसी भी क्षेत्र में कभी भी किसी भी सड़क मार्ग पर कहीं भी खड़ी होकर चालानी कार्रवाई को अंजाम दे सकती है। यातायात उल्लंघन कर चालानी कार्यवाही से बचने के लिए कितना भी शातिर वाहन चालक एवं चालाक वाहन चालक हो जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर चलते हुए वाहनों के एक्सीलेटर पर बिना नियंत्रण के मनमौजी तरीके से वाहन चलाते हैं और न सिर्फ स्वयं खतरों और जोखिम में होते हैं अपितु अन्य राहगीरों के लिए भी खतरा और जोखिम उत्पन्न करते हैं ऐसे स्टंट बाज और फरारी कार जैसे वाहनों का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों पर कठोर एवं सख्त कार्रवाई इंटरसेप्टर में लगे स्पीड राडार गन और स्पीडोमीटर द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत धारा 112/183(1) की जा रही है।

स्पीडोमीटर में इनबिल्ट ब्रीथ एनालाइजर के





द्वारा भी निरंतर रूप से शराब एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर निगरानी रखी जा रही है तथा एल्कोमीटर के माध्यम से वाहन चालक की मुंह के दुर्गंध के आधार पर शराब की सेवन की मात्रा का पता कर ली जाती है तत्पश्चात शराब सेवन करके वाहन चलाने वाले वाहन चालक के विरुद्ध एम व्ही एक्ट की धारा 185 के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय भेजी जाती है जिसमें 10000 से लेकर 20000 तक की समन शुल्क के साथ न्यायालयीन प्रक्रियाओं से उन्हें गुजरना पड़ता है। इस दौरान यातायात या पुलिस विभाग के द्वारा उक्त वाहन चालक के लाइसेंस निरस्तीकरण का कार्य भी तत्काल की जाती है।

इंटरसेप्टर पेट्रोलिंग टीम के द्वारा वाहनों में लगे हुए अलग-अलग प्रकार के लाइटों की तीव्रता का भी मापन किया जाता है विधिमान्य तीब्रता वाले प्रकाश से अधिक तीव्रता वाले मॉडिफाइड लाइट लगाने वाले वाहन चालकों पर भी सघन एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है क्योंकि कई प्रकार की दुर्घटनाएं मॉडिफाइड लाइट लगा करके आंखों को चौंधियाने एवं विचलित करने वाली लाइटों के कारण भी दुर्घटना घटित होने से इनकार नहीं की जा सकता ।अत: इस हेतु भी लगातार एम व्ही एक्ट की धारा 108 की कार्यवाही जा रही है और समन शुल्क 2000 की चालान की जा रही है।

इंटरसेप्टर वाहन में इनबिल्ट ध्वनि विस्तारक मापक यंत्र के माध्यम से वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न एवं मोडिफाइड साइलेंसर पर सतत निगरानी रखते हुए उक्त वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध लगातार एम व्ही एक्ट की धारा 119(2)/177 की कार्यवाहियां की जा रही है और 300 रुपये की समन शुल्क ली जा रही है साथ ही मोडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न को तत्काल ही वाहन मालिक के द्वारा स्पॉट पर ही निकलवा दी जाती है एवं दोबारा लगाए जाने पर प्रकरण बनाकर न्यायालय भेज दी जाती है जहां पर कई बार 5000 से 10000 एवं उससे अधिक राशि की भी फाइन ऐसे व्यक्तियों वाहन चालकों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा की गई है।

आजकल अनेक वाहनों में अपराधियों के द्वारा कई प्रकार के आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास किया जाता है और इस दौरान वे वाहनों के खिड़कियों में लगे हुए कांच पर अपारदर्शी ब्लैक फिल्म चिपका कर रखते हैं ताकि उन्हें कोई पहचान ना सके और कैमरे के नजर से भी बच सके इस हेतु लगातार ब्लैक फिल्म लगाकर कांच की पारदर्शिता को अवरोध करने वाले वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमित रूप से एम व्ही एक्ट की धारा 100/177 के तहत कार्यवाही करते हुए 2000 रुपये की समन शुल्क काटा जाता है और तत्काल ही वाहनों पर लगे हुए ब्लैक फिल्म को यातायात एवं पुलिस विभाग के द्वारा निकलवा ली जा रही है।

इस तरह इंटरसेप्ट वाहन के और उसमें लगे हुए विभिन्न तकनीकी मशीन के माध्यम से लगातार कार्रवाई करते हुए पिछले जुलाई 2024 से लेकर वर्तमान तक 10000 (दस हजार) से ऊपर के प्रकरण बनाते हुए 8000000 (अस्सी लाख रुपये) से अधिक राशि की समन शुल्क जारी कर कार्यवाही की गई है। इसमें से कुछ प्रकरण न्यायालय भेज कर तय गति से अधिक गति में वाहन चलाने वाले पर एवं इंटरसेप्टर के तहत की गई अन्य कार्यवाही में अधिक से अधिक राशि से दंडित किया गया है।

## सार-संक्षेप




### चाय पर चर्चा में सेना को किया गया नमन

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। सनातन संस्कृति के प्रचार व प्रसार हेतु कटिबद्ध अंकुश सपोर्ट एंड वेलफेयर एसोशिएशन के आव्हान पर आज मंदिर प्रांगण, शुभम् विहार कालोनी, बिलासपुर में चाय पर चर्चा पर ऑपरेशन सिंदुर की सफलता पर भारतीय सेना के प्रत्येक कदम का समर्थन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ बिगुल बजाने का आव्हान किया गया। उपस्थित सभी सनातनियों ने मिलजुल कर एक नया अध्याय लिखने व सुगठित एवं यशस्वी समाज के लिए तन मन धन से समर्पित रहने का संकल्प लिया। अंत मे कालोनी की समस्याओं बिजली के नये ट्रांसफार्मर की स्थापना, चौंक चौराहों पर आवागमन सुविधाजनक करवाना, मंदिर प्रांगण के अंदर शराब खोरी निषेध का बोर्ड, सामुदायिक भवन में एक पुस्तकालय की स्थापना, सड़क की मरम्मत, पाटीदार भवन के सामने एकांक्षी मार्ग आदि समस्याओं का समाधान करवाने के लिए अंकुश सपोर्ट एंड वेलफेयर एसोशिएशन के अध्यक्ष अखिलानँद पांडेय, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, महामंत्री ललित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, रंजन सिंह, कृष्णा सोनी,अंजिता आदिले, लखनलाल शर्मा, एम एल बरसैंया, ईश्वर तिवारी, एस के दुबे, आर पी मिश्रा, संजय सिंह,छगनलाल यादव, रमेश कुमार पटेल, अखिलेश द्विवेदी, डी पी सक्सेना, विजय कुमार गुप्ता, शिवांश पाण्डेय, आर्या पाण्डेय, अनिल तिवारी सहित समस्त पदाधिकारियो के नेतृत्व में एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए मोहल्ले, नगर, प्रदेश में होने वाली प्रत्येक अवांछनीय घटनाओं पर संज्ञान लेकर जिला प्रशासन के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करवाने का निर्णय लिया गया।

### विश्व हिंदी परिषद छत्तीसगढ़ के शैक्षिक प्रकोष्ठ की महामंत्री बनी डॉ. अनिता सिंह

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। विश्व में हिंदी के प्रचार - प्रसार एवं हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित संस्था विश्व हिंदी परिषद नयी दिल्ली भारत के छत्तीसगढ़ शैक्षिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. संगीता बनाफर अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की है ।उन्होंने बताया कि परिषद का उद्देश्य हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार करना है इस हेतु छत्तीसगढ़ प्रकोष्ठ के महामंत्री शैक्षणिक प्रकोष्ठ के दायित्व हेतु डॉ.अनिता सिंह को नियुक्त किया गया है ।आप वर्तमान में महाराणा प्रताप महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं । हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हो हिंदी में लेखन कार्य करते हुए समीक्षक- उपन्यासकार के नाम से प्रसिद्ध हैं। विविध विषयों पर इनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित एवं संपादित हैं तथा छत्तीसगढ़ रन से सम्मानित हैं। 21वीं सदी के नव्य विमर्श किन्नर- विमर्श और विकलांग- विमर्श पर आधारित उपन्यास समय से आगे और स्वीकरण ने इन्हें राष्टीय ही नहीं अंतरराष्टीय स्तर पर पहचान दिलाई है।



## युवक को मारपीट कर गरम तेल में जलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार,भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। भरत रजक और अन्य साथी के साथ ग्राम खोहनिया, उच्चभट्ठी शादी घर में आर्डर पर खाना बनाने गये थे। अमन केंवट दोसा बना रहा था तो जितेन्द्र यादव व राम कुमार यादव अच्छा दोसा नहीं बनवा रहे हो कहकर भरत रजक के साथ मां, बहन की गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट धक्का देकर भरत रजक को पुड़ी बन रहे गरम तेल के कड़ाई में गिरा दिया जिससे भरत रजक के पेट, कमर, दोनों हाथ तथा चेहरा तेल से जल गया, जिसे शासकीय अस्पताल सीपत लेकर गये जिसे रिफर कर देने से बीटीआरसी अस्पताल बिलासपुर में ईलाज हेतु भर्ती किये है। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, मामले की गंभीरता को देखते हुये प्रकरण में आहत का बेडहेड टिकट प्राप्त किया गया।



प्रकरण मे आरोपी गण के द्वारा आहत भरत रजक जीवन को संकटापन्न कर आहत 15 दिनों से अधिक तीव्र शारीरिक पीड़ा में रहा और काम काज करने मे असमर्थ रहा। जिससे प्रकरण में धारा 118(2) बीएनएस जोडकर आरोपी जितेन्द्र यादव व रामकुमार यादव से पूछताछ कर जुर्म करना स्वीकार करने पर गिरफ्तारी के कारणो से अवगत कराकर आरोपी गण को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# सेंट्रल आबकारी की टीम ने चकरभाठा में बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब व लहान जब्त किया

### स्थानीय आबकारी विभाग और पुलिस नहीं कर रही थी कार्रवाई

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। गनियारी में बड़े पैमाने पर अंग्रेजी शराब पकड़े जाने के बाद अब बिलासपुर से लगे चकरभाठा क्षेत्र में भी अवैध महुआ शराब निर्माण का बड़ा मामला सामने आया है। रायपुर सेंट्रल आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को चकरभाठा थाना क्षेत्र के वर्मा मोहल्ला (वार्ड क्रमांक 9) में छापा मारकर भारी मात्रा में महुआ और लहान जब्त किया है। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां लंबे समय से अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर आसपास के गांवों में छोटे कोचियों के जरिए सप्लाई की जा रही थी। तालाबों में महुआ को सड़ाकर देशी कच्ची शराब तैयार की जा रही थी। आबकारी टीम ने मौके पर ही सैकड़ों लीटर लहान और महुआ को नष्ट कर दिया।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध



कारोबार की जानकारी स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग को पहले से थी, बावजूद इसके अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी। सवाल उठता है कि जब रायपुर से आई टीम को इस धंधे की खबर मिल सकती है, तो स्थानीय थाना और विभाग ने आंखें क्यों मूंद रखी थीं?

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस कारोबार को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। चर्चा है कि आबकारी विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत चलते अब तक कार्रवाई नहीं हो रही थी। यह भी एक बड़ा कारण रहा कि रायपुर की टीम को हस्तक्षेप करना पड़ा।

चकरभाठा का वर्मा मोहल्ला, जो एयरपोर्ट रोड पर ओवरब्रिज से पहले स्थित है, पहले भी कच्ची शराब के मामलों में सुर्खियों में रहा है। इसके बावजूद यहां लगातार अवैध निर्माण जारी रहना, आबकारी विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस कारोबार को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। चर्चा है कि आबकारी विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत और 'महीने' की व्यवस्था के चलते अब तक कार्रवाई नहीं हो रही थी। यह भी एक बड़ा कारण रहा कि रायपुर की टीम को हस्तक्षेप करना पड़ा।

चकरभाठा का वर्मा मोहल्ला, जो एयरपोर्ट रोड पर ओवरब्रिज से पहले स्थित है, पहले भी कच्ची शराब के मामलों में सुर्खियों में रहा है। इसके बावजूद यहां लगातार अवैध निर्माण जारी रहना, आबकारी विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर सहकार भारती पदाधिकारियों ने किया मल्हार पुरातत्व संग्रहालय का निरीक्षण

### मूर्तियों की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

**बिलासपुर**, 18 मई (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 के अवसर पर सहकार भारती छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मल्हार स्थित पुरातत्व संग्रहालय का निरीक्षण किया। सहकार भारती के प्रदेश संयोजक (पैक्स प्रकोष्ठ) , घनश्याम तिवारी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष रामप्रकाश केशरवानी ने इस अवसर पर मल्हार नगर का दौरा किया और वहाँ पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित प्राचीन मूर्तियों एवं धरोहरों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि संग्रहालय परिसर में सैकड़ों ऐतिहासिक मूर्तियाँ एवं प्रतिमाएँ खंडित अवस्था में बिना किसी संरक्षण के खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई हैं। इनमें से कई मूर्तियाँ शैव, वैष्णव और जैन परंपरा से संबंधित हैं, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण हैं। अधिकांश मूर्तियाँ समय की मार झेलते हुए तेज धूप, वर्षा और अन्य प्राकृतिक कारणों से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए श्री रामप्रकाश केशरवानी ने कहा कि इतनी कीमती और दुर्लभ धरोहरें यदि खुले में यूँ ही उपेक्षित पड़ी रहीं, तो आने वाले वर्षों में हमारा इतिहास ही मिट सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि सहकार भारती द्वारा मल्हार में एक नवीन और सुव्यवस्थित संग्रहालय की स्थापना हेतु पुरातत्व विभाग एवं राज्य शासन से संपर्क कर आवश्यक प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि प्रयास किये जाएंगे कि इन मूर्तियों एवं अन्य पुरातत्विक धरोहरों को यथासंभव संरक्षित, व्यवस्थित और प्रदर्शित किया जाए ताकि ये धरोहर भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी उपलब्ध रहें।



इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के पहले पुरातत्ववेत्ता स्वर्गीय कृष्णकुमार तिवारी एवं उनके पिता स्वर्गीय खुलूराम तिवारी को सादर स्मरण किया। सास,सद कृष्णकुमार तिवारी ही वह व्यक्तित्व थे जिनके अथक प्रयासों से मल्हार नगर में पुरातत्व की विधिवत खुदाई का शुभारंभ हुआ। वे स्वयं एक प्रख्यात पुरातत्व संग्रहकर्ता थे जिन्होंने वर्षों तक दुर्लभ वस्तुओं को एकत्र कर सहेज कर रखा। उनके संग्रह में ताम्रपत्र, स्वर्ण निर्मित ईंटें, मृतभांड (प्राचीन काल के मटके), तथा लोहे के औजार आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

श्री तिवारी के जीवन की एक अत्यंत दु:खद घटना का भी उल्लेख किया गया — वर्ष 1961 में जब वे उज्जैन में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पानी की टंकी गिरने की दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त हुए। इस दुर्घटना में उनकी मृत्यु पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई थी। उनकी स्मृति आज भी छत्तीसगढ़ और विशेषकर मल्हार के लोगों के दिलों में जीवित है।

श्री तिवारी द्वारा प्रेरित होकर आज भी कई स्थानीय संग्रहकर्ता उनके द्वारा एकत्र की गई वस्तुओं को बड़े सहेजकर रखे हुए हैं। उनके संग्रह के आधार पर क्षेत्रीय इतिहास और संस्कृति पर शोध कर रहे विद्वानों एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

### नव संग्रहालय की आवश्यकता और जनसंवेदनशील पहल

सहकार भारती छत्तीसगढ़ का यह दौरा केवल एक औपचारिक निरीक्षण नहीं था, बल्कि यह सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक ठोस पहल के रूप में देखा जा रहा है। श्री घनश्याम तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मल्हार जैसे ऐतिहासिक नगरों को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यहाँ की हर मूर्ति, हर प्रस्तरखंड हमें हमारे अतीत से जोड़ता है। यदि हम आज इसे नहीं सहेज पाए, तो कल हमारे पास केवल अफसोस ही बचेगा।

उन्होंने यह भी मांग की कि मल्हार में एक नवीन भवनयुक्त संग्रहालय की स्थापना की जाए, जिसमें समस्त पाषाण मूर्तियों एवं प्राचीन वस्तुओं को वैज्ञानिक ढंग से संरक्षित किया जा सके। इसके साथ-साथ मल्हार में एक शोध केंद्र की भी स्थापना का सुझाव दिया गया, जहाँ पुरातत्वविद, इतिहासकार एवं शोधार्थी अध्ययन एवं अनुसंधान कर सकें।

### समाप्ति में एक संकल्प

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के इस अवसर पर सहकार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा यह संदेश दिया गया कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरें केवल अतीत की पहचान नहीं, बल्कि भविष्य की पूँजी हैं। इन्हें सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मल्हार की ऐतिहासिकता, श्री तिवारी जैसे समर्पित पुरातत्ववेत्ताओं की स्मृति और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से एक नई पहल की शुरुआत हो चुकी है। आवश्यकता है कि शासन, प्रशासन और समाज मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएँ।

# मेगा प्रोजेक्ट पहुंचे सीएमडी ने कहा- बारिश में कोल उत्पादन न हो बाधित

## मानसून से पहले जरूरी तैयारी हो खदानों में

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। बारिश आने को है, इससे पहले जिले में संचालित एसईसीएल की बड़ी परियोजनाओं को लेकर प्रबंधन गंभीरता दिखा रहा है। सीएमडी हरीश दुहन रविवार को गेवरा-दीपका के दौरे पर थे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के साथ खदानों का विजिट कर उत्पादन की समीक्षा की। भू-अर्जन की समस्याओं को जानने के साथ प्रबंधन को कहा कि बारिश के दौरान कोयला उत्पादन बाधित न हो, इसके लिए जरूरी तैयारी की जाए।

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन दीपका मेगा खदान पहुंचे और खनन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम अमगांव व मलगांव से लगे केसीसी पैच का दौरा किया, जहाँ चल रही खनन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए हाल हीं में भूमि अधिग्रहण की जानकारी ली। उत्पादकता बढ़ाने और ओबीआर कार्यों के तहत टॉप सॉइल को विधिवत हटाकर संरक्षित रखने पर विशेष बल दिया।



उत्पादन वृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी उत्पादकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। अधिकारियों से कहा गया कि लक्ष्य की पूर्ति और उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए हमें अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होगा और नई तकनीकों को अपनाना होगा। साथ ही भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण करना होगा। हमें स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम करना होगा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। सीएमडी के निरीक्षण से दीपका मेगा माइन के उत्पादन और सुरक्षा में सुधार की उम्मीद है। इसके पश्चात, उन्होंने डिपार्टमेंटल पैच का निरीक्षण कर वहाँ की स्थिति की समीक्षा करी। खदान निरीक्षण के दौरान उन्होंने एरिया महाप्रबंधक एवं कोर टीम से आगामी मानसून सीजन की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय मिश्रा व अन्य अधिकारी उनके साथ रहे।

# ओबी डंपिंग के दौरान खाई में गिरने से बचा डंपर, ऑपरेटर की जान बची

## सीएमडी के दौरे से पहले हुई घटना




कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। गेवरा परियोजना में आज दोपहर करीब 12.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। 150 टन क्षमता वाली बायलॉज डम्पर ओबी डंपिंग के दौरान गहरी खाई में गिरने से बाल-बाल बची। यह घटना उस समय घटी जब डंपर डंपिंग स्थल पर कार्यरत था।

डंपर ऑपरेटर अशोक यादव की सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता के चलते न केवल उनकी जान बच पाई, बल्कि कंपनी को संभावित लाखों रुपये के नुकसान से भी राहत मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर अचानक नियंत्रण से बाहर हो गया था, लेकिन अशोक यादव ने सूझबूझ से वाहन को सुरक्षित स्थिति में रोक दिया। घटना के लगभग बीस मिनट बाद कोल इंडिया के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) का गेवरा परियोजना में आगमन हुआ। परियोजना अधिकारियों और कर्मचारियों ने अशोक यादव की तत्परता की प्रशंसा की है।परियोजना प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव हेतु अतिरिक्त सुरक्षा उपाय अपनाने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### एमपी के सीएम के बयान की सीपीआई ने की निंदा



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने एमपी के सीएम मोहन यादव के उस बयान की निंदा की जिसमें लाल सलाम वालों को जीने का अधिकार नहीं, कहा गया। वर्मा ने कहा कि यह राजनैतिक हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास है। यह सिर्फ विचारों का दमन नहीं, बल्कि उन लाखों नागरिकों को धमकी है जो समता, न्याय और बराबरी की राजनीति में विश्वास रखते हैं। सीपीआई मुख्यमंत्री से तत्काल सार्वजनिक माफी मांगने की मांग करती है और केंद्र सरकार से आग्रह करती है कि वे इस बयान का संज्ञान लें। भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, जहां हर नागरिक को अपनी विचारधारा रखने और उसे व्यक्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। सर्वमंगला नगर दुरपा में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। 18 से 26 मई तक चलने वाले संगीतमय श्रीमद् भागवत में कथा व्यास पंडित आचार्य सत्यव्रत तिवारी पौड़ी वाले कथा सुनाएंगे। इसके अलावा आचार्य अशोक दुबे, उप आचार्य गोपाला दुबे पूजन पाठ संपन्न करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। क्षेत्र के लोगों से कथा श्रवण करने आग्रह किया गया है।

### खेलो इंडिया में अर्जुन को गोल्ड मेडल




कोरबा-दीपका, 18 मई (देशबन्धु)। कल्लरी पेयटू में जिले के दीपका के अर्जुन कुमार चंद्रा को स्वर्ण पदक मिला है। स्वर्ण पदक मिलने के पश्चात दीपका पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बिहार के पटना में चल रहे 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ ने रविवार को कल्लरी पेयटू में स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। इस खेल में राज्य से 11 खिलाड़ियों का दल अलग इवेंट में भाग लेने गया था। स्वागत के दौरान कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के गजेंद्र पाल सिंह तंवर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सब्जी के झोले में मिला करैत



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। शनिवार की रात मुड़ापार बाजार से खरीददारी करके लौटे ग्राम दादरखुर्द के एक व्यक्ति के थैले में जहरीला कॉमन करैत सांप घुस आया। थैले में सब्जी के साथ सांप देखते ही घर के सदस्यों में डर का माहौल बन गया। मोहन साहू ने तुरंत इसकी सूचना रेस्क्यू टीम गप्पू केवट और उमेश यादव को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सांप का सुरक्षित रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ दिया। सर्प मित्रों ने बताया कि यह सांप बहुत खतरनाक होता है व सोए हुए इंसान को रात में काट लेता है। विशेष रूप से सब्जी विक्रेताओं और ठेला चालकों को अपने सामान की नियमित जांच करने और थैलों को खुले में न छोड़ने का सुझाव दिया गया ,साथ ही कहा गया कि थैलों और डिब्बों की अच्छी तरह से जांच कर लें।

### टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने गोपाल



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। जिले में टैक्स बार एसोसिएशन के 2025-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष के पद पर सीए गोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए अमर अग्रवाल, सचिव के पद पर सीए माला सिंह तथा कोषाध्यक्ष के पद पर कर सलाहकार सचिन सिंघल को मनोनीत किया गया है। नव निर्वाचित सदस्यों ने विश्वास दिलाया है कि जिले में कर सलाहकार समुदाय के एकजुट प्रयासों की सफलता एवं नई टीम कर विशेषज्ञों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी जो निश्चित से ही हमारी सफलता का प्रतीक भी बनेगा। टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित दी।

### विधायक ने नोहर को बनाया प्रतिनिधि



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने नोहर सिंह कंवर को जनपद पंचायत के निर्माण, संचार एवं संकर्म विभाग निर्माण कार्य हेतु अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

निर्माण, संचार एवं संकर्म विभाग निर्माण कार्य के समीक्षा बैठक में नोहर उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे।

# कटहल गार्डन का 55 लाख से कायाकल्प हुआ

## उद्योग मंत्री ने 1 करोड़ के कार्यों की सौगात दी

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 25 के अंतर्गत स्थित कटहल गार्डन का मेन रोड तक 55 लाख रूपये की लागत से सौंदर्यीकरण व विकास का कार्य कराया गया है। एक कार्यक्रम में इसका लोकार्पण किया गया। यहां उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने 1.20 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ निगम के पार्षदगणों व जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसी प्रकार निगम द्वारा 21 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 25 स्थित कटहल गार्डन एम.पी.नगर कोरबा का मेन रोड तक एण्ड-टू-एण्ड पेविंग कार्य कराया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 31 कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत निर्मला स्कूल के पास



19 लाख 65 हजार रूपये की लागत से वेडिंग जोन का निर्माण किए जाने के साथ ही वार्ड क्र. 32 पोड़ीबहार में चन्द्रा समाज के भवन के पास नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन के ऊपर 25 लाख रूपये की लागत से हाल का निर्माण कराया जाना हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अब तक 400 करोड़ के काम किए गए हैं। डीएमएफ से पर्याप्त फंड मिल रहा है। इस मौके पर प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद अशोक चाबलानी, नरेंद्र देवांगन, अनुज जायसवाल, धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड, ममता यादव, पंकज देवांगन, वर्षा वैष्णव, राकेश वर्मा, लक्ष्मण श्रीवास, चंद्रकली जायसवाल, सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, नरेंद्र पाटनवार, ज्योति वर्मा, मीना शर्मा, महेश गुप्ता, आकाश श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, एनके नाथ, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा , विनोद गोंड सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। सिटीजन फॉर नेशनल सिक्युरिटी नामक संगठन ने रविवार को कोरबा में तिरंगा यात्रा निकाली।



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर यह कार्यक्रम हुआ। इसके माध्यम से भारत माँ के मान सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प दोहराया गया। कोरबा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर परिसर से सुभाष चौक तक संपन्न तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष और बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि कोरबा में उमड़ा यह जनसैलाब भारतीय सेना की वीरता, देश की एकता, अखंडता और देशवासियों के अटूट विश्वास व देशभक्ति का प्रतीक है। जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह समेत अधिक संख्या में सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार के सवालों का जवाब देने वाले पुरस्कृत

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार पर केन्द्रीत एक कार्यक्रम का आयोजन जनसंपर्क विभाग ने ओपन थिएटर में रखा। सहभागियों को यहां पर पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक क्विज़, जिसमें सुशासन तिहार, प्रदेश सरकार की योजनाओं, शासन की पहल तथा कोरबा जिले से जुड़े सवाल शामिल रहें का खास आकर्षण रहा। युवाओं ने इसमें भाग लेकर सवालों के जवाब दिए। इस दौरान सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत अपनी समस्या को लेकर आवेदन देने वाले वे हितग्राही भी थे जिनके आवेदन का निराकरण हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही मनु उराव, बिन्देश्वरी, मनहरण सिह, अलख राम, बरेलाल, अंबिका यादव, पार्वती चौहान, शशी चौहान, शत्रुहन श्रीवास, पेंशन के हितग्राही अनिल सिंह, राशनकार्ड के हितग्राही सुलोचनी साहू सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव को बताया। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक श्रीमती इस्मत जहां दानी और




पीआरओ कमलज्योति, जिला समन्वयक आशुतोष गौरहा ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। कार्यक्रम को संचालन रेडियो जॉकी अनिमेष शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को जनमन पत्रिका और शासन की योजनाओं पर आधारित फूड वाउचर प्रदान किए गए। आयोजन में पारंपरिक लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजन को रोचक और प्रेरणादायक बनाती रहीं।

# कलिंगा पर चालकों से मारपीट का आरोप, पुलिस करेगी जांच

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल की मानिकपुर खदान की ठेका कंपनी कलिंगा के मैनेजर चक्रधर मोहंती और कंपनी के चालकों के बीच विवाद हुआ। मोहंती और उनके बाउंसर पर कर्मचारियों के साथ मारपीट का आरोप है। दोनों पक्षों ने मानिकपुर चौकी में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

मानिकपुर खदान से प्रभावित सात गांवों के ग्रामीण शनिवार रात थाने पहुंचे। उन्होंने मोहंती के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों ने थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। ग्रामीण अमन पटेल के मुताबिक, मोहंती ट्रांसफर रोकने और करने के नाम पर पैसों की मांग करते हैं। उनके खिलाफ पहले भी कई शिकायतें की गई हैं। आंदोलनकारियों का आरोप है कि मोहंती कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं और जातिगत



गालियां देते हैं। सीएसपी भूषण एक्का ने कहा कि मारपीट की शिकायत पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर खदान बंद कर दी जाएगी। उन्होंने बैठक कर मोहंती के खिलाफ आंदोलन की योजना बनाई है।

# सुरक्षा और प्रचालन क्षेत्र में डिजिटल नवाचार

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर अपने पूरे मूल्य श्रृंखला में अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बालको ने कई डिजिटल नवाचार किये हैं जिससे प्रचालन में सकारात्मक बदलाव आया है।

सस्टेनेबल और ऊर्जा-कुशल संचालन को बढ़ावा देने के लिए बालको ने अपने पॉटलाइन में एक नया रीलाइनिंग डिज़ाइन अपनाया है। 100 प्रतिशत ग्रैफिटाइज़ेशन के बाद से ऊर्जा की खपत में 400 किलोवाट-घंटा प्रति मीट्रिक टन की कमी आई है, जिससे करंट एफिशिएंसी में सुधार हुआ है और उत्सर्जन में भी कमी आई है। इसके साथ बालको ने फिनिशिंग लाइन एरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिमुलेटर को एकीकृत किया है, जो प्रक्रिया मापदंडों का व्यापक विश्लेषण करने में सक्षम हैं। यह समाधान रोल्ड प्रोडक्ट्स के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए अनुकूल स्थितियों की पहचान कर प्रक्रिया दक्षता को बेहतर बनाते



हैं। एआई आधारित उन्नत तकनीक ने बालको के फर्नेस में एनोड निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह रोबोट-आधारित तकनीक फर्नेस की रिफ्रेक्टरी संरचनाओं का स्वत: परीक्षण करती है, जिससे घिसाव और क्षति का सटीकता से पता चलता है और एनोड की गुणवत्ता बेहतर होती है, साथ ही संचालन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

# स्वच्छता दीदीयों को 28 ई-रिक्शा बांटे गए



कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था हेतु लगभग 01 करोड़ रूपये की लागत से 15वे वित्त आयोग मद के अंतर्गत 28 नग ई-रिक्शों का क्रय किया गया है। ये स्वच्छता दीदीयों को समर्पित किए गए। निगम के केन्द्रीय भंडार गृह में आयोजित कार्यक्रम में इनका वितरण किया गया।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि स्वच्छता के लिए नगर निगम काम कर रहा है और ई-रिक्शों की बड़ी संख्या संसाधनों में शामिल हो गई है। आगे इस व्यवस्था को और भी अच्छा किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपनी बात रखी। सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने स्वच्छता अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी व नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजयसिंह गोंड़, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, मुकुंद सिंह कंवर, सुनीता चौहान, योगेश मिश्रा, नरेन्द्र पाटनवार, आरिफ खान, टीकम राठौर, विनय, कमलेश, आकाश श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, राहुल मिश्रा आदि के साथ स्वच्छता सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियाँ उपस्थित थी।

# जैन पब्लिक स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में रचा कीर्तिमान

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय ने इस वर्ष 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया, जिससे समस्त विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यह



उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है। 10वीं परीक्षा में नामामी चटर्जी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि स्नेहा उपाध्याय 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर ऋद्धि अग्रवाल रहीं जिन्होंने 86.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में आर्टी चौहान ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, यथार्थ वर्मा 93.6 प्रतिशत के साथ दूसरे और इशान्वी गुप्ता 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता वी. नायर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल में 10वीं एवं 12वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। सेंट विन्सेंट पलोटी स्कूल, रवि शंकर शुक्ल नगर, कोरबा से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के सीबीएसई परीक्षा में सम्मिलित 175 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय को गौरवानित किया। कक्षा 10 वीं में कुल विद्यार्थियों की संख्या 103 थी जिनका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा जिसमें मुहम्मद हम्जा रसीद ने 90.20 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, प्रियाम मधुकर ने 90 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान,दीपांशु नायक ने 87.20 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान हासिल की। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय में निखिल रंजन यादव ने 94.60 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, गीतांजलि राठौर ने 92.80 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं श्रेया



अग्रवाल ने 92.40 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। गणित संकाय से पुष्कराश द्विवेदी ने 79.40 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, देवेश कुमार दुबे और खुशी यादव ने 75.20 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मो. अनस कुरैशी ने 74.20 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से श्रृष्टि स्वामी ने 86.80 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रांजल बघेल ने 83.80 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान एवं सुदीप्ता राय चौधरी ने 78.20 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की। सेंट विसेंट पलोटी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से गौरवांन्वित हैं एवं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सार-संक्षेप

### सरकारी स्वास्थ्य वर्धक दवाइयाँ को झाड़ी के पीछे फेंकी गई



**कोरिया,** 18 मई (देशबन्धु)। कोरिया जिले के बैकुंठपुर में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने जिला स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नुरुल हुडा मैरेज हॉल के पीछे की झाड़ियों में बड़ी मात्रा में सरकारी जीवन रक्षक दवाइयाँ फेंकी हुई पाई गई हैं।

स्थानीय लोगों की सूचना पर जब जांच की गई तो पाया गया कि ये दवाइयाँ महंगी और उपयोग लायक थीं, जिनकी एक्सपायरी 2026 से 2029 तक की है। यानी इन्हें अभी वर्षों तक उपयोग में लाया जा सकता था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इन दवाओं पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड का होलोग्राम स्पष्ट रूप से चिपका हुआ देखा जा सकता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह सभी दवाइयाँ सरकारी सप्लाई की थीं।

दवाइयों का इस तरह झाड़ियों में मिलना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि यह गंभीर अनियमितता और जनहित के साथ घोर खिलवाड़ का मामला है। ये वे दवाइयाँ हैं, जो ज़रूरतमंद मरीजों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जानी थीं, लेकिन वे अस्पतालों या स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुँचने के बजाय बर्बाद कर दी गईं। इस खुलासे के बाद से जिले में हड़कंप मच गया है और आम नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयाँ बाहर कैसे पहुंचीं? कौन जिम्मेदार है इस आपराधिक लापरवाही का?क्या होगी कार्यवाही,

प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। आमजन अब यह जानना चाहता है कि दोषियों पर कब कार्रवाई होगी और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।

### मां मनी आयरन एण्ड इस्पात में घायल दो मजदूर की मौत

**रायगढ़,** 18 मई (देशबन्धु)। तीन दिन पहले मां मनी आयरन एण्ड इस्पात कंपनी में फर्नेश ब्लास्ट की घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों मजदूर की इलाज के दौरान राजधानी रायपुर में मौत हो गई। इस घटना के बाद कंपनी प्रबंधन की तरफ से मृतक के परिजनों को 7 लाख रूपये का मुआवजा दिया गया है लेकिन परिजनों की मांग है कि उन्हें 15 लाख मुआवजा दिया जाना चाहिए।

मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़-घरघोडा मार्ग के पूंजीपथरा के एंस्ट्रीयल पार्क में स्थित मां मनी आयरन एण्ड इस्पात कंपनी में बुधवार की रात दो बजे फर्नेश ब्लास्ट हो जाने की घटना में गंभीर रूप से झुलसे रामानंद साहनी 40 साल एवं अनुज कुमार 35 साल को राजधानी रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार की रात रामानंद की और फिर शनिवार को अनुज कुमार की मौत भी मौत हो गई है। इस घटना के बाद कंपनी प्रबंधन की तरफ से मृतक के परिजनों को 7 लाख रूपये बतौर मुआवजा राशि के रूप में दिया गया है, लेकिन मृतक के परिजनों का कहना है कि उनके घर का मुखिया का कंपनी के अंदर हादसे में मौत हो गई है। ऐसे में यह मुआवजा बहुत कम है।

### बिरहोर जनजाति के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों से बदल रही तस्वीर



**रायगढ़,** 18 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में परिवर्तन एवं बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ जनमन कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में बिरहोर जनजाति के समग्र विकास हेतु रणनीति बनाई गई। जिसके तहत बिरहोर जनजाति के विकास के लिए कई कदम उठाए गए है।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इसकी नियमित तौर पर समीक्षा की जा रही है एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पूरी टीम बिरहोर परिवारों तक विकास की नई रौशनी लाने के लिए प्रतिबद्ध हो कर कार्य कर रही है।

रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रुप में बिरहोर जनजाति चार विकास खण्ड़ों के 25 ग्रामों में निवासरत् है। बिरहोर के कुल परिवार संख्या 327 एवं जनसंख्या 1151 है। जिसका प्रधान मंत्री जनजाति न्याय अभियान के तहत् उनके समग्र विकास हेतु रणनीति के तहत् जिले में प्रारंभ किया गया अभियान 15 नवम्बर 2023 से अब तक विभिन्न विकास विभागों के समन्वयन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में 11 सेक्टर में गैप एनालिसिस कर कार्य योजना तैयार कर कार्य प्रारंभ किये गये। फलस्वरुप वर्तमान समय में बिरहोर जनजाति हेतु स्वीकृत 158 आवास में से 73 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

#### सड़कों का निर्माण और जल प्रदाय की हुई व्यवस्था

पहुँच विहिन 13 बिरहोर बस्ती के सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसके तहत् 5 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इन सड़कों के निर्माण से बिरहोर परिवार तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की राह आसान हो गई है। 327 परिवारों को स्वच्छ पेय जल एवं निस्तारी के लिए जल प्रदाय की व्यवस्था पूर्ण कर लिया गया है।

#### शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विद्युत के क्षेत्र में प्रगति

जिन 3 बिरहोर बस्ती में ऑगनबाड़ी स्वीकृत नही था उसकी स्वीकृति दी जा चुकी है जो कुपोषण से मुक्ति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। ग्राम रुवाफुल एवं कुमीचुऑ में 60-60 लाख रुपये की लागत से बहुउदेशीय केन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। जहाँ एक छत के नीचे ही ऑगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र एवं बिरहोर युवाओं के प्रशिक्षण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र स्थापित होगा। अभियान के पूर्व 55 बिरहोर परिवारों के घरों में विद्युत की व्यवस्था नही थी इन 55 परिवारों में 28 परिवार के घर ग्रीड़ द्वारा तथा 27 परिवारों के घर सोलर के द्वारा रौशन किया गया है। जो उनके जीवन में बच्चों तथा परिवार के विकास हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

# तमिलनाडु में छिपा था हत्या का आरोपी

### पुलिस ने जाल बिछाकर पकड़ा

**रायगढ़,** 18 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले की चक्रधरनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जारी सख्त निर्देशों के तहत एक सनसनीखेज हत्या मामले में वांछित आरोपी बसंत चैहान को पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फरारी के दौरान अपनी पहचान छिपाकर वहां मजदूरी कर रहा था और पुलिस को चकमा देने के लिए मोबाइल फोन भी बंद कर रखा था।

गौरतलब है कि 12 मार्च की सुबह जामगांव रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। शुरूआती जांच में हादसा प्रतीत हो रही घटना का पुलिस ने मात्र 12 घंटे में खुलासा कर यह स्पष्ट कर दिया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी, जिसे मृतक के साथी ट्रक चालक सुरेश सिंह और बसंत चैहान ने मिलकर अंजाम दिया था। मृतक जितेंद्र सिंह पर सुरेश को शक था कि उसके अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध हैं। इसी रंजिश में दोनों ने योजना बनाकर 11 मार्च की रात उसे बहाने से जामगांव रेलवे ट्रैक के पास बुलाया, जहां शराब पिलाने के बाद दोनों ने मिलकर पहले मारपीट की और फिर नुकीले हथियार से उसके सिर और गले पर वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।




हत्या के बाद सुरेश ने पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद ही जाकर लाश मिलने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। लेकिन गहराई से की गई जांच में जब साइबर सेल और फॉरेंसिक टीम ने सुराग जोड़े तो मामला साजिश का निकला। सख्ती से पूछताछ में सुरेश ने हत्या की बात कबूल ली और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद से दूसरा आरोपी बसंत चैहान फरार चल रहा था।

थाना प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा निरंतर आरोपी की पतासाजी कराई जा रही थी। तकनीकी विश्लेषण के जरिए एक अनजान नंबर की गतिविधि का सुराग मिला, जिसके आधार पर एएसआई नंद कुमार सारथी के नेतृत्व में पुलिस टीम को तमिलनाडु भेजा गया। वहां जाल बिछाकर बसंत को एक होटल में बुलाया गया और दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

पुलिस टीम ने आज आरोपी को पुनः घटनास्थल ले जाकर घटनास्थल का रिक्रिएशन कराया और ई-साक्ष्य के तहत आरोपी के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित किए गए। आरोपों के मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया।

# 21 साल से फरार चल रहा हत्या का आरोपी गिरफ्तार



### जमीन विवाद को चलते दिया था वारदात को अंजाम


रायगढ़, 18 मई (देशबन्धु) ।रायगढ़ जिले में 21 सालों से फरार चल रहे हत्या के फरार दोषी को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। जमीन विवाद के चलते आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मामला वर्ष 2005 का है जब चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिटकाकानी में जमीन विवाद के चलते संतोष कहार ने सुरेश अग्रवाल की हत्या कर दी थी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां विचारण उपरांत न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन वर्ष 2006 में पत्नी का इलाज के बहाने पैरोल पर छूटने के बाद वह फरार हो गया।

तब से लेकर अब तक आरोपी लगातार राज्य बदलता रहा और अपने परिवार तक से संपर्क तोड़ लिया था ताकि पुलिस उसे ट्रेस न कर सके। अदालत ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया था।

पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देश पर चक्रधर नगर थाना प्रभारी अमित शुक्ला के निर्देशत में एक टीम गठित की गई। सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे के नेतृत्व में पुलिस दल ने गुप्त सूचना के आधार पर छानबीन तेज की और आरोपी की चिस्दा गांव में मौजूदगी की पुष्टि होते ही दबिश देकर उसे 21 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,

# जंगल में मिली पति-पत्नी की लाश





### पुलिस मामले की जांच में जुटी

रायगढ़, 18 मई (देशबन्धु)। शनिवार की शाम जंगल में पति-पत्नी की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों के शवो को अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। उक्त मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार कल शाम पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामारूमा के जंगल में घरघोड़ी निवासी दीपक यादव 42 साल और उसकी पत्नी लक्ष्मी यादव 38 साल की लाश मिली है। महिला की लाश जहां जमीन पर पडी हुई थी और उसके पति का शव फंदे पर लटकते मिला। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर जाँच में जुटे हुए है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि दोनों के बीच हुए विवाद के पति पहले पति ने अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या की होगी और फिर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया होगा। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर छाल में भी निकाली गई तिरंगा यात्रा

### भारत माता के जयकारो से गुंजता रहा पूरा इलाका

रायगढ़, 18 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जोश शनिवार को छाल क्षेत्र में भी देखने को मिला। अदम्य साहस और शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा छाल थाना से निकाली गई। हर हाथ में तिरंगा था। मुट्ठीबंद हाथ उठते और जोशीली आवाज में भारत माता के जयकारे गूंज उठते। यात्रा में शामिल हर कोई जोश में दिखाई दे रहा था।

भारतीय सेना के अदम्य साहस और ऑपरेशन सिंदूर की गौरवमयी सफलता के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को छाल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें महिला, पुरूष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। छाल क्षेत्र में शनिवार को आपरेशन सिंदूर की सफलता पर छाल में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा



छाल थाना से प्रारंभ होते हुए नवापारा बस्ती से होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, बच्चे युवा शामिल थे जो देशभक्ति गीतों की धुन पर कदम से कदम मिलाकर हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा की अगुवाई कर रहे छाल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा न केवल सैनिकों के सम्मान के लिये है बल्कि एकता का प्रतीक है। जब भी देश और मातृभूमि की बात आती है तब-तब पूरे भारत का हर नागरिक तन-मन धन से एकजुट होकर खड़े मिलते हैं।

# व्यवसायी का 9 लाख लेकर फरार हुए उसके ही दो स्टाफ

### पीड़ित ने थाने में लिखाई एफआईआर

रायगढ़ 18 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में चावल कनकी के व्यवसायी को उसके ही दो स्टाफ ने 9 लाख रूपये का चुना लगाकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है, उक्त मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक श्याम अग्रवाल ने चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह चावल कनकी का दलाली एवं ट्रेडिंग का काम करता है। उक्त कार्य में ट्रास्पोर्टिंग तथा पेमेंट लेन देन के लिये आशिष गोयल व कबीर सोलंकी को रखा है। प्रार्थी ने बताया कि 13 मई की दोपहर 3 बजे आशिष गोयल को नवल अग्रवाल के घर सरला विला चक्रधरनगर से 9 लाख रूपये पेमेंट लेने के लिये मोटर सायकल में भेजा था। जहाँ से वह नगदी रकम प्राप्त कर खरसिया जाने के लिए रवाना हुए। लेकिन शाम साढ़े 7 बजे तक आशिष गोयल व कबीर सोलंकी खरसिया नहीं पहुंचे। प्राथी ने बताया की अभी तक उनसे संपर्क नहीं हो पाया दोनों ने मिलकर नवल अग्रवाल प्राप्त रकम 9 लाख को गबन कर फरार हो गए हैं। बहरहाल प्राथी की शिकायत पर चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या धारा 316(4),3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जानकारी में ले लिया है।

# नटवर स्कूल में बच्चों ने प्लानिटोरिम में साइंस शो से किया अंतरिक्ष की सैर

### सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पहुंचे नटवर स्कूल, कहां बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा के विकास के लिए बेहतर तरीके से संचालित करें समर कैंप

रायगढ़, 18 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बच्चों में अतिरिक्त कौशल का विकास किया जा सके।

इसी कड़ी में आज नटवर स्कूल रायगढ़ में समर कैंप की अंतर्गत प्लानिटोरिम में साइंस शो में बच्चों को अंतरिक्ष की जानकारी दी गई साथ में सलाद सज्जा प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा वेस्ट मटेरियल से सामग्री निर्माण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बच्चों को प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में अवगत कराया गया। इसमें नटवर स्कूल के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में जानकारी प्राप्त की।

आज के कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने निरीक्षण करते हुए बेहतर तरीके से समर कैंप को संचालित करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.व्ही.राव, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, नटवर स्कूल प्राचार्य रूबी वर्गीस के साथ-साथ नटवर स्कूल के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि समर कैम्प का आयोजन में रायगढ़ जिले के सभी पीएम श्री स्कूल हायर सेकेंडरी और प्राथमिक शालाओ में राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार दिनांक 18 मई से 27 मई 2025 तक 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

समर कैम्प कराये जाने के निर्देश जिले से प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्तर के अलग-अलग विधाओं के कार्यक्रम तिथिवार निर्धारित कर तिथिवार सम्पन्न कराने को कहा गया है।

रायगढ़ जिले के सभी सात पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूलों के साथ साथ तीन सेजेस स्कूलों में कुल 10 स्कूलों में समर कैंप के आयोजन के साथ-साथ प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से 360 डिग्री साइंस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बच्चों को अंतरिक्ष से रूबरू होने और जानने का मौका मिल रहा है।

# तिरंगा यात्रा क्रास कंट्री दौड़ का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर,** 18 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन 05 मई 2025 से प्रारंभ किया गया है। इस तारतम्य में रविवार को प्रातः 06:00 बजे से तिरंगा यात्रा क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया ।यह दौड़ गांधी स्टेडियम परिसर के बास्केट बॉल ग्राउंड से प्रारंभ होकर घडी चौक, संगम चौक, गुदरी चौक, जोड़ा पीपल होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम परिसर में सम्पन्न हुआ। रैली में लगभग 300 की संख्या में बच्चों, अभिभावक, कोच एवं अन्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रामकुमार सिंह, कन्या क्रीडा परिसर के कोच श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, वॉलीबॉल संघ से राकेश कुमार मिश्रा, मृत्युन्जय त्रिपाठी, सज्जन सिंह, मनोज अग्रवाल, अनिल सिंह, बास्केटबॉल संघ से राजेश प्रताप सिंह शतरंज संघ से एस. एस. वर्मा, ताइक्कांडो संघ से गन्नू खत्री, टेबल टेनिस संघ से अनमोल बारी, एथलेटिक्स संघ से श्रीमती हर्ष सिंह, योगा से श्री प्रमोद यादव, श्री अमर प्रसाद सिंह, श्री संदीप कुमार देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में मिली शिकायत का हुआ त्वरित निराकरण

**अम्बिकापुर,** 18 मई (देशबन्धु)। जिले के विकासखण्ड मैनपाट के ग्राम खड़गांव में आयोजित समाधान शिविर में स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन द्वारा त्वरित पहल की जा रही है। इसी क्रम में आवेदिका श्रीमती सरस्वती द्वारा अपने घर के निकट स्थित हैंडपंप में पानी की कमी की शिकायत प्रस्तुत की गई थी।

शिविर में उपस्थित कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को राईजर पाईप बढ़ाकर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए थे। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार आज उक्त हैंडपंप में आवश्यक कार्यवाही करते हुए पाईप की लंबाई बढ़ा दी गई है।

अब हैंडपंप से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा है और वह पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई के लिए आभार प्रकट किया है।

# कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन आज

## सचिन पायलट सहित प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेताओ का जमावड़ा



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। संवैधानिक संस्थाओं और लोक तांत्रिक परंपरा और मूल्यों की रक्षा एवं मजबूती हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में चलाये जा रहे संविधान बचाओ यात्रा के तहत आज 19 मई को दोपहर 2 बजे से नगर के मेजर ध्यानचंद हाकी मैदान में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सचिव सुश्री एस.जरिता लैतफ्लांग, प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सह सचिव विजय जांगिड़, सांसद जोत्सना महंत,पूर्व केबिनेट मंत्री उमेश पटेल, डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अविभाजित जांजगीर-चाम्पा जिले के विधायकगण राघवेन्द्र कुमार सिंह, ब्यास कश्यप, रामकुमार यादव, श्रीमती शेषराज हरवंश, बालेश्वर साहू सहित प्रदेश के सभी दिग्गज कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा अंतर्गत विशाल आमसभा का आयोजन रखा गया है ।

इस आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्षद्वय रफीक सिद्दिकी व विवेक सिसोदिया ने बताया कि प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में होने वाले इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित जिला कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगे हुए हैं। केन्द्र में जब से मोदी नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार सत्ता पर काबिज हुई है तब से धनबल, बाहूबल से विपक्षी सरकार का दमन किया जा रहा है। राष्ट्रपति और राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद में बैठा व्यक्ति चुनी हुई सरकार के लिए चुनौती बन रहे हैं, विधानसभा में बहुमत से पारित जनहित विधेयक को रोका जा रहा है, विपक्षी नेताओं को मानसिक रूप से परेशान करने और उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से केन्द्रीय जांच एजेन्सीयों को पीछे लगाया जा रहा है, निर्वाचन आयोग से मिली भगत कर परिणामों को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, संप्रदायिकता के आड़ में देश को झोंकना, इन परिस्थितियों में संविधान की रक्षा के लिए केन्द्र की संविधान विरोधी ताकतों से लड़कर संविधान की रक्षा करने के उद्देश्य से संविधान बचाओ यात्रा एवं सभा का आयोजन रखा गया है । जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने सभी कांग्रेसजनों सहित सभी संविधान रक्षक आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सार-संक्षेप

## शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा के चार विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया



**डभरा,** 18 मई (देशबन्धु)। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय के चार-चार विद्यार्थियों ने स्थान बना कर महाविद्यालय का और डभरा नगर का नाम रोशन किया है । कुमारी दीपा अजय एम ए समाजशास्त्र में मेरिट में प्रथम स्थान कमल प्रसाद चंद्रा एम ए राजनीति विज्ञान में मेरिट में सातवां स्थान मीनू टंडन बी ए फाइनल में दसवां स्थान और महेश कुमार पटेल डीसीए में मेरिट में छठवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी आर कठौतिया ने गदगद होकर इन होनहार विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दिए और उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में एक साथ पहली बार चार-चार विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है यह महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इन सभी होनहार विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी आर कठौतिया सहित सभी प्राध्यापकगण कर्मचारियों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है।

## भाजपा ने रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती माह पर आयोजित की कार्यशाला

### नवीन मार्कण्डेय ने की शिरकत

**सारंगढ,** 18 मई (देशबन्धु)। जिला भाजपा द्वारा आज दोपहर रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती मास के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा सभा को सम्बोधित करते हुए रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद करते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्न क्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति कर समाज में अमिट योगदान दिया है।वहीं सभा को जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल इत्यादि ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें रानी अहिल्याबाई होल्कर के अमिट योगदान से प्रेरणा लेकर उनका अनुशरण करना चाहिए।इस दौरान पूर्व विधायक केराबाई मनहर कामदा जोल्हे सुभाष जालान दिने जांगडे भुवन मिश्रा जगन्नाथ केशरवानी मनोज जायसवाल अमित अग्रवाल अरविंद हरिप्रिया दुर्गा ठाकुर निखिल बानी शिवम चंद्रा जीवन रात्रे अरूण यादव सत्येंद्र बरगाह सहित सैकड़ों भाजपाइयों की उपस्थिति रही।

## रेड़ा और बेलटिकरी में आज होगा समाधान शिविर

**सारंगढ़,** 18 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 19 मई को सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत रेड़ा और बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेलटिकरी में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविर में विकासखंड, अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।


## तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़, वीर सैनिकों के सम्मान में पूरा देश एकजूट



**सारंगढ,** 18 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना की शौर्य और वीरता को नमन करते हुए चेम्बर ऑफ़ कामर्स के पदाधिकारी, जिला रेडक्रास सोसायटी के सदस्य एवं समाजसेवी रतन शर्मा ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने पूरे विश्व में हमारा सिर ऊँचा कर दिया है।

रतन शर्मा ने आपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अद्वितीय उदाहरण है हमारे सैनिकों की वीरता और साहस का। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा की है और हमें गर्व है कि हम ऐसे वीर सैनिकों के देश में रहते हैं। तिरंगा यात्रा में जगह-जगह उमड़ी भीड़ ने वीर सैनिकों के सम्मान में अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। लोगों ने तिरंगा हाथों में लेकर और वीर सैनिकों के समर्थन में नारे लगाकर अपने देश प्रेम का इजहार किया। रतन शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़ ने दिखाया है कि हम सभी एकजुट हैं और वीर सैनिकों के सम्मान में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह एकता और देश प्रेम का प्रतीक है और हमें अपने वीर सैनिकों के प्रति हमेशा आभारी रहना चाहिए। तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़ और वीर सैनिकों के सम्मान में दिखाए गए उत्साह ने साबित कर दिया है कि हम अपने वीर सैनिकों के साथ एकजुट हैं और उनके प्रति हमेशा आभारी रहेंगे।

## नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, एफआईआर दर्ज



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका जांजगीर नैला के वार्ड नंबर 3 में नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना रविवार को सामने आई, जब नगर पालिका द्वारा चल रहे नाले की खुदाई के दौरान ज्योति प्रकाश अग्रवाल और मनोज अग्रवाल के बीच विवाद हुआ।

ज्योति प्रकाश अग्रवाल ने नैला चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपनी जमीन के पास खड़े थे, जहां नाली की खुदाई हो रही थी। इसी दौरान मनोज अग्रवाल वहां पहुंचे और मजदूरों को जमीन के अंदर से नाली निकालने के निर्देश देने लगे। जब ज्योति ने इसका विरोध किया तो मनोज ने कथित तौर पर गाली-गलौज की और उन्हें जमीन पर पटक दिया। आरोप है कि इस दौरान मारपीट भी की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो पुलिस जांच का हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर, मनोज अग्रवाल ने भी अपने पक्ष से एफआईआर दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह मरवाड़ी धर्मशाला जा रहे थे, तभी ज्योति ने उन्हें बुलाया और विवाद करने लगे। मनोज का आरोप है कि मौके पर दीपक अग्रवाल, राहुल गोयल, तुषार गोयल, सुरेखा अग्रवाल और अन्य लोग भी आ गए और सभी ने गालियां देते हुए उन पर ईंट से हमला किया। नैला चौकी प्रभारी राकेश सूर्यवंशी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क के बीच में 20 बिजली के खंभे

## बीटीआई चौक से खोखसा आरओबी तक चल रहे निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। बीटीआई चौक से खोखसा आरओबी तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण कार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। निर्माण एजेंसी ने तकरीबन 20 बिजली के खंभों को शिफ्ट किए बिना ही सड़क बना दी है, जिससे खंभे सड़क के बीचों-बीच 1 से 5 फीट तक अंदर आ गए हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

यह कार्य जिला खनिज न्यास मद से पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का ठेका 24 प्रतिशत कम दर पर मेसर्स जगनी कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। ठेके की शुरुआत 26 दिसंबर 2024 को हुई थी और इसे तीन माह में पूरा किया जाना था, लेकिन मई 2025 तक भी कार्य अधूरा है। जल्दबाजी में ठेकेदार ने खंभों की वायर शिफ्टिंग कराए बिना ही सड़क निर्माण करवा दिया, जिससे अब निर्माणाधीन सड़क में खंभे खड़े नजर आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पहले खंभों को हटाकर फिर सड़क निर्माण होना चाहिए था, अन्यथा बाद में शिफ्टिंग करने से सड़क की मजबूती पर असर पड़ेगा। इतना ही नहीं, सड़क के किनारे खड़े कई पेड़ भी अब तक नहीं काटे गए हैं। वहीं बीटीआई चौक पर लगी सोलर लाइट भी सड़क के मध्य भाग में आ गई है, जिससे रात में वाहन चालकों के लिए यह खतरा बन सकती है। बिजली विभाग के जेई सौरभ कश्यप ने बताया कि खंभों की शिफ्टिंग की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। विभाग केवल मॉनिटरिंग करेगा और शिफ्टिंग के दौरान बिजली बंद करेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और अब तेज गर्मी के कारण बिजली कटौती करना मुश्किल हो गया है। अगर जल्द ही खंभे नहीं हटाए गए तो यह लोगों की जान के लिए खतरा बन सकता है।

# हार्वेस्टर और बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

## मिशन पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात हुआ हादसा



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जैजैपुर मुख्य मार्ग पर स्थित मिशन पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात 7.30 बजे के आसपास बाइक और हार्वेस्टर के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर इसे लेकर आक्रोशित स्वजन रविवार की सुबह घटना स्थल पर चक्का जाम कर दिए। जानकारी के अनुसार नागेश्वर चंद्रा पिता दादू गोटिया चंद्रा 24 वर्ष सतगढ़ मालखरौदा, शेर सिंह सिदार पिता परदेसी सिदार 23 वर्ष सतगढ़ मालखरौदा और हेमू चौहान पिता अरुण चौहान 18 वर्ष देवगढ़ थाना घरघोड़ा रायगढ़ तीनों युवक गिरवानी रायगढ़ स्टील प्लांट में काम करते थे। रोज की तरह डयूटी से वापस एक बाइक में सवार होकर तीनों घर सतगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान मिशन चौक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हार्वेस्टर से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवकों को बचने का कोई मौका नहीं मिला और तीनों हार्वेस्टर के सामने निकले नुकीले हिस्से में घुस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मालखरौदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया है। पुलिस ने हार्वेस्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन घंटे तक चला चक्का जाम

उधर सुबह से ही मृतक के परिजनों ने एवं ग्रामीणों ने मिशन चौक पर चारों तरफ से चक्का जाम कर दिए थे।

पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी समझाते रहे मगर ग्रामीण जन हार्वेस्टर चालक पर कड़ी कार्रवाई एवं मुआवजा की मांग कर रहे थे। वहीं कुछ घंटे के बाद सुबह 11.15 के बाद चक्का जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो पाया।

# सैनिकों के सम्मान में मुलमुला में निकाली गई तिरंगा यात्रा



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। आपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमितेंद्र सिंह सरपंच, सन्नी यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि, गजानंद कश्यप उप सरपंच प्रतिनिधि, शशिप्रकाश सिंह, बाबूलाल साहू, अमरकांत सिंह, रामलाल कश्यप सहित जनप्रतिनिधि, आम नागरिक बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए और देश के प्रति अपनी एकजुटता एवं सम्मान प्रकट किया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ अटल चौक से त्रिमूर्ति चौक में सभा के रूप में समापन हुआ।

ग्राम के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल हुए। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' 'वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद और 'जय हिंद' के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है।



## ग्राम पंचायत नवगवां में निकाली गई तिरंगा यात्रा

आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस और वीरता को नमन करते हुए जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत नवगवां में सरपंच चंद्रिका परमानंद राठौर की नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा दर्रापारा से शुरू होकर अटल चौक होते हुए गुड़ी चौक तक निकाली गई । गुड़ी चौक में लाल सिंदूर आपरेशन में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। तिरंगा यात्रा में जय जवान जय किसान ,भारत माता की जय ,जय हिंद ,भारतीय सेना जिंदाबाद ,हिंदुस्तान जिंदाबाद ,पाकिस्तान मुर्दाबाद ,लाल सिंदूर अमर रहे की नारे गूंजते रहे । सचिव ओम प्रकाश राठौर ने कहा कि हमारी सेना के नेतृत्व में देश पुरी तरह सुरक्षित है आपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकली गई ।

सरपंच चंद्रिका परमानंद राठौर ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया । हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं । तिरंगा यात्रा में सचिव ,पंच, शिक्षक ,महिला समूह ,बच्चे एवं ग्रामीण जन शामिल हुए ।

# बाइक सवार की ट्रेलर से कुचलकर मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम




जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। अकलतरा क्षेत्र के ग्राम करमहू में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बिलासपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान करमहू निवासी ईंद्रा यादव के रूप में हुई है, जो बाइक से अपने घर लौट रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर (क्रमांक सीजी 10 बीज 9783) अनियंत्रित गति से आ रहा था और उसने बाइक सवार को कुचल दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ईंद्रा यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। उन्होंने ट्रेलर चालक और मालिक को बुलाने की मांग करते हुए मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन के चलते प्रशासन और पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अकलतरा के पुलिस बल सहित टीआई मणिकांत पांडेय, एसडीओपी फैकरा, तहसीलदार प्रशांत गुप्ता तथा सडल बल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। प्रशासन ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ मरचुरी भेज दिया है। ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है तथा मामले की जांच मुलमुला थाना पुलिस कर रही है।

## डीज़ल चोर गिरोह के 03 फरार आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। जिले में डीज़ल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए डीज़ल चोर गिरोह के तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में की गई।

थाना चांपा की पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर छापा मारकर आरोपियों नरेश कुमार भारती, शिशुपाल केवट और पुष्पेंद्र केवट (तीनों जांजगीर-चांपा निवासी) को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रकों से डीज़ल चोरी करता था।

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या में इजाफा

## ओपीडी में 100 में से 11 मरीज उच्च रक्तचाप के



जांजगीर, 18 मई (देशबन्धु)। हाइपरटेंशन और उच्च रक्तचाप जागरूकता दिवस पर विशेष रिपोर्ट में सामने आया है कि कोरोना महामारी के बाद उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। चिकित्सकों के अनुसार ओपीडी में आने वाले प्रत्येक 100 मरीजों में से 11 मरीज हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित पाए जा रहे हैं।

विशेषज्ञों ने चेताया है कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, जैसे कि हृदयघात (हार्ट अटैक), ब्रेन हैमरेज और किडनी फेल्योर। पहले यह समस्या 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में सामान्य मानी जाती थी, लेकिन अब यह 30 वर्ष की उम्र से कम के युवाओं को भी प्रभावित कर रही है। डॉक्टरों का कहना है कि तनावपूर्ण जीवनशैली, खानपान की अनियमितता, और शारीरिक गतिविधियों की कमी इस वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। मरीजों को समय-समय पर ब्लड प्रेशर की जांच कराने, नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने और धूम्रपान तथा शराब से दूर रहने की सलाह दी गई है।

डॉ. एके जगत के अनुसार कोरोना काल के बाद से कई मरीजों में लगातार उच्च रक्तचाप की शिकायत देखी गई है। यह स्थिति चिंता का विषय है और इसके प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# सेवा सहकारी समिति देवरघटा में करोड़ों का गड़बड़झाला

## आज तक नहीं हुई कार्रवाई

### प्रभारी संस्था प्रबंधक के हौसले बुलंद

**डभरा,** 18 मई (देशबन्धु)।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के शाखा डभरा के अंतर्गत संचालित सेवा सहकारी समिति देवरघटा पंजीयन क्रमांक 1551 के प्रभारी संस्था प्रबंधक कोमल चंद्रा के विरुद्ध शिकायत की गई है जिसकी आज तक जांच नहीं की गई है जबकि कोमल चंद्रा के बारे में कई अनियमितता की शिकायत की जा चुकी है। धान खरीदी में भी गड़बड़झाला करता है किसानों से अधिक धान लिया जाता है एवं उच्च अधिकारियों द्वारा जांच के आदेश दिए हैं परंतु कार्यवाही नहीं होती है।

सक्ती जिले में पदस्थ नोडल अधिकारी एवं सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा अभयदान दिया जाता है। कोमल चंद्रा द्वारा सेवा सहकारी समिति में भारी गड़बड़ी किया गया है इसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं कई गई है। हम आपको बता दें कि सेवा सहकारी समिति देवरघटा के संस्था प्रबंधक कोमल चंद्रा द्वारा रासायनिक खाद केसीसी के नाम राशि गबन करने का मामला सामने आ चुका है। ग्राम कन्हाकोट के किसान रामनाथ ने 12 मार्च को कोमल चंद्रा के विरुद्ध लिखित शिकायत कार्यालय सहकारिता मंत्रालय छ. ग. एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा डभरा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग कर चुका है। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया है कि उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जांजगीर के आदेश क्रमांक 2018 दिनांक 26.7.2018 में संयुक्त पंजीयक सरकारी संस्थाएं बिलासपुर को देवरघटा समिति के बोर्ड को कई बार पत्र लिखा गया कि प्रभारी संस्था प्रबंधक कंप्यूटर ऑपरेटर कोमल चंद्रा पर कार्रवाई की जाए इसके आधार पर संयुक्त पंजीयक सरकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा अपने आदेश क्रमांक 1053 दिनांक 29/ 9 /2018 अध्यक्ष एवं कोमल चंद्रा को सेवा नियम के अनुसार नोटिस देते हुए बर्खास्त करने का उल्लेख किया गया है इसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि रासायनिक खाद का 12 लाख 97 हजार 290 रुपयों का गबन का आरोप लग चुका है वहीं सेवा सहकारी समिति देवरघटा में केसीसी कोमल चंद्रा के नाम पर 2 लाख 90 हजार रूपये एवं अपने पिता के नाम पर 2 लाख 9 हजार रूपये एवं रिश्तेदारों एवं अन्य व्यक्तियों के नाम पर हर साल फर्जी केसीसी बनाकर सरकार को नुकसान पहुंचा रहा है। प्रभारी संस्था प्रबंधक कोमल चंद्रा द्वारा अपने दूसरे रिश्तेदारों समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर अन्य पदों पर नियुक्ति कर रखा है। पूरा परिवार समिति में शामिल है धान खरीद केंद्र में इस वर्ष जबरन प्रति तौल 41 किलो 700 ग्राम से अधिक धान लिया गया है और खाली बरदाना का 2 रूपये दे रहे है जबकि तौलाई का 6 रूपये प्रति बोरी लिया है। इसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया जबकि सेवा सहकारी समिति देवरघटा के प्रभारी संस्था प्रबंधक कोमल चंद्रा के कार्यकाल की निष्पक्ष जांच करने पर करोड़ों रुपयों का खाद केसीसी लोन फर्जी मिलेगा। सरकार को लाखों रुपयों का चुना लगा चुका है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम जारी रहना चाहिए: डेविड लैमी

**इस्लामाबाद/लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम जारी रहना चाहिए और क्षेत्र में संघर्ष किसी के हित में नहीं है। पाकिस्तान के दौरे पर आए श्री लैमी का यह बयान उनकी आधिकारिक यात्रा के समापन पर आया है। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से मुलाकात की और कई क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश में कहा, 'पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम जारी रहना चाहिए। क्षेत्र में संघर्ष किसी के हित में नहीं है। भारत के साथ संघर्ष विराम के बाद पाकिस्तान की महत्वपूर्ण यात्रा। उन्होंने कहा 'हमारे देशों के बीच गहरे संबंधों के कारण ब्रिटेन आतंकवाद का मुकाबला करने और यह सुनिश्चित करने के लिए भारत, पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अपनी भूमिका निभाने के लिए दृढ़ संकल्प है कि यह शांति बनी रहे।

# देश विदेश

# फिलिस्तीन और मिस्र की इजरायल से अपील, तुरंत रोके 'गाजा' पर हमले

**■ मार्च में युद्धविराम का समझौता टूटने के बाद से इजरायल ने गुरुवार से अब तक सबसे घातक बमबारी में सैकड़ों फिलिस्तीनियों को मार डाला**



**बगदाद,** 18 मई (एजेंसियां) फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने गाजा पट्टी में तत्काल और स्थायी युद्धविराम का आग्रह किया है। इराक की राजधानी बगदाद में आयोजित 34वें अरब लीग शिखर सम्मेलन में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इजरायली सैन्य अभियानों को रोकने और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अरब योजना को अपनाने का आह्वान किया। अब्बास ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायली कब्जे को समाप्त करके और फिलिस्तीनी लोगों के पूर्ण अधिकारों को सुनिश्चित करके ही स्थायी शांति प्राप्त की जा सकती है। मार्च में युद्धविराम का समझौता टूटने के बाद से इजरायल ने गुरुवार से अब तक सबसे घातक बमबारी में सैकड़ों फिलिस्तीनियों को मार डाला। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को मध्य पूर्व का दौरा समाप्त किया। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने पिछले 19 महीने से गाजा में फिलिस्तीनियों पर किए गए 'अत्याचार और हिंसा' की कड़ी निंदा करते हुए हिंसक अभियान का उद्देश्य गाजा की आबादी को समाप्त करना बताया। अल-सीसी ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका से गाजा में मानवीय संकट को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने शत्रुता समाप्त होने के बाद गाजा की शीघ्र पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की मिस्र की प्रतिबद्धता भी दोहराई। शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद, गाजा में हमास संचालित मीडिया कार्यालय ने उपस्थित लोगों से गाजा पर अन्यायपूर्ण नाकाबंदी को तोड़ने और प्रतिदिन होने वाली हत्याओं को रोकने का आह्वान किया। गाजा के लोग अब भुखमरी के खतरे का सामना कर रहे हैं। इसके

### गाजा पर इजरायली हमलों में कम से कम 64 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा में सिविल डिफेंस ने कहा कि गाजा पट्टी पर इज़रायली हमलों में कम से कम 64 फिलिस्तीनी मारे गए।सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इज़रायली तोपखाने ने गाजा शहर के पूर्व में शुजाय्या पड़ोस में अपने घरों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे फ़िलिस्तीनियों के एक समूह पर गोलाबारी की, जिसमें सात युवक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

श्री बसल ने कहा कि इज़रायली हवाई हमले में एक महिला और दो बच्चों सहित चार लोग मारे गए, जिसमें सलाह अल-दीन स्कूल के गेट को निशाना बनाया गया, जिसमें गाजा शहर के पश्चिम में विस्थापित परिवार रहते हैं, जबकि शहर के उत्तर में एक आवासीय अपार्टमेंट पर हवाई हमले में पाँचवाँ व्यक्ति मारा गया। श्री बसल के अनुसार, फिलिस्तीनी सभा पर हुए हमलों में कम से कम 11 लोग मारे गए, जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में मानवीय सहायता वितरित करने वाले गोदाम पर इजरायली हवाई हमले में नौ अन्य लोग मारे गए।

# डोनाल्ड ट्रंप ने शांति स्थापित कराने का झूठा दावा किया : खामेनेई

**■ अयातुल्लाह अली खामेनेई ने तेहरान में शिक्षकों के साथ एक बड़ी बैठक की**



**तेहरान,** 18 मई (एजेंसियां)। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल में किए उस दावे को 'झूठा' करार दिया है। ट्रंप ने कहा था कि वह शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने 'पावर' का इस्तेमाल करना चाहते हैं। खामेनेई ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गाजा पट्टी में हो रही हत्याओं को ट्रंप प्रशासन का समर्थन प्राप्त है। अयातुल्लाह अली खामेनेई ने तेहरान में शिक्षकों के साथ एक बड़ी बैठक की। इस बैठक में उन्होंने पश्चिम एशिया के अपने दौरे के दौरान क्षेत्र में शांति की स्थापना के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया दी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ईरना के अनुसार, शनिवार को तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणियां वक्ता और अमेरिकी राष्ट्र दोनों का अपमान हैं। ईरानी नेता ने कहा कि ट्रंप ने कहा कि वह शांति के लिए अपनी शक्ति का उपयोग करना चाहते हैं और यह उन्होंने झूठ बोला। उन्होंने, अन्य अमेरिकी अधिकारियों और अमेरिकी प्रशासन ने गाजा में हत्याओं को पूरा समर्थन दिया, उन्होंने किसी भी स्थान पर युद्ध भड़काने और अपने भाड़े के सैनिकों का समर्थन करने के लिए सत्ता का इस्तेमाल किया है। अली खामेनेई ने इजरायल पर दिए अपने पूर्व के बयानों को दोहराया और उसे क्षेत्र का घातक और खतरनाक कैंसर बताते हुए उखाड़ फेंके जाने की आवश्यकता बताई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्रीय देशों के दृढ़ संकल्प और प्रयासों के साथ, अमेरिका को इस क्षेत्र को अवश्य छोड़ना चाहिए।

## सुडोकू 6917


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6917



**बायें से दायें:**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
४.मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड,कष्ट ,हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा,(उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट, भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा, (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का निवास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११.चमड़े, मांस,चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके अटल अत्यावश्यक
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6916

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | र्थ | २ प्र | बं | ३ ध | ■ | ४ सा | र्व | ५ ज | न्य |
| नु | ■ | ण | ■ | ६ न | व | धा | ■ | न | ■ |
| ७ सा | बि | त | ■ | सं | ■ | ८ र | ण | नी | ९ ति |
| र | ■ | पा | ■ | १० च | र | ण | ■ | ■ | लां |
| ■ | ११ ज | ल | १२ म | य | ■ | ■ | १३ अ | ग्र | ज |
| ■ | ठ | ■ | द्धि | ■ | १४ वि | वि | ध | ■ | लि |
| १५ बे | र | १६ ह | म | ■ | लो | ■ | १७ र | १८ वि | ■ |
| स | ■ | वा | ■ | १९ वि | प | २० थ | ■ | रो | ■ |
| २१ ब | द | ला | ■ | व | ■ | २२ न | रा | ध | २३ म |
| ब | ■ | २४ त | ला | श | ना | ■ | ■ | ■ | द्य |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 19 मई , 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आपका दिन औसत फलदायी है। परिजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन की इच्छा होगी। सरकारी लाभ मिलने की संभावना है।

वृषभ - आज नए काम की प्रेरणा मिलेगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन भक्तिमय हो जाएगा। लंबे प्रवास की योजना बनाएंगे। दूर के रिश्तेदारों या दोस्तों से शुभ समाचार मिलेंगे। परेदश जाने की संभावनाएं बनेंगी।

मिथुन - स्वभाव की आक्रमकता के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। स्वास्थ्य अच्छा न हो, तो भी अभी कोई नई चिकित्सा पद्धति नहीं अपनानी चाहिए अथवा ऑपरेशन टालना चाहिए। आत्म सम्मान को ठेस न पहुंचे।

कर्क - प्रेम और स्नेह की भावनाओं से अभिभूत हुआ मन आज किसी खास व्यक्ति की तरफ आकर्षित होगा। मनोरंजन और मौज-शौक में आपका दिन व्यतीत होगा।

सिंह - उदासीनता और शंका आपको बेचैन करेंगे। दैनिक काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। अधिक परिश्रम करने पर भी निर्धारित फल नहीं मिलेगा। नौकरी के स्थान पर संभलकर चलना पड़ेगा।

कन्या - आज आपको चिंता और भय परेशान करेगा। पेट सम्बंधी तकलीफ हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। अचानक किसी बड़े खर्च आने की आशंका बनी रहेगी। बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

तुला - आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। सतत विचारों के कारण आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। घर में माता और स्त्रीवर्ग की चिंता हो सकती है। आज यात्रा करने से बचना आपके हित में रहेगा।

वृश्चिक - आप काम में सफलता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि होने की संभावना है। सहोदरों के साथ पारिवारिक मामलों पर चर्चा करेंगे और घरेलू योजनाएं बना सकेंगे।

धनु - पारिवारिक सदस्यों के साथ कोई मतभेद हुआ हो, तो आज इगो को अलग रखकर मतभेद दूर करें। गलत जगह पैसे खर्च हो सकते हैं। मन में दुविधा रहने से कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है।

मकर - आज की शुरुआत भगवान की भक्ति और स्मरण से कर सकेंगे। पारिवारिक वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्नेहियों से मेल-मुलाकात हो सकती है। इससे खुशी अनुभव करेंगे। आपका कामकाज सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - पैसे के लेन-देन में आज बहुत ध्यान रखें। आज किसी को भी पैसा उधार देने से बचें। मन में भय रहेगा। इस कारण एकाग्र नहीं रह पाएंगे। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। गलत जगह निवेश की योजना बना सकते हैं।

मीन - आप समाज में विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक कार्यक्रम में आप भाग ले सकेंगे। आपको मित्रों और बुजुर्गों से अच्छी मदद मिलेगी। कोई नया नेटवर्क बनेगा। नौकरी या व्यवसाय में आपकी आय बढ़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ट्रम्प आज पुतिन और ज़ेलेंस्की से करेंगे बात

**वाशिंगटन,** 18 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से अलग-अलग बात करेंगे ताकि दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके।



श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सोमवार को सुबह दस बजे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात करूंगा। उन्होंने कहा कि इस बातचीत का विषय 'खूनखराबे' को रोकना होगा, जिसमें औसतन हर सप्ताह पांच हजार से ज़्यादा रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे जा रहे हैं और व्यापार।

श्री ट्रंप ने कहा कि इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करेंगे और फिर राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ नाटो के विभिन्न सदस्यों से बात करेंगे। इस बीच, तुर्की के शहर इस्तांबुल में शुक्रवार को हुई बातचीत में रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने एक-एक हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई और आगे की बातचीत पर भी सहमत हुए।

### रोमानिया राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव शुरू

**बुखारेस्ट,** 18 मई (एजेंसियां)। रोमानिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हो गया। चुनाव में रोमानियाई संघ के ग बंधन के नेता जॉर्ज सिमियन का मुकाबला बुखारेस्ट के मेयर निकुसोर डैन से है। यह चुनाव 2024 के राष्ट्रपति चुनाव रद्द होने के बाद दोबारा कराए जा रहे निर्णायक दूसरे दौर का हिस्सा है। पहले दौर में जॉर्ज सिमीऑन को 40.96 प्रतिशत और निकुसोर डैन को 20.99 प्रतिशत वोट मिले थे। सिमीऑन यूरोपीय संघ के आलोचक हैं और 'रोमानिया फर्स्ट' नीति के तहत यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकने, टैक्स में कटौती और नियमों में ढील देने का वादा कर रहे हैं। यह परिणाम रोमानिया की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था से जनता की बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है। निकुसोर डैन, 55, यूरोपीय समर्थक प्लेटफार्म पर अभियान चला रहे हैं और यह चुनावी दौड़ पश्चिमी एकीकरण और राजनीतिक अलगाव के बीच चुनाव के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

### लंदन के संगीत कार्यक्रम में पांच लोगों को चाकू घोंपने की घटना

**लंदन,** 18 मई (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्व लंदन में शनिवार सुबह एक संगीत कार्यक्रम में हिंसा भड़कने के बाद चाकू घोंपने की घटना में पांच लोग घायल हो गए। मेट्रोपॉलिटन पुलिस को सुबह करीब 4 बजे थेम्समीड के नाथन वे पर बुलाया गया, जहां अधिकारियों ने पाया कि कार्यक्रम स्थल पर करीब 300 लोग एकत्र थे। पहुंचने पर, 22 से 32 वर्ष की आयु के पांच व्यक्तियों को चाकू घोंपने के घाव मिले और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों में से तीन को ऐसी चोटें आई हैं, जो जानलेवा नहीं मानी जा रही हैं, जबकि अन्य दो का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। सभी पांच व्यक्तियों को हिंसक उपद्रव के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# न्यूयॉर्क में मैक्सिकन नौसेना का जहाज ब्रिज से टकराया, दो की मौत



**न्यूयॉर्क,** 18 मई (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में शनिवार शाम मैक्सिकन नौसेना का जहाज यहां ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हुए। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि हादसे में शामिल मैक्सिकन नौसेना का जहाज 'कुआउतेमोक' था, जिसमें 277 लोग सवार थे। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ। पायलट नियंत्रण खो बैठा। सभी घायल जहाज़ पर ही थे, कोई पानी में नहीं गिरा।मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह जहाज़ जुलाई 2026 में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर न्यूयॉर्क आने वाला था। टक्कर के बाद न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर लोगों को ब्रुकलिन ब्रिज के आसपास जाने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि जांच जारी है, ट्रैफिक भारी है और आपातकालीन टीमें मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल, ब्रुकलिन ब्रिज के सभी लेन दोनों दिशाओं में बंद हैं।

### उत्तरी मेक्सिको में घर में आग लगने से 7 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तरी मेक्सिको के कोआहुइला राज्य के साल्टिलो शहर में शनिवार सुबह एक घर में आग लगने से पांच बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आग सुबह करीब 4 बजे लगी और घर के अंदर कॉस्मेटिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एसीटोन, सॉल्वैंट्स और पेंट जैसे ज्वलनशील पदार्थों के कारण तेजी से फैल गई। अधिकारियों ने पीड़ितों की पहचान 64 और 28 वर्ष की दो महिलाओं और पांच से 15 वर्ष की आयु के पांच बच्चों के रूप में की है। तीन अन्य घायल हो गए और उन्हें स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि आग संभवत: एक मोमबत्ती के ज्वलनशील उत्पादों के संपर्क में आने से लगी थी। अग्निशमन दल, पुलिस और आपातकालीन दल घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाई।

### सुडोकू 6917 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

## आज का इतिहास

1499- इंग्लैंड के हेनरी अष्टम की पहली पत्नी, आरागॉन की तेरह वर्षीय कैथरीन की शादी उनके भाई, 12 साल के आर्थर, प्रिंस ऑफ वेल्स, से प्रॉक्सी द्वारा की गई थी।
1542- वर्तमान समय में बर्मा में क्रोम साम्राज्य, टंगू राजवंश को जीत लिया गया था।
1571- मिग्यूल लोपेज डी जगाज्पी ने फिलीपींस की राजधानी मनीला की स्थापना की।
1714-ग्रेट ब्रिटेन की रानी ने अपने जीवनकाल में हनोवर के सदन के सदस्यों को ब्रिटेन में रहने की इजाजत देने से इनकार किया।
1743-फ्रांसीसी भौतिक विज्ञानी जीन-पियरे क्रिस्टिन ने सेंट्रिक्रेड थर्मामीटर के डिजाइन को सेंटीग्रेड स्केल के साथ प्रकाशित किया, जिसमें 0 पानी की चोरी बिंदु और 100 इसके क्वथनांक का प्रतिनिधित्व करता है।
1769-पोप क्लेमेंट पोप क्लेमेंट के स्थान पर 249वें पोप के रूप में चुने गए।
1776-अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध- मॉन्ट्रियल के पश्चिम में एक महाद्वीपीय सेना ने सीडर की लड़ाई में ब्रिटिश सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
1776-अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-एक महाद्वीपीय सेना ने पश्चिमी देशों के पश्चिम में देवदारों के युद्ध में ब्रिटिश सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
1780-घने धुएं, कोहरे और भारी बादल कवर का एक संयोजन दोपहर तक कनाडा और न्यू इंग्लैंड के न्यू इंग्लैंड क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर गिर सकता है।
1802-नेपोलियन बोनापार्ट ने साहब फ्रेंच लेजन (साहब की सेना) स्थापना की।
1817-कनाडा के सबसे पुराने चार्टर्ड बैंक, एसोसिएशन ऑफ द बैंक ऑफ मॉन्ट्रियल इन-मॉन्ट्रियल, क्यूबेक के लेखों को अपनाया गया।

*भ्रम का जाल बुन रहे पाकिस्तानी हुक्मरान*

# आयकर रिटर्न तक में फिसड्डी देश की असलियत कुछ और!

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। हाल के दिनों में ऐसा बहुत कुछ हुआ है जो पाकिस्तान की बखिया उधेड़ता है। उस भ्रमजाल की तस्दीक करता है जो इस देश के हुक्मरान अपनी आवाम के इर्द-गिर्द बुन रहे हैं। फेक न्यूज फैक्ट्री के जरिए अनर्गल प्रलाप किया जा रहा है तो सेना का जनरल अपनी हरकतों से मिट्टी पलीत करा रहा है। ये नया पाकिस्तान है जो 'टिकटॉक' के जरिए फेक नैरेटिव गढ़ने की अद्भुत काबिलियत रखता है। दुनिया कह रही है कि पाकिस्तान एक ऐसा मुल्क बनता जा रहा है जो पतन के कगार पर है।**

अंदर से खोखला हो चुका है। ऐसा देश जिसकी संरचना नाजुक और सैन्य कल्पनाओं के साथ ही कूटनीतिक फेल्योर का प्रमाण है। 'आर्मी अगाही नेटवर्क ' सेना की वो 'टुकड़ी' है जो सोशल मीडिया पर फर्जी किले खड़े करने का काम करती है।



पिछले दिनों ऐसे कई वीडियो आए जो अपनी जनता के बीच भारत की छवि बिगाड़ने और अपना इकबाल बुलंद करने की खातिर गढ़े गए, इन्हें भी ध्वस्त करने का काम हमारे देश ने फैक्ट चेक के जरिए कर दिखाया और इस हरकत से पाकिस्तान अपना ही मखौल उड़ाने में कामयाब हुआ! उसकी सेना मजाक का सबब बन गई है। नैरेटिव गढ़ने के चक्कर में जग हंसाई करा रहे हैं। सोशल प्लेटफॉर्म पर लोग जनरल मुनीर से ही सवाल कर रहे हैं कि ऐसे समय में जब सेना को प्रतिद्वंदियों को मुंह तोड़ जवाब देना था, वो टिकटॉक वीडियो बनाने में क्यों मगन है? आर्थिक तौर पर भी देश कराह रहा है। ये ऐसा विरला देश है जो 1958 से लगातार आईएमएफ के सामने गिड़गिड़ाता रहा है और अब तक 24 बेल आउट पैकेज झोली में गिरवा चुका है। ये मदद उसके व्यवस्थित आर्थिक कुप्रबंधन का परिणाम है। देश का आर्थिक मॉडल ध्वस्त हो चुका है। दिवालिया देश दिखता कुछ और है और खुद को दिखाता कुछ और है। अपनी संरचनात्मक कमजोरियों पर गंभीरता से विचार करने के बजाय लगातार छुपाने में यकीन रखता है। पाकिस्तान की 40 फीसदी से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है, लेकिन मुल्क के लिए ये कोई बड़ी बात नहीं है। उसके लिए ये सब सामान्य सी बात है। सबसे हैरानी की बात ये है कि महज 2.4 प्रतिशत आबादी ही रिटर्न फाइल करती है ।

## दुनिया को जानें

### तपश्री डांस अकादमी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**गंगटोक,** 18 मई (एजेंसियां)। तपश्री डांस अकादमी ने सिक्किम के 50वें राज्य दिवस के उपलक्ष्य में पालजोर स्टेडियम में 1,100 नर्तकों के साथ चुटकी नृत्य प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस कार्यक्रम में 18 सरकारी स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया, जिसे आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सिक्किम के सांस्कृतिक गौरव को प्रदर्शित करने के लिए अकादमी की सराहना की। अकादमी की मालिक कोमल गुरुंग ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि 'इस रिहर्सल में हमें एक महीने का समय लगा। यह टीम और मेरे सपने की वजह से संभव और सफल हो सका।' इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की निर्णायक अमरप्रीत कौर ने कोरियोग्राफी और समन्वय की प्रशंसा करते हुए इसे एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक उपलब्धि बताया। बता दें, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए राज्य के निवासियों को शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने लिखा, 'सिक्किम राज्य बनने की 50वीं वर्षगांठ पर मैं सिक्किमवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

# खेल जगत

## बरार ने पत्नी को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर तीन विकेट लेने वाले पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार पत्नी को समर्पित किया है। आज यहां राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से शिकस्त देने के बाद प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची पंजाब किंग्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने हरप्रीत बरार ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि यह शादी के बाद मेरा पहला पुरस्कार है। हमने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बहुत अभ्यास किया है और पोंटिंग सर ने भी हमें कहा था कि एक लेफ्टी, लेफ्टी को आउट कर सकता है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी और वह बल्लेबाजी कर रहे थे, हमारी योजना यही थी कि हम उन्हें खराब गेंद ना करें। सुनील जोशी सर के साथ बहुत काम आया है और उन्हें मुझे क्रीज का इस्तेमाल करने और बल्लेबाज को रीड करने में मेरी बेहद मदद की है।



# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 10 रनों से हराया

- पंजाब किंग्स की यह लगातार तीसरी जीत है
- अंक तालिका में दूसरे स्थान पर और प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची

**जयपुर,** 18 मई (एजेंसियां)। नेहाल वढेरा (70) और शशांक सिंह (नाबाद 59) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 60वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रनों से हरा दिया। पंजाब किंग्स की यह लगातार तीसरी जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर और प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंच गई है।

और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट की साझेदारी में ओवर में 76 रन जोड़ डाले। हरप्रीत बराड़ ने पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर वैभव सूर्यवंशी को आउटकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने 15 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद नौवें ओवर में हरप्रीत ने यशस्वी जायसवाल को आउटकर राजस्थान को संकट में डाल दिया। यशस्वी जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (50)



रन बनाये। राजस्थान का तीसरा विकेट संजू सैमसन 16 गेंदों में (20) के रूप में गिरा।उन्हें ओमरजई ने आउट किया। 14वें ओवर में हरप्रीत ने रियान पराग (13) को बोल्ड कर मैच में रोमांच भर दिया। इसके बाद ध्रुव जुरेल और शिमरॉन हेटमायर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। ओमरजई ने 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर हेटमायर (11) को अपना शिकार बना लिया। 20वें ओवर में मार्को यानसन ने पहले ध्रुव जुरेल 31 गेंदों में (53) और अगली ही गेंद पर वानिंदु हसरंगा (शून्य) को अपना शिकार बनाकर राजस्थान के मुंह से जीत छीन ली। राजस्थान रॉयल्स की टीम निर्धारित 20 ओवरा में सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी और मुकाबला 10 रनों से हार गई। इसी के साथ पंजाब किंग्स प्लेऑफ की दहलीज पर पर पहुंच है, अगर शाम काम मैच गुजरात जीत जाती है तो पंजाब, आरसीबी और गुजरात टाइटंस प्लेऑफ में पहुंच जायेगी। पंजाब किंग्स की ओर से हरप्रीत बराड़ ने तीन विकेट लिये। अजमतउल्लाह ओमरजई और मार्को यानसन को दो-दो विकेट मिले।

## श्रेयस भाई और मैं, दोनों ने साथ में अच्छा खेला: वढेरा

**जयपुर।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज नेहाल वढेरा ने रविवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 के मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 219/5 रन बनाने के बाद टीम की बल्लेबाजी इकाई को इसका श्रेय दिया। वढेरा पंजाब के विशाल स्कोर के उत्प्रेरक थे क्योंकि उन्होंने 37 गेंदों में पांच छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 70 रनों की पारी खेली और कप्तान श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह के साथ दो पचास से अधिक की साझेदारी भी की। यह वढेरा का सीजन का दूसरा अर्धशतक था। अय्यर ने 30 रनों की पारी खेली जबकि शशांक ने 27 गेंदों में अर्धशतक बनाया, जो सीजन का उनका दूसरा अर्धशतक था।शशांक तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 59 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई नौ गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने आखिरी चार ओवरों में 60 रन जोड़कर पंजाब को दोपहर के मैच में विशाल स्कोर तक पहुंचाया। वढेरा ने मध्य पारी के ब्रेक के दौरान कहा कि आज वहां बल्लेबाजी करना शानदार रहा। मुझे लगता है कि श्रेयस भाई और मैंने मिलकर अच्छा खेला। मुझे लगता है कि इस विकेट पर 220 रन का स्कोर बहुत अच्छा है।

# केकेआर प्लेऑफ से बाहर, फिंच ने कहा अपनी हालत के खुद जिम्मेदार हैं नाइटराइडर्स



**बेंगलुरु,** 18 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्लेऑफ में पहुंचना अब नामुमकिन हो गया है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि अपनी इस हालत के लिए खुद केकेआर ही जिम्मेदार है। शनिवार का मैच केकेआर के लिए बहुत जरूरी था। अगर वे अपने दोनों बचे हुए मैच जीतते, तो उनके 15 अंक हो सकते थे। साथ ही, उन्हें बाकी मैचों के नतीजों में भी मदद की जरूरत थी और नेट रन रेट भी बेहतर करना था। लेकिन बारिश की वजह से मैच रद्द होने पर उन्हें सिर्फ 1 अंक मिला। अब उनके 13 मैचों में कुल 12 अंक ही हैं। फिंच ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि केकेआर की शुरुआत ही अच्छी नहीं हुई। आंद्रे रसेल जैसे मैच जिताने वाले खिलाड़ी को ज्यादातर मैचों में नीचे के क्रम में भेजा गया, जिससे उन्हें मैच पर प्रभाव डालने का पूरा मौका नहीं मिला। टीम की हार के लिए केकेआर खुद ही जिम्मेदार हैं। फिंच ने 7 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार को अहम बताया। उस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे।

## केकेआर ने शिवम को किया शामिल

**कोलकाता।** गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल की जगह मध्य प्रदेश के मिस्ट्री स्पिनर शिवम शुक्ला को शामिल किया है, जिसकी घोषणा रविवार को फ्रेंचाइजी ने की। यह कदम इस बात की पुष्टि के बाद उठाया गया है कि पॉवेल, इंग्लैंड के मोईन अली के साथ, चिकित्सा समस्याओं के कारण शेष सत्र के लिए वापस नहीं आएंगे। केकेआर ने एक बयान में कहा कि रोवमैन एक प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, क्योंकि आईपीएल 2025 का सत्र थोड़े समय के निलंबन के बाद शनिवार को फिर से शुरू हुआ।

## केकेआर के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद आरसीबी ने टिकट रिफंड की घोषणा की

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने मैच के लिए टिकट रिफंड की घोषणा की है, जिसे शनिवार को लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था।( फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि चूंकि 17 मई 2025 को आरसीबी और केकेआर के बीच मैच खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया था, इसलिए सभी वैध टिकट धारक पूर्ण रिफंड के पात्र हैं। डिजिटल टिकट धारकों को टिकट बुक करने के लिए इस्तेमाल किए गए उनके मूल खाते में 10 कार्य दिवसों के भीतर रिफंड जारी किया जाएगा। यदि आपको 31 मई तक रिफंड नहीं मिलता है, तो कृपया मामले को आगे बढ़ाने के लिए बुकिंग विवरण के साथ refund@ticketgenie.in पर एक ईमेल भेजें।

## आईपीएल की रात को सफेद कपड़ों में आए प्रशंसकों ने एक खूबसूरत इशारा किया: मांजरेकर

**बेंगलुरु,** 18 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान प्रशंसकों द्वारा की गई दिल को छू लेने वाली श्रद्धांजलि की सराहना की, जहां प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली को सम्मानित करने के लिए एकत्र हुए थे। शनिवार शाम को बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम सफेद रंग के समुद्र में तब्दील हो गया, क्योंकि प्रशंसकों ने कोहली के शानदार टेस्ट करियर को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिष्ठित नंबर 18 वाली सफेद जर्सी पहनी थी। हार्दिक इशारा एक विनम्र प्रशंसक अभियान के रूप में शुरू हुआ - एक साधारण सोशल मीडिया पोस्ट जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के समर्थकों से आरसीबी बनाम केकेआर मुकाबले में विराट कोहली की सफेद जर्सी पहनने का आग्रह किया गया, जो हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास के सम्मान में था। एक छोटे से विचार के रूप में शुरू हुआ यह विचार जल्द ही एक शक्तिशाली आंदोलन में बदल गया, क्योंकि प्रशंसक एक ऐसे खिलाड़ी की विरासत का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए, जिसने लाल गेंद के खेल को अपना सब कुछ दे दिया। मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि विराट कोहली के लिए प्रशंसकों का जो प्यार है, वह कुछ खास है। यह एक आईपीएल नाइट मैच था, और प्रशंसक भारतीय क्रिकेट इतिहास के एक पल को याद करने के लिए सफेद कपड़े पहने हुए आए थे। यह एक सुंदर इशारा है। पांच साल तक, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को देखने लायक और अधिक लोकप्रिय बनाया। हम अक्सर कहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी खेल से बड़ा नहीं है, लेकिन ऐसे समय में जब टेस्ट क्रिकेट प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा था, विराट ने इसे वह ध्यान दिया जिसकी इसे सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि वह अभी भी आईपीएल में खेल रहे हैं, लेकिन उनमें हमेशा टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखने की इच्छा थी।

# करो या मरो के मुकाबले में हैदराबाद से भिड़ेगी लखनऊ

- एसआरएच के पास ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की आक्रामक सलामी जोड़ी है
- किशन की तरह ऋषभ पंत का भी फॉर्म इस सीजन कुछ खास नहीं रहा है



**लखनऊ,** 18 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 61वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का सामना मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगा। जहां एसआरएच की टीम प्रतियोगिता से पहले ही बाहर हो चुकी है, वहीं एलएसजी को अब हर मैच जीतने के साथ-साथ दूसरे परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। आइए देखते हैं इस मैच से जुड़ी हुई कुछ अहम बातें और आंकड़ें। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल पांच मुकाबले हुए हैं, जिसमें एलएसजी का पलड़ा 4-1 से भारी है। वहीं इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच अब तक कोई मैच नहीं हुआ। इकाना की पिच की बात की जाए तो यहां पर इस साल दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आने वाली टीम का पलड़ा भारी रहा है और उन्होंने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं। तो कोई भी टीम यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। एसआरएच के पास ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की आक्रामक सलामी जोड़ी है, लेकिन शुरूआती मैचों को छोड़ दिया जाए तो इस जोड़ी ने निराश ही किया है। इस मैच में भी यह निराशा कायम रह सकती है क्योंकि एलएसजी के स्ट्राइक गेंदबाज आवेश खान और शार्दुल ठाकुर इस जोड़ी को परेशान करते हैं। आवेश ने इन दोनो बल्लेबाजों को दो-दो बार आउट किया है, जबकि अभिषेक तो आवेश पर सिर्फ 64 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। ठाकुर ने अभिषेक को आईपीएल मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि इस दौरान अभिषेक का स्ट्राइक रेट उनके खिलाफ 106 का रहा है। ठाकुर एसआरएच के फिनिशर हेनरिक क्लासेन को भी पांच टी20 पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं।

इशान किशन ने इस सीजन की शुरुआत विस्फोटक शतक के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उनका फॉर्म कुछ खास नहीं रहा है। इसके बाद उनकी नौ पारियों में छह बार उनका स्कोर दहाई के स्कोर तक भी नहीं पहुंचा है, जबकि आठ बार वह 20 के स्कोर को नहीं पार कर सके हैं। किशन का यह निराशाजनक फॉर्म इस मैच में भी जारी रह सकता है, क्योंकि एलएसजी के स्टार लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उन्हें सात आईपीएल पारियों में चार बार आउट कर चुके हैं, जबकि किशन का इस दौरान स्ट्राइक रेट सिर्फ 92 का रहा है। किशन को इसके अलावा आकाश दीप भी परेशान करते हैं, जिन्होंने दो आईपीएल पारियों में किशन को दो बार आउट किया है, जबकि किशन इस दौरान आकाश पर 91 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

किशन की तरह ऋषभ पंत का भी फॉर्म इस सीजन कुछ खास नहीं रहा है और वह 10 पारियों में सिर्फ 99.22 के स्ट्राइक रेट और 12.80 की औसत से 128 रन बना पाए हैं, जिसमें एक 63 का भी स्कोर शामिल है। इस मैच में भी वह निराश कर सकते हैं क्योंकि एसआरएच के मिडिल और डेथ ओवर स्पेशलिस्ट हर्षल पटेल ने उन्हें पांच पारियों में तीन बार आउट किया है।इसके अलावा जयदव उनादकट ने भी पंत को पांच पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि कमिंस ने पंत को सिर्फ एक बार आईपीएल में आउट किया है, लेकिन पंत, कमिंस पर सिर्फ 103 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## सार संक्षेप

### वेगा के दोहरे गोल से टोलुका, मैक्सिको लीगा के फाइनल में

**मेक्सिको सिटी।** एलेक्सिस वेगा के दो शानदार गोल की बदौलत डेपोर्टिवो टोलुका फुटबॉल क्लब ने रविवार को टाइग्रेस यूएएनएल पर 3- से जीत दर्ज मैक्सिको की लीगा एमएक्स क्लॉसुरा फाइनल में जगह बना ली है। नेमेसियो डाइज स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में मेजबान टीम टोलुका के लिए 18वें मिनट में वेगा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 78वें मिनट में एडगर लोपेज ने वेगा के पास पर दो डिफेंडरों को कुशलता से चकमा देते हुए टीम के लिए दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-` कर दिया। वेगा ने 82वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से एक शक्तिशाली शॉट के जरिए अपना दूसरा गोल किया। इसी के साथ स्कोर 3- के साथ मुकाबले में अपनी जीत सुनिश्चित की। पहले चरण में दोनों टीमों के बीच 1-1 से बराबरी के बाद टोलुका को कुल मिलाकर 4-1 से जीत मिली। टोलुका का मुकाबला 22 और 25 मई को होने वाले दो चरणीय फाइनल में क्लब अमेरिका या क्रूज अजुल के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से होगा।

### जीएसटी जन जागरुकता को लेकर हुई साइकिल मैराथन

**देहरादून।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) लागू होने की आठवीं वर्षगांठ एक जुलाई से पूर्व रविवार को देहरादून में जन जागरूकता के लिए एक साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। फिटनेस और कार्यबल के बीच एकता की भावना और देश में जीएसटी के कार्यान्वयन के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने उद्देश्य से आज सुबह 6:3 बजे महाराणा प्रताप चौक से आठवें जीएसटी दिवस की थीम 'जीएसटी के आठ वर्ष : करों का सरलीकरण और नागरिकों का सशक्तीकरण' के संदेश से मैराथन शुरू हुई। जीएसटी के प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह साइकिल मैराथन माल देवता रोड पर संपन्न हुई। मैराथन में अपर आयुक्त अरूण कुमार गुप्ता एवं नितिन वापा, संयुक्त आयुक्त विवेकानंद मौर्य के नेतृत्व में सभी सीजीएसटी आयुक्तालय, देहरादून तथा लेखा परीक्षा कार्यालय, देहरादून के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# पाओलिनी ने गॉफ को हराकर ऐतिहासिक रोम खिताब जीता



**रोम (इटली),** 18 मई (एजेंसियां)। घरेलू पसंदीदा जैस्मीन पाओलिनी ने शनिवार को इंटरनैशनली बीएनएल डी इटालिया में इतिहास रच दिया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि चार दशकों में पहली बार, इटैलियन इंटरनेशनल के पास महिला एकल में इतालवी चैंपियन है। पाओलिनी ने रोम में पक्षपातपूर्ण भीड़ को रोमांचित कर दिया, क्योंकि नंबर 6 सीड पाओलिनी ने कैम्पो सेंट्रल में फाइनल में नंबर 4 सीड कोको गॉफ को 6-4, 6-2 से हराकर ऐतिहासिक खिताब जीता। पाओलिनी 40 साल पहले 1985 में राफैला रेगी के बाद अपने देश के सबसे बड़े आयोजन में जीत हासिल करने वाली पहली महिला हैं। इसके अलावा, रेगी ने खिताब तब जीता जब यह आयोजन टोरंटो में आयोजित किया गया था, जिसका अर्थ है कि पाओलिनी ओपन एरा (1968 से) के दौरान अपनी राष्ट्रीय राजधानी रोम में इंटरनैशनली बीएनएल डी इटालिया खिताब जीतने वाली पहली महिला थीं। इस प्रकार वह ओपन एरा में रोम के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी इतालवी महिला बन गईं, जिन्होंने पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद, दो सेट पॉइंट बचाते हुए, 1 घंटे और 39 मिनट में पीटन स्टर्न्स को 7-5, 6-1 से हराया। दो शीर्ष-5 खिलाड़ियों के बीच शिखर संघर्ष में, पाओलिनी को गॉफ को हराने और 2024 में दुबई में अपनी जीत के बाद अपना दूसरा करियर डब्ल्यूटीए 1000 खिताब हासिल करने के लिए केवल 1 घंटे और 29 मिनट की आवश्यकता थी। यह पाओलिनी का कुल मिलाकर तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब है - और क्ले पर उनका पहला। गॉफ ने अपने करियर की पहली दो भिड़ंत जीतीं, लेकिन वे हार्ड कोर्ट पर थीं, और पाओलिनी ने क्ले पर अपनी प्रतिद्वंद्विता पर नियंत्रण कर लिया है। पाओलिनी ने पिछले महीने स्टटगार्ट में इनडोर क्ले पर गॉफ को पहली बार हराया था और अब उन्होंने रोम में मिट्टी पर उस जीत को बरकरार रखा है, जिससे उनका कुल हेड-टू-हेड 2-2 हो गया है। अब पाओलिनी के सोमवार को विश्व नंबर 4 की अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर लौटने का अनुमान है, जो रौलां गैरो सीडिंग में संभावित शीर्ष 4 स्थान के लिए समय है। इस बीच, गॉफ सोमवार को नंबर 2 की अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर वापस आ जाएंगी। पाओलिनी का इस पखवाड़े में भी खेल खत्म नहीं हुआ है।

> पाओलिनी 1985 में राफैला रेगी के बाद अपने देश के सबसे बड़े आयोजन में जीत हासिल करने वाली पहली महिला हैं

इटैलियन इंटरनेशनल

# मोतिहारी के रवि यादव ने तलवारबाजी में जीता कांस्य पदक

**पटना,** 18 मई (एजेंसियां)। बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मोतिहारी के रवि यादव ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर चंपारण का मान सम्मान बढ़ाया है वहीं बिहार से चयनित 24 खिलाड़ियों में मात्र एक खिलाड़ी ने ही मेडल लाकर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। राजगीर में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में मोतिहारी से तलवारबाजी के लिए काफी संख्या में खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन रवि कुमार यादव ने कई खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक जीतने का काम किया। रवि यादव ने कांस्य पदक जीतने पर खुशी जताई है लेकिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक बार फिर शामिल होकर देश के लिए गोल्ड मेडल लाने का उम्मीद भी दिखाई है। रवि यादव ने कहा कि थोड़ी सी चूक के कारण हम लोग गोल्ड मेडल लाने से चूक गए लेकिन आने वाले समय में वर्ल्ड चैंपियनशिप में हम बेहतर परफॉर्म करेंगे । पूर्वी चम्पारण तलवारबाजी संघ के सचिव अप्पू कुमार ने कहा कि थोड़ी सी चूक के कारण हमारे खिलाड़ी गोल्ड मेडल नहीं लाये लेकिन आने वाले समय में वर्ल्ड चैंपियन के साथ-साथ कई खेल के आयोजन होने है जिसमें हमारे खिलाड़ी बेहतर परफॉर्म करेंगे, ऐसा हम सभी को उम्मीद है।



- थोड़ी सी चूक के कारण हम लोग गोल्ड मेडल लाने से चूक गए : रवि यादव

# छेत्री ने बेंगलुरु में महिला राष्ट्रीय शिविर का दौरा किया

**बेंगलुरु,** 18 मई (एजेंसियां)। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने यहां महिला राष्ट्रीय शिविर का दौरा किया और टीम ने फारवर्ड को सभी टीम सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक भारतीय किट भी भेंट की। छेत्री ने महिला टीम के लिए कुछ उत्साहवर्धक शब्द कहे, क्योंकि वे अगले महीने होने वाले एएफसी महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर की तैयारी कर रही हैं। क्रिस्पिन छेत्री द्वारा प्रशिक्षित सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम वर्तमान में बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही है, और शहर में 29 मई और 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा महिला अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच भी खेलेगी। हालांकि



यह पहली बार नहीं था जब छेत्री ने महिला टीम का दौरा किया, लेकिन उन्होंने शिविर में कई नए चेहरों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। छेत्री ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव है। पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब इसमें बहुत ज्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना उम्रदराज हो गया हूं। यहां बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, और मुझे उनके बारे में मुख्य कोच से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा कि हर कोई खुश और खुश दिख रहा था। उन्हें उज्बेकिस्तान और फिर एशिया कप क्वालीफायर में कुछ अच्छे दोस्ताना मैच खेलने हैं, और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश रहें, एक साथ सहज महसूस करें और अपने प्रशिक्षण का आनंद लें। ग्रुप बी में शामिल भारतीय महिला टीम 23 जून को थाईलैंड के चियांग माई में मंगोलिया के खिलाफ अपने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वे तिमोर-लेस्ते (29 जून), इराक (2 जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (5 जुलाई) से खेलेगी।

> यह एक अद्भुत अनुभव है पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब इसमें बहुत ज्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना उम्रदराज हो गया हूं : सुनील छेत्री

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 13 | 3 | 10 | 6 | -0.701 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 4 | -0.922 |

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 4.16 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.56 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.60 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.36 प्रतिशत |
| मारुति | 2.17 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एबी कैपिटल | 1.35 प्रतिशत |
| सेंट्रल बैंक | 1.27 प्रतिशत |
| भारती हैक्साकॉम | 1.18 प्रतिशत |
| केनरा बैंक | 0.64 प्रतिशत |
| ब्रिटेनिया | 0.17 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 91,484 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,103 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में उछाल

- भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार पूरा होने की राह पर
- अब 130 देशों को समुद्री खाद्य निर्यात करता है भारत
- सरकार का 2030 तक 1.57 लाख करोड़ रुपए का निर्यात कारोबार हासिल करने का लक्ष्य



**नई दिल्ली,** 18 मई (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में इस वर्ष अप्रैल में 17.81 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई है, जो 0.58 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में समुद्री उत्पादों के चौथे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में देश ने 16.85 लाख मीट्रिक टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जो 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, निर्यात वित्त वर्ष 2015 के 5.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 7.2 बिलियन डॉलर हो गया। अमेरिका की टैरिफ वृद्धि की घोषणा के बावजूद यह गति 2025-26 तक जारी रहेगी। इस बीच, भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच निर्यात और आयात के प्रवाह को बढ़ाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय व्यापार पूरा होने की राह पर है।

भारत अब 130 देशों को समुद्री खाद्य निर्यात करता है, जो 2014-15 में 105 देशों से अधिक है। यह देश की समुद्री उत्पादों की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है।

फ्रोजन झींगा सबसे ज्यादा निर्यातित समुद्री उत्पाद है, जो कुल मात्रा का 40 प्रतिशत और कुल निर्यात मूल्य का 66.12 प्रतिशत योगदान देता है, जिसमें अमेरिका और चीन सबसे बड़े बाजार हैं।

भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा क्षमता और उच्च मूल्य प्राप्ति को केंद्र की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो मत्स्य पालन वैल्यू चैन के साथ हस्तक्षेप की एक बास्केट को सपोर्ट करती है। इसमें गुणवत्ता वाली मछली उत्पादन, खारे पानी के जलीय कृषि का विस्तार, विविधीकरण और गहनता, निर्यात-उन्मुख प्रजातियों को बढ़ावा देना शामिल है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, मजबूत रोग प्रबंधन और पता लगाने की क्षमता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, निर्बाध कोल्ड चेन के साथ आधुनिक कटाई के बाद के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, आधुनिक मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मछली लैंडिंग केंद्रों का विकास भी इस योजना का हिस्सा है, जिसने देश में समुद्री खाद्य उत्पादन और निर्यात को बड़ा बढ़ावा दिया है। केंद्र सरकार अब 2030 तक 18 बिलियन डॉलर (1.57 लाख करोड़ रुपए) का निर्यात कारोबार हासिल करने का लक्ष्य पर है।

बयान में कहा गया है कि यह लक्ष्य भारत के समुद्री खाद्य निर्यात के लिए विजन डॉक्यूमेंट-2030 में तय किया गया है, जिसे समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने तैयार किया है। यह प्राधिकरण वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन काम करता है।

एमपीईडीए देश से समुद्री खाद्य निर्यात की निगरानी में अहम भूमिका निभाता है। मत्स्य पालन विभाग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच साल के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में 20,050 करोड़ रुपए के निवेश के साथ प्रमुख पीएमएमएसवाई योजना को लागू कर रहा है, जिसके कारण निर्यात में उछाल आया है।

# आईएमएफ ने कर्ज के लिए पाकिस्तान के सामने 11 और शर्तें रखी



- भारत के साथ तनाव को बताया सबसे बड़ा जोखिम


**नई दिल्ली,** 18 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 7 अरब डॉलर के लोन के लिए पाकिस्तान के सामने 11 और नई शर्तें रख दी हैं। इसके साथ ही भारत के साथ तनाव को एक बड़ा जोखिम बताया है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, जो नई शर्तें लगाई गई हैं उनमें 17.6 लाख करोड़ रुपए के नए बजट को मंजूरी देना, बिजली बिलों पर डेट सर्विसिंग सरचार्ज बढ़ाना और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है।

शनिवार को जारी आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है कि तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अभी तक बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हालिया मुनाफे को बरकरार रखा है।

आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.414 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जो 25,200 करोड़ रुपए या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में, सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है, जो भारत के साथ संघर्ष के बाद 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

आईएमएफ ने जून 2025 के अंत तक कार्यक्रम लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आईएमएफ स्टाफ एग्रीमेंट के अनुरूप वित्त वर्ष 2026 के बजट की संसदीय मंजूरी हासिल करने की एक नई शर्त भी लगाई है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने रिपोर्ट में बताया कि आईएमएफ ने महज 7 अरब डॉलर के कर्ज के लिए पाकिस्तान पर 11 और शर्तें लगा दी हैं, जिससे कुल शर्तों की संख्या 50 हो गई है।आईएमएफ ने बताया कि पाकिस्तान के 17.6 लाख करोड़ रुपए के बजट में से सिर्फ 1.07 लाख करोड़ रुपए विकास पर खर्च किए जाने हैं, जबकि 6.6 लाख करोड़ रुपए का राजकोषीय घाटा है।

# स्वदेशी एंटी-सबमरीन वारफेयर सॉल्यूशंस बनाएगा अडानी डिफेंस



- स्पार्टन के साथ की साझेदारी

**अहमदाबाद,** 18 मई (एजेंसियां)। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने रविवार को देश में स्वदेशी एंटी-सबमरीन वारफेयर सॉल्यूशंस विकसित करने के लिए स्पार्टन (डेलिओन स्प्रिंग्स एलएलसी) के साथ साझेदारी एग्रीमेंट साइन किया। स्पार्टन, एल्बिट सिस्टम्स की कंपनी है, जो एडवांस्ड एंटी-सबमरीन वारफेयर (एडब्ल्यूएस) सिस्टम्स बनाती है।

इस साझेदारी के तहत अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस स्वदेशी सोनोबॉय समाधान पेश करने वाली भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है। यह साझेदारी अडानी ग्रुप की देश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दिखाती है। अडानी एंटरप्राइजेज के वाइस प्रेसिडेंट जीत अडानी ने कहा कि तेजी से अस्थिर होते समुद्री माहौल में भारत की समुद्र के भीतर युद्ध क्षमताओं को मजबूत करना न केवल एक रणनीतिक प्राथमिकता है, बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना को एकीकृत और मिशन के लिए तैयार आईएसआर और एंटी-सबमरीन वारफेयर क्षमताओं की आवश्यकता है।

# लार्ज लैंग्वेज मॉडल से सॉफ्टवेयर नौकरियों को खतरा : श्रीधर वेम्बू



- एआई से पूरी दुनिया की करीब 40 प्रतिशत तक नौकरियों पर असर हो सकता है : यूएनसीटीएडी

**नई दिल्ली,** 18 मई (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एलएलएम) से भविष्य में बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर नौकरियों को नुकसान हो सकता है।

जोहो के सह-संस्थापक के मुताबिक, एलएलएम के बढ़ने से एआई को उद्योग तेजी से अपनाएंगे।

वेम्बू का बयान ऐसे समय पर आया है, जब कई बड़ी संस्थाएं एआई से नौकरियों के जाने की चिंता व्यक्त कर चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए वेम्बू ने कहा कि मैंने अकसर अपने कर्मचारियों से यह कहा है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को मैकेनिकल इंजीनियरों या सिविल इंजीनियरों या केमिस्टों या स्कूल शिक्षकों की तुलना में बेहतर वेतन मिलता है, लेकिन यह कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है और हम यह नहीं मान सकते कि यह हमेशा के लिए रहेगा।

उन्होंने कहा कि फैक्ट यह है कि ग्राहक हमारे उत्पादों के लिए भुगतान करते हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमें क्षेत्र को भी डिसरप्ट किया जा सकता है और आगे कहा कि जितना अधिक हम मान लेंगे कि हम नहीं होंगे, उतनी ही अधिक संभावना होगी कि हम होंगे। बीते महीने यूएनसीटीएडी ने कहा कि एआई से पूरी दुनिया की करीब 40 प्रतिशत तक नौकरियों पर असर हो सकता है। वेम्बू ने कहा कि मैं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट (एलएलएम + टूलींग) में आने वाली उत्पादकता क्रांति को देख पा रहा हूं जो बहुत सारी सॉफ्टवेयर नौकरियों को नष्ट कर सकती है। यह गंभीर है लेकिन इसे आत्मसात करना आवश्यक है। इस महीने की शुरुआत में जोहो ने अपनी महत्वाकांक्षी 700 मिलियन डॉलर की सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट को रोक दिया था।

## सार संक्षेप

### आरबीआई जल्द जारी करेगा नए 2 रुपए के नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक जल्द ही 2 मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में होंगे और इनमें गवर्नर संजय मल्होत्रा के साइन होंगे। आरबीआई ने बताया कि इन नए नोटों का डिज़ाइन पहले से चल रहे 2 के महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के नोटों जैसा ही रहेगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि सभी पुराने 2 के नोट वैध रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने साफ कर दिया है कि पहले जारी किए गए सभी 2 के नोट, चाहे उन पर किसी भी गवर्नर के हस्ताक्षर हों, पूरी तरह से वैध और लेनदेन में इस्तेमाल करने योग्य रहेंगे। आरबीआई के नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद जो नए नोट जारी किए जा रहे हैं, वे एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। यह सिर्फ प्रशासनिक बदलाव का संकेत है और इसका पुराने नोटों की वैधता या मूल्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसलिए, जनता को घबराने की जरूरत नहीं है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 69.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से`9 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2`7 अरब डॉलर घटकर 686`6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार,`9 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 19.6 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.5 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी हुई और यह चढ़कर 86.3 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.5 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.4 अरब डॉलर रह गई।

### फॉक्सकॉन की बेंगलुरु यूनिट से आईफोन की शिपमेंट जून में हो सकती है शुरू

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने हाल ही में जानकारी दी कि ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग फॉक्सकॉन की बेंगलुरु स्थित यूनिट लॉन्च के लिए लगभग तैयार है। इसी के साथ, जून की शुरुआत में ही कमर्शियल आईफोन की शिपमेंट शुरू होने की उम्मीद है। देश अब वैश्विक स्तर पर 'मेक इन इंडिया' पहल की राह पर अग्रसर है। रिपोर्ट्स की मानें तो टेक्नोलॉजी दिग्गज एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में शिफ्ट कर सकता है। पाटिल के अनुसार देवनहल्ली आईटीआईआर में फॉक्सकॉन की यूनिट लांच के लिए लगभग तैयार है।

# विदेशी निवेशकों के रुख तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई,** 18 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब चार प्रतिशत तक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी

- सेंसेक्स 3.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82330.59 अंक पर
- निफ्टी 4.2 प्रतिशत की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर 25019.80 अंक पर बंद

सूचकांक सेंसेक्स 2876.12 अंक अर्थात 3.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82330.59 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1011.8 अंक यानी 4.2 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25019.80 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 2894.34 अंक अर्थात 6.9 प्रतिशत की तेजी लेकर 45005.84 अंक और स्मॉलकैप 4303.79 अंक यानी 9.2 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51045.74 अंक पर पांच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, हाल के दिनों में विदेशी




पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि, 09 मई को भारत-पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन, अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था। जनवरी में डॉलर सूचकांक के 111 तक पहुंचने के बाद उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की। हालांकि मार्च के बाद से बिकवाली की तीव्रता में कमी आई और अप्रैल में एफआईआई 4,243 करोड़ रुपये शुद्ध लिवाल रहे।विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर डॉलर में गिरावट और अमेरिका तथा चीन की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी जैसे कारकों के साथ-साथ घरेलू स्तर पर उच्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि, घटती महंगाई और ब्याज दरें भारतीय इक्विटी बाजार में एफआईआई प्रवाह को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इसके विपरीत ऋण प्रवाह में कमी देखी जा रही है और निकट भविष्य में इसके कम रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 2975.43 अंक की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82,429.90 अंक और निफ्टी 916.70 अंक की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया।

विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को सेंसेक्स 1281.68 अंक का गोता लगाकर 81,148.22 अंक और निफ्टी 346.35 अंक की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।वहीं, देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया।

# जीएसटी के 8 साल पर सीबीआईसी ने मनाया 'संडे ऑन साइकिल'

**नई दिल्ली,** 18 मई (एजेंसियां)। जीएसटी के आठ साल पूरे होने के अवसर पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 'फिट इंडिया मूवमेंट' के साथ मिलकर रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' नाम से एक राष्ट्रव्यापी साइक्लोथॉन का आयोजन किया।



सीबीआईसी के सदस्य (जीएसटी) शशांक प्रिया ने भारतीय कराधान प्रणाली पर जीएसटी के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार जीएसटी ने लगभग 30 विभिन्न अप्रत्यक्ष करों को एक सिंगल पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चरल में एकीकृत किया है, जिससे व्यवसायों और नागरिकों दोनों के लिए कर प्रशासन और अनुपालन सरल हो गए हैं। प्रिया ने प्रतिभागियों को जीएसटी कंपोजिशन स्कीम और क्वार्टरली रिटर्न मंथली पेमेंट (क्यूआरएमपी) योजना जैसी पहलों के माध्यम से छोटे करदाताओं को दिए गए महत्वपूर्ण लाभों से भी अवगत कराया, जो अनुपालन बोझ को कम करते हैं और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देते हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया, जिसमें देश भर के 100 से अधिक सीजीएसटी आयुक्तालय भी भाग ले रहे हैं। सीजीएसटी के मुंबई और पुणे जोन ने सुनील शेट्टी, मिलिंद सोमन और जॉन अब्राहम को भी शामिल किया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दाल-दलहन में तेजी व अनाज एवं मीठे में स्थिरता

**नई दिल्ली,** 18 मई (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से दाल-दलहन चढ़ गए वहीं अनाज और मीठे के बाजार में स्थिरता रही।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 47 रिंगिट चढ़कर 3837 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की गिरावट के साथ 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# अमेरिकी टैरिफ से मेडिकल टूरिज्म इंडस्ट्री पर पड़ेगा प्रभाव : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में मेडिकल खर्च को लेकर लगातार वृद्धि जारी है, ऐसे में अधिक से अधिक मरीज लागत प्रभावी उपचार विकल्पों के लिए विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी के साथ टैरिफ का मेडिकल टूरिज्म इंडस्ट्री पर असर देखा जा सकता है। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। हाल ही में अमेरिकी व्यापार नीति में कई बड़े परिवर्तन हुए हैं, विशेष रूप से चीन जैसे देशों पर आयात शुल्क के संबंध में बदलाव देखे गए हैं।

इन नीतियों को आमतौर पर आर्थिक और भू-राजनीतिक विचारों के जरिए उचित ठहराया जाता है, लेकिन ये नीतियां मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री विशेष रूप से मेडिकल टूरिज्म सहित अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करती हैं। एक प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा के अनुसार, एक बड़ा परिणाम यह देखना होगा कि टैरिफ का मेडिकल टूरिज्म पर



क्या प्रभाव पड़ता है। मेडिकल टूरिज्म का मतलब स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए दूसरे देश की यात्रा करने से है। अमेरिका ने चीन से आयातित कई मेडिकल प्रोडक्ट्स पर भारी टैरिफ लगाया है, जिसमें सीरिंज, रबर मेडिकल एंड सर्जिकल ग्लव्स और फेस मास्क शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये वस्तुएं कई तरह की चिकित्सा प्रक्रियाओं और दैनिक स्वास्थ्य सेवा संचालनों का अभिन्न अंग हैं। ऐसे सामानों पर टैरिफ लगाने से सप्लाई चैन बाधित हुई है, अस्पताल खरीद रणनीतियों पर

- अमेरिका में बढ़ गई स्वास्थ्य सेवा वितरण की लागत

प्रतिबंध लगा है और पूरे अमेरिका में स्वास्थ्य सेवा वितरण की लागत बढ़ गई है।

इन बढ़ती लागतों के जवाब में, अमेरिकी लोग लगातार मेडिकल टूरिज्म की ओर रुख कर रहे हैं। लोकप्रिय गंतव्यों में मेक्सिको, भारत, थाईलैंड और कोस्टा रिका शामिल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं प्रदान करते हैं।

उदाहरण के लिए, अमेरिका में घुटने के रिप्लेसमेंट की सर्जरी की औसत लागत 50,000 डॉलर से अधिक हो सकती है, लेकिन भारत या मेक्सिको में यही प्रक्रिया 8000-12,000 डॉलर में की जा सकती है। अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को टैरिफ के कारण परिचालन लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है।

# देश की तरक्की के लिए समाज का जागरूक होना जरूरी-अरुण साव

### संत समागम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

### कबीर आश्रम में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की

**बिलासपुर,** 18 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के सेलूद स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय विराट संत समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कबीर आश्रम के मुखिया व साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री द्वारा आयोजित इस संत समागम में सांसद श्री विजय बघेल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने संतों की मांग पर आश्रम के कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने आश्रम की अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा दिलाया।




उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने संत समागम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत समाज को मार्गदर्शन देते हैं। संत कबीर ने जीवन जीने का आचरण बताया है। उनकी वाणी आज भी प्रासंगिक है। उन्हें मानने वाले पूरे देशभर में हैं। इस आश्रम में कई तरह के अभावों के बीच भी कबीर के विचारों को लोगों तक पहुंचाने में आप लोग लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी संत कबीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। देश की तरक्की के लिए समाज का जागरूक होना जरूरी है। आज राज्य की सरकार और केंद्र की सरकार मिलकर लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने और हर परिवार को आत्म-निर्भर बनाने का काम रही है। संतों के आशीर्वाद से यह काम भी पूरा होगा।

सांसद विजय बघेल ने संत समागम में कहा कि विगत 60 वर्षों से इस आश्रम में संत समागम का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने सभी संतों का अभिवादन करते हुए कहा कि आश्रम का मुझे आर्शीवाद मिला है। कबीर की वाणी में ईश्वर का वास था। कबीर की वाणी आज भी जीवंत है। हम सभी को कबीर के बताये मार्ग को जीवन में आत्मसात करना है। उन्होंने आश्रम में स्नानागार और शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। संत समागम में परमेश्वर साहेब, भूपत साहेब और साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और संत कबीर के अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# राज्य का पहला एक्वा पार्क बनेगा हसदेव-बांगो डूबान क्षेत्र में

### केज कल्चर से मछली उत्पादन के साथ बढ़ी आमदनी

कोरबा, 18 मई (देशबन्धु)। मछली पालन और उसकी आय ने हसदेव डूबान के आसपास बसे सैकड़ों ग्रामीणों के जीवन को प्रभावित किया है। केज कल्चर के माध्यम से मछली उत्पादन करने की तरकीब ने न केवल उनके हाथों में रोजगार और जेब में पैसे दिए, अपितु जीवनयापन का एक नया जरिया भी विकसित किया है। हसदेव बांगो डूबान क्षेत्र में प्रदेश का पहला एक्वा पार्क बनाने की तैयारी है। इसके बनने से कई और अच्छे इम्पैक्ट यहां पर दिखेंगे।

खबर के अनुसार 37.10 करोड़ से यहां एक्वा पार्क बनेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत यह काम होगा। एक्वा पार्क के लिए हसदेव-बांगो डूबान अंतर्गत एतमानगर और सतरेंगा को चुना गया है। एक्वा पार्क में एतमानगर में फिड मिल, फिश प्रोसेसिंग प्लांट, हेचरी तथा रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम भी लगाई जाएगी। फिश प्रोसेसिंग यूनिट प्लांट में मछलियों को साफ-सुथरा कर मांस को पैकिंग, बोन को अलग करके उसका फिल्ले तैयार कर निर्यात किया जाएगा। हेचरी के माध्यम



से मछली बीज का उत्पादन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और जिला खनिज संस्थान न्यास के सहयोग से जिले के सरभोंका स्थित निमउकछार हसदेव जलाशय में लगभग 800 नग केज की स्थापना की गई है। जिसमें विस्थापित ग्रामों के 9 पंजीकृत सहकारी मछुआ समितियों के 160 सदस्यों का चयन किया गया। हसदेव बांगो जलाशय में प्रभावित परिवारों के आजीविका को ध्यान रखकर सभी सदस्यों को 5-5 केज दिये गये। केज के माध्यम से मछली पालन करने वाले ग्रामीणों को शुद्ध वार्षिक आमदनी 88 हजार की हुई। कई मछुआ समितियों को केज कल्चर से न सिर्फ रोजगार मिला है, उनकी आमदनी भी बढ़ी है। मछली पालन से लगभग 88 से 90 हजार रूपए मिले और इस पैसो का उपयोग घर बनाने से लेकर अन्य कार्यों में किया गया। मत्स्य विभाग के अधिकारी क्रांति कुमार बघेल ने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 1600 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन होता है। इस केज कल्चर से प्रतिदिन 70-80 लोगों को रोजगार मिल रहा है साथ ही साथ 15 से 20 पैगारों (चिल्हर विक्रेता) को भी प्रतिदिन मछली मिल रही है, केज कल्चर से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लोग लाभांवित हो रहे हैं। मछली का उत्पादन करने के लिए ग्रामीणों को ट्रेनिंग भी दी गई है ताकि वे उत्तम विधि से मछली पालन कर सके। उन्होंने बताया कि यहां पंगास (बासा) और तिलापिया मछली का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूएसए में भी तिलापिया प्रजाति के मछली का निर्यात किया गया है। आने वाले दिनों में भी इस मछली का निर्यात होगा।

### एक्वा टूरिज्म को देंगे बढ़ावा

कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि निमउकछार में मत्स्य पालन स्थल का दौरा करने के साथ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों-मछुवारों को रोजगार का अवसर प्राप्त होने से आर्थिक लाभ मिलने और केज के विस्तार के लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाएगा। लैण्डिग सेंटर, प्रोसेसिंग यूनिट, एक्वा पार्क विस्तार तथा एक्वा टूरिज्म को बढ़ावा भी दिया जाएगा।

**NECC**

| 19.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |
| डिलीवरी | 555 सैकड़ा | | |


दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA



















प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771